राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -

बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 187 • नई दिल्ली, शनिवार 14 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 थाना परिसर में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति ...

## इजराइल से 212 भारतीय यात्रियों की पहली फ्लाइट दिल्ली पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इजराइल से 212 यात्रियों को लेकर भारतीय विमान शुक्रवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा। यहां उतरने वाले सभी यात्रियों के चेहरे पर अपार खुशियां थी। किसी ने केंद्र सरकार का धन्यवाद कहा तो किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाए। वहीं एयरपोर्ट पर पहले से इंतजार कर रहे परिजनों का भी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। उनका कहना था कि इजराइल से सुरक्षित निकालकर भारत लाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। बता दे कि भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय चलाकर इजराइल में फंसे भारतीय को निकालने का संकल्प लिया है। शुक्रवार को ऑपरेशन अजय के तहत पहली फ्लाइट इजराइल से दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची है। स्वागत के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर एयरपोर्ट पर मौजूद थे. चन्द्रशेखर ने हाथ जोड़कर वापस आये भारतीयों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने छात्रों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने यात्रियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता अटूट है। उन्होंने कहा



कि प्रधानमंत्री मोदी उनकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होने कहा, हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, हमारे प्रधान मंत्री उनकी रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, विदेश मंत्रालय की टीम, इस विमान के चालक दल के आभारी हैं। इसे संभव बनाने के लिए, हमारे बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ रूप से घर वापस लाने और उनके प्रियजनों के पास वापस लाने के लिए एयर इंडिया की उड़ान।

सुरक्षित भारत पहुंचने की खुशी जाहिर करते हुए एक नागरिक ने बताया, यह पहली बार है कि हम वहां इस स्थिति का सामना कर रहे हैं। हमें वापस लाने के लिए हम भारत सरकार, खासकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत आभारी हैं। हम शांति की उम्मीद कर रहे हैं। जितनी जल्दी हो सके ताकि हम जल्द से जल्द काम पर वापस जा सकें... भारतीय यात्रियों का पहला जत्था गुरुवार को ऑपरेशन अजय के तहत तेल अवीव से भारत के लिए उड़ान में सवार हुआ। इस मौके पर इज़राइल में भारतीय राजदूत, संजीव सिंगला ने कहा कि इज़राइल में भारतीय दूतावास युद्धग्रस्त इज़राइल में भारतीय नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है और बताया कि ऑपरेशन अजय के तहत दूतावास उन भारतीयों की मदद करेगा जो चाहते हैं। उन्होंने कहा तेल अवीव में भारतीय दूतावास इज़राइल में हमारे सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहा है। इससे पहले गुरुवार को, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय हमारे उन नागरिकों की इज़राइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। करीब 18,000 भारतीय इजराइल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और यह चिंता का विषय है। भारतीयों को हमारे मिशन द्वारा जारी सलाह का पालन करने की सलाह दी गई है। इज़राइल में लगभग 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑपरेशन अजय शुरू किया गया था। भारतीयों का पंजीकरण गुरुवार से शुरू हो गया। इज़राइल में भारतीय दूतावास भारतीय कंपनियों को सहायता प्रदान कर रहा है और सहायता की आवश्यकता वाले भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में आईटी का छापा-गत्तों के अलग अलग बॉक्स में मिलें करोड़ो



**बेंगलुरु**। आयकर विभाग ने अलग अलग स्थानों पर छापे मारकर करोड़ों की बेशुमार संपत्ति बरामद की है। यहां ठेकेदार और कांग्रेस के पूर्व पार्षद सहित उसके रिश्तेदारों के यहां हुई छापामारी कार्रवाई में आयकर टीएम उस वक्त दंग रह गई जब गत्तों से बने अलग अलग बॉक्सेस में करोड़ों रुपए नगर भरे हुए मिले। आयकर विभाग ने पूर्व कांग्रेस पार्षद के आवास और उनके रिश्तेदारों के फ्लैट पर छापा मारा जहां कार्टन बक्सों में कैश बरामद हुए। आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा यह छापेमारी आरटी नगर में दो जगहों पर की गई। पूर्व पार्षद अश्वत्थम्मा के एक रिश्तेदार के फ्लैट से इन पैसों की बरामदगी हुई है। आरटी नगर के आत्मानंद कॉलोनी में गत्ते के बक्सों में पैक मिले करोड़ों रुपये अब आयकर विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिए है। इससे पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने मल्लेश्वरम, सदाशिव नगर, डॉलर्स कॉलोनी, मथिकेरे और सरजापुरा रोड सहित शहर के 10 से अधिक हिस्सों में ज्वैलर्स के घरों और कार्यालयों का दौरा किया और ज्वैलर्स के रिकॉर्ड की जांच की। विभाग के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह सोने के आभूषण विक्रेताओं पर इसी तरह की आईटी छापेमारी की थी।

### कोटवा में धावा दल ने तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया



**मोतिहारी** । अशोक वर्मा श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं प्रभारी श्रम अधीक्षक ज्योति सिंह के नेतृत्व मे कोटवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जिसका संचालन श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर प्रभारी कोटवा कीर्तिवर्धन कुमार सिंह द्वारा किया गया ! जाँच के क्रम में कोटवा प्रखंड के कुल -03 प्रतिष्ठानों क्रमशः चंपारण स्वीट्स, मंटू स्पेयर पार्ट्स एवं संध्या ऑटो सर्विस सेंटर से 1-1 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही प्रभारी श्रम अधीक्षक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा !बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। प्रभारी श्रम अधीक्षक द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर प्रभारी कोटवा कीर्तिवर्धन सिंह,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया आशुतोष झा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा विकास कुमार मिश्रा तथा कोटवा थाना के 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

### गिरफ्तारी के डर से यति नरसिंहानंद ने मांगी माफी, योगी के खिलाफ हुए थे मुखर

**लखनऊ**। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सख्त लहजा इस्तेमाल करते हुए मुखर होने वाले यति नरसिंहानंद ने आखिरकार माफी मांग ली है। उन्होंने पिंकी चौधरी मामले में प्रदर्शनकारियों का साथ देते हुए सीएम योगी के खिलाफ अनर्गल प्रलाप किया था। वीडियो वायरल होने के बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसे देखते हुए यति ने एक दूसरा वीडियो जारी कर माफी मांग ली है। गौरतलब है कि गाजियाबाद में 10 अक्टूबर को हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी के खिलाफ लगे गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर की धाराओं को हटाने की मांग को लेकर जिलाअधिकारी कार्यालय के समक्ष सैकड़ो समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था। उनका समर्थन डासना मंदिर से महंत मंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने भी किया था और एक सख्त बयान वाला वीडियो भी जारी किया था।

## दुख की बात है आतंकवाद पर दुनिया में अब तक आम सहमति नहीं बनी : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### P20 समिट संसदीय प्रथाओं का महाकुंभः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित जी 20 पार्लियामेंट्री स्पीकर समिट को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी कहा कि ये सम्मेलन एक प्रकार से दुनिया भर की अलग अलग पार्लियामेंट्री ज्ञान का महाकुंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। इस दौरान आतंकवाद का जिक्र कर पीएम मोदी ने कहा, ये सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें वैश्विक विकास के संकट को दूर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ता है। हमें विश्व को वन अर्थ, वन फैमिली और वन भावना के नजरिए से देखना होगा। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का सामना करता आ रहा है। इन आतंकियों ने देश के हजारों निर्दोष लोगों की जान ली है।

आतंवादियों ने करीब 20 साल पहले हमारी संसद को भी निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा है। आतंकियों की तैयारी सांसदों को बंधक बनाने और उन्हें खत्म करने की तैयारी थी। भारत इसतरह की अनेक आतंकी वारदातों से निपटते हुए यहां पहुंचा है। आतंकवाद की परिभाषा



को लेकर वैश्विक जगत की हिप्पोक्रेसी पर निशाना साधकर पीएम मोदी ने कहा, अब दुनिया को एहसास हुआ है कि आतंकवाद कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद चाहे कहीं भी होता है, किसी भी कारण से होता है, किसी भी रूप में होता है लेकिन आंतकवाद मानवता के विरुद्ध होता है, इसतरह के आतंकवाद को लेकर हम सभी को लगातार सख्ती दिखानी होगी। हालांकि इसका एक वैश्विक पक्ष और है, जिसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति नहीं बन पाना ये बहुत दुखद है। आज भी यूएन में इंटरनेशनल कंन्वेंशन इनकॉम्बेंटिंग टेररिज्म कांससेस का इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रख का फायदा मानवता के ये दुश्मन उठा रहे हैं। दुनियभार की संसदों को, प्रतिनिधियों को ये सोचना होगा कि आतंकवाद की इस लड़ाई हम कैसे मिलकर साथ काम करें। इस दौरान भारत के संसदीय लोकतंत्र का जिक्र कर पीएम मोदी ने कहा कि समय के साथ भारत की संसदीय प्रक्रियाओं में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ये प्रक्रियाएं और सशक्त हुई हैं और भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। वहीं प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया के अलग कोनों में आज जो कुछ भी घट रहा है उससे कोई अछूता नहीं रहा है। आज दुनिया संकटों से जूझ रही है और इन संकटों से भरी दुनिया किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौतियां हैं उनका समाधान एक बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती है। यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ चलने और साथ आगे बढ़ने का समय है. यह सबके विकास और कल्याण का समय है।

## कर्मचारियों के प्रमोशन पर कैबिनेट का फैसला

### मिल सकेगी बढ़ी सैलरी-सुविधाएं; SC-ST को कोटे में कोटा

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

बिहार में 7 साल से प्रमोशन की राह देखे रहे सरकारी कर्मचारियों को राहत मिली है। कर्मचारियों को अब कार्यकारी प्रभार मिलेगा। एक तरह से यह प्रमोशन ही है। कार्यकारी प्रभार मिलने के बाद अब उन्हें उसका वेतनमान और सुविधाएं मिलेंगी। पहले उनके पास प्रभार तो था, लेकिन वेतन और सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं। नीतीश कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया है। प्रदेश में 5 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी हैं। प्रमोशन का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबे समय से पेंडिंग है, इसलिए कार्यकारी प्रभार देने का फैसला लिया गया है। दुर्गा पूजा से पहले इसे राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए तोहफा माना जा रहा है। इसमें SC-ST कर्मियों को कोटे के अंदर कोटा दिया जाएगा। इसके लिए 17 फीसदी पद रिजर्व रखा जाएगा। इसमें SC वर्ग के कर्मियों के लिए 16 और ST वर्ग के कर्मियों के लिए एक फीसदी पद फ्रिज रखा जाएगा।

**इसको ऐसे समझें-** अगर किसी विभाग में 100 पदों पर प्रभा होना है, तो इसमें 17 पद एससी-एसटी के लिए फ्रीज कर दिया जाएगा। इसमें



किसी का प्रमोशन नहीं होगा। बाकी 83 पदों में से फिर 17 फीसदी सीट यानी 14 पद एससी-एसटी के लिए दिए जाएंगे। अगर इन 14 पदों के लिए एससी-एसटी का कर्मचारी नहीं मिलता है तो वे पद खाली रहेंगे। शेष 69 पदों पर सीनियरिटी के हिसाब से प्रमोशन मिलेगा।

**कैबिनेट के अन्य फैसले हैं -** सभी सरकारी डेंटल हॉस्पिटल में एकसमान एडमिशन फीस किए जाने पर कैबिनेट ने मंजूरी लगाई है। स्नातक और स्नातकोत्तर में नामांकन और अन्य शुल्क एकसमान किया गया है। आईजीआईएमएस पटना के आई डिपार्टमेंट में कुल 149 पोस्ट क्रिएट किए गए हैं। पद सृजन पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है। बिहार सरकार किसानों से धान खरीदेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रबी फसल के लिए कुल 8 हजार करोड़ अधिप्राप्ति से जुड़े संस्थाओं को कर्ज उपलब्ध कराई है।

## दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण मानने को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक

**हजारीबाग**। सदर थाना सभागार में सदर अंचल अधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुजा पंडालों के अध्यक्ष सचिव के अलावा शांति समिति सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए। शांति समिति की बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा पुजा समितियों को कई दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा दुर्गा पूजा के अवसर पर पुजा समितियों द्वारा अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सहमति जताई। मौके पर सदर अंचल



अधिकारी ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को मनाएं। उन्होंने पूजा और विसर्जन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी से दुर्गा पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास मन्नाने की बात कही। बताया कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है साथ ही उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के उत्सव में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सौहार्द को बिगाड़ने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार के कोई भी भड़काऊ गाने बजाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही। इसके अलावा पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाए जाने की पुजा समितियों से अपील किया। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी, लोहसिंघना थाना प्रभारी, बड़ा बाजार थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना प्रभारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोदी सरकार ने 1984 के दंगों के दोषियों को जेल भेजने की तैयारी शुरु की : शाह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख समुदाय के कल्याण और भलाई के लिए मोदी सरकार द्वारा कई गए कामों का जिक्र कर दावा किया है कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख बहनों और भाइयों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक काम किए हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने 1984 के दंगों का जिक्र कर कहा कि 1984 के दंगे को कोई व्यक्ति कभी भूल नहीं सकता है। इन दंगों में जब तक मोदी सरकार नहीं बनी थी, तब तक किसी को सजा नहीं हुई थी। कई जांच आयोग बने लेकिन परिणाम नहीं मिला, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी जांच के लिए एसआईटी बनाई, 300 मामलों को फिर से खोलकर जो दोषी थे उन्हें जेल भेजने की शुरुआत हुई। शाह ने बताया कि इतने सालों के बाद 1984 के दंगों के मामलों में 3328 पीड़ितों के प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए का मुआवजा देने का काम मोदी सरकार द्वारा ही किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिए पड़ोसी देशों के प्रताड़ित सिख बहनों-भाइयों को नागरिकता देने का रास्ता भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही खोला है।

## आइंस्टीन का सिद्धांत गलत, सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम ये बताने नहीं बैठे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में एक अजीबोगरीब याचिका दाखिल हुई। याचिका में डार्विन के प्राकृतिक चयन और जैविक विकास के सिद्धांत के साथ ही अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत को गलत बताया गया। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट से याचिका में मांग की गई कि डार्विनि और आइंस्टीन के सद्धिांत में सुधार किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर नाराजगी जताकर सुनवाई से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यहां न्यूटन या आइंस्टीन को गलत साबित करने के लिए नहीं बैठे हैं। बेहतर होगा कि याचिकाकर्ता अपना सिद्धांत खुद प्रतिपादित करें। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करना चाहता है कि डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत और आइंस्टीन के समीकरण गलत हैं और वह उक्त उद्देश्य के लिए एक मंच चाहता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि यह उसका विश्वास है, तब वह अपने विश्वास



का प्रचार कर सकते है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर तर्क दिया कि मैंने स्कूल और कॉलेज के समय में पढ़ाई की है और आज मैं कहता हूं कि मैंने जो कुछ भी पढ़ा वह गलत था। इस पर, न्यायमूर्ति कौल ने जवाब दिया कि तब आप सुधर जाइए आपका सिद्धांत, इसमें सुप्रीम कोर्ट को क्या करना चाहिए।

**स्वच्छता** | विश्व कप में भारत की जीत के लिए गंगा द्वारा से शंखनाद

## भारत की जीत के लिए आरती उतारकर मां गंगा और बाबा विश्वनाथ से मांगा आशीर्वाद

**वाराणसी**। नित्य प्रति गंगा स्वच्छता को प्रेरित करती नमामि गंगे टीम ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वारा से विश्व कप क्रिकेट में पाकिस्तान टीम पर भारतीय टीम की जीत के लिए आरती उतारी। भारत माता की तस्वीर, क्रिकेट किट, बैट, हेलमेट, पैड, ग्लव्स इत्यादि लेकर राष्ट्रध्वज के साथ नमामि गंगे टीम ने गंगा द्वार से पाकिस्तान पर भारतीय टीम की जीत का शंखनाद किया।भारत माता की जय, चक दे इंडिया, जीतेगा भाई जीतेगा, हिंदुस्तान जीतेगा के गगन भेदी उद्घोष से गंगा द्वारा ललिता घाट का परिसर गूंज उठा।नमामि



गंगे के सदस्यों के साथ सैकड़ो माताओं ,बहनों , बुजुर्गों, युवाओं ने मिलकर टीम इंडिया के लिए प्रार्थना की।राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी रहे।नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि क्रिकेट भारतीयों का प्रिय खेल है।भारतीय क्रिकेट टीम ने दो बार विश्व कप जीता है।शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को हराकर आगे बढ़े इसके लिए हमने मां गंगा और बाबा विश्वनाथ की आरती उतार कर आशीर्वाद मांगा है।135 करोड़ भारतीयों की आशा और निगाहें भारतीय क्रिकेट टीम पर है।भारतीय क्रिकेट टीम विजेता हो देवाधिदेव महादेव और मां गंगा से आशीर्वाद की कामना है।आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला,महानगर सहसंयोजक सारिका गुप्ता, संजय अग्रहरी,सुमन यादव, अनीता नागर,राजकुमार यादव, महादेव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### फारबिसगंज अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में मुन्सिफ़ व सब जज न्यायालय का विधिवत उद्घाटन 4 को

**फारबिसगंज।** फारबिसगंज अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में मुन्सिफ़ व सब जज न्यायालय का विधिवत उद्घाटन इंस्पेक्टिंग जज चन्द्र प्रकाश सिंह 04 नवंबर को करेंगे।

### सभी पंचायत में 16 अक्टूबर को अयोजित किया जाएगा पेंशन दिवस

**अररिया।** निदेशालय, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना के दिशा निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अररिया जिला को दिनांक 16.10.2023 को सभी पंचायत में पेंशन दिवस आयोजन करने हेतु निदेश दिया गया है। इस दिवस को इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना एवं बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के पेंशनधारियों अपनी-अपनी समस्याओं का सामाधान हेतु अपने प्रखण्ड के पंचायत भवन पर पहुँच कर करा सकते है। इस हेतु पेंशनधारी अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि अवश्य साथ लेकर आए। वहीं अक्टूबर 2023 के उपरांत प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर एवं जनवरी माह के तीसरे सोमवार को सभी पंचायत/वार्ड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) में पेंशन दिवस आयोजित किया जायेगा।

### वॉक फॉर फ्रीडम-2023 कार्यक्रम आज

**मधेपुरा।** द मूवमेंट इंडिया' (विजन रेस्क्यू की स्वयंसेवी शाखा) और न्याय नेटवर्क सहयोगी संस्था जस्टिस वेंचर्स इंडिया के तत्वावधान में शनिवार को वॉक फॉर फ्रीडम-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रधानाचार्य डॉ. के. पी. यादव एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि पदयात्रा रूट टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा के प्रांगण से होकर बस स्टैंड चौराहा के गोल चक्कर होते हुए टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा के प्रांगण में ही खत्म होगी। तदुपरांत प्रमाण पत्र वितरण समारोह होगा। इसमें मुख्य रूप से विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, डीएसपी अमरकांत चौबे, अधीक्षक सतीश कुमार, भगवानजी पाठक एवं न्याय नेटवर्क के मो. जाहिद हुसैन सहित इसमें जिला प्रशासन के पदाधिकारी, पारा विधिक स्वयंसेवक, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं आम लोग भाग लेंगे।

### जयनगर के फरदाही में लाखों की हुए चोरी, मामला दर्ज



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर थाना क्षेत्र के बस्ती पंचायत के फरदाही गांव के वार्ड नंबर 11 में की रात अज्ञात चोरों ने एक घर के तीन कमरे का ताला तोड़ कर लाखों रुपए की संपत्ति चोरी की घटना को अंजाम दिया ।गृहस्वामी राम कुमार सिंह ने बताया कि घर के सभी लोग अपने कमरें में सो रहे थे। रात्री करीब दो बजे शौच करने निकलने के बाद पुनः अपने कमरे में जाने पर कमरें का ताला टूटा हुआ पाया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर ने तीन कमरे का ताला तोड़ कर आलमीरा में रखे लाखों रुपये का जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर लिया। गृहस्वामी ने बताया कि चोर के द्वारा घर में रखे जेवरात, पीतल का बर्तन एवं अन्य सामान को घर के पीछे के रास्तें लेकर फरार हो गया। चोर के द्वारा पुत्रवधू का बंद कमरे में रखे जेबरात एवं पीतल का बर्तन व नगद समेत अन्य सामानों की चोरी किया। हालांकि इस घटना के अलावे उसी मुहल्ला के चार अन्य घरों में चोर ने चोरी करने के उद्देश्य से घर में प्रवेश कर घर का ताला तोड़ा। लेकिन इन सभी घरों में चोर को खाली हाथ लगे। इन रविन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह एवं शिक्षक अरुण कुमार सिंह शामिल हैं। लेकिन चोर को इन जगहों पर कुछ हाथ नहीं लगा।घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर गृहस्वामी में मिल कर पूछताछ की। इस संदर्भ में एसडीपीओ विप्लव कुमार ने बताया कि गृहस्वामी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज हेतु थाने में आवेदन दिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस अनुसंधान कर रही है उन्होंने बताया कि गृहस्वामी ने 40 हजार रुपये नगद एवं कुछ आभुषण चोरी का मामला दर्ज कराया है। आपको बता दें बीते सोमवार को थाना क्षेत्र के गोबराही गांव में अज्ञात चोरों ने इसी तरह की चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दो घरों का ताला तोड़ कर लाखों रुपए का जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर लिया।

# डॉ. राममनोहर लोहिया प्रतिभा संवर्धन एवं उत्प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन



**मधेपुरा।** आजादी के बाद हमारी जनसंख्या काफी बढ़ गई है। लेकिन उस अनुपात में रोजगार के अवसर नहीं बढ़े हैं। ऐसे में आपसी प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है और बगैर कठिन परिश्रम एवं लगन के सफलता प्राप्त करना मुश्किल है। यह बात बीएनएमयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने कही। वे शुक्रवार को विश्वविद्यालय शिक्षाशास्त्र विभाग में आयोजित डॉ. राममनोहर लोहिया प्रतिभा संवर्धन एवं उत्प्रेरण कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। इसमें विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि सरकार सामाजिक न्याय एवं लोक कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। हम सबों को आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य उनके अपने हाथों में है। विद्यार्थी को स्वयं मेहनत करके अपना कैरियर बनाना है और समाज के विकास में भी योगदान देना है।

**ज्ञान ही है सबसे बड़ी ताकतः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. राजीव कुमार मल्लिक ने कहा कि वर्तमान युग ज्ञान का युग है। आज ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है। अपने ज्ञान के बल पर हम जीवन में कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान हमेशा हमारे काम आता है। यदि हम आज ज्ञान प्राप्त करेंगे, तो वह हमें वह आपको जीवनभर काम देगा। जो लोग विद्यार्थी जीवन में परिश्रम करते हैं, वे जीवनभर सुखी रहते हैं। इसके विपरित जो विद्यार्थी जीवन में लापरवाही बरतते हैं, उन्हें जीवनभर समस्याओं से जूझना पड़ता है।

**सरकार चला रही है कई योजनाएंः** मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने कहा कि मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा में जननायक कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावस, शिवनंदन प्रसाद मंडल +2 विद्यालय में पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास और मुरलीगंज में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय संचालित है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख रुपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना में बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मुख्य परीक्षा के तैयारी के लिए पचास हजार रुपए दिया जाता है। पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए वर्तमान में मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना, परीक्षा शुल्क योजना चल रही है। विशिष्ट अतिथि कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने बताया कि बीएनएमयू कैम्पस में निः शुल्क प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। इसमें एसएससी, रेलवे एवं बैंकिंग और बीपीएससी की तैयारी कराई जाती है। लेकिन दुख की बात है कि इसमें नामांकित विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में नहीं आ रहे हैं।

**31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रितः** उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बीएनएमयू में मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र संचालित है। इसमें नेट, गेट, जेआरएफ, पीएच. डी. आदि परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पर्व निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है। इसके लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अतिथियों का स्वागत एम. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रधारी यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन एम. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. शैलेश यादव, डॉ. शिवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राम सिंह यादव, रॉबिन्स कुमार, डॉ. वीर बहादुर यादव, डॉ. पवन कुमार, डॉ. माधुरी कुमारी, संतोष कुमार, डॉ. रूपा कुमारी, मो. तौकीर आलम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आरुषि भारद्वाज, रानी कुमारी, सोनू कुमारी, प्रीति पूजा, काजल कुमारी, सोनम गुप्ता, प्रीति भारती, नीति कुमारी, नंदनी कुमारी, ज्योति कुमारी, रिमूव कुमारी, नीतू कुमारी, प्यारी कुमारी, राधा कुमारी, विवाह कुमारी नीतू कुमारी, शिवानी कुमारी, कादम्बिनी कुमारी, पारो कुमारी, मौसम कुमारी, स्वाति कुमारी, चंदा कुमारी, सुष्मिता कुमारी, मनीषा, रवि शंकर कुमार, प्रशांत कुमार, प्रेम राज, पिंटू कुमार, मो. मुस्ताक, नीतीश कुमार, नंदू , शुभंकर कुमार, सुशील कुमार, राजकुमार ,अमरदीप कुमार, नवल कुमार, पप्पू कुमार, माधव आनंद, चंद्र किशोर, भावेश कुमार, शिव कुमार, ऋतुराज, दिवाकर कुमार, रोशन कुमार मंटू कुमार सौरभ कुमार, गौरव कुमार, रंजन कुमार, मिंटू कुमार, अमोद कुमार कामत, ओमप्रकाश कुमार, अभिषेक कुमार, अक्षय कुमार फर्ज हाशमी आदि उपस्थित थे।

### कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के द्वारा जूम एप के माध्यम से 54 प्रगतिशील कृषकों से की बातें



**अररिया।** किसानो की बात कृषि मंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन आज बामेती बिहार पटना से माननीय कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के द्वारा जूम एप के माध्यम से किसानों से सीधे वार्तालाप किया गया। अररिया जिला अंतर्गत संयुक्त कृषि भवन अररिया में इस जिले के सभी प्रखंडों से कुल 54 प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिए। माननीय मंत्री द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया रवि मौसम में किसान मोटे अनाज एवं दलहनी और तेलहनी फसलों को अपने खेतों में प्राथमिकता के आधार पर स्थान दें क्योंकि इन फसलों का बाजार में बहुत मांग है। इससे किसानों अधिक लाभ होगा। वहीं माननीय मंत्री द्वारा जुम एप के माध्यम से जुड़े सभी जिलों के किसानों से सुझाव भी प्राप्त किए। इसी कड़ी में अररिया जिले के किसानों द्वारा मखाना के फसल उत्पादन के समय कम मूल्य मिलने और कुछ दिनों के बाद अधिक मूल्य मिलने की बात कही गई। इस पर कृषि निदेशक बिहार पटना द्वारा किसानों को बताया गया कि बहुत जल्द मखाना कृषकों के लिए गोदाम अनुदानित दर पर निर्माण करने हेतु कृषि विभाग में योजना लेकर आ रहे हैं। इससे किसान अपने मखना को कुछ दिन गोदाम में रखेंगे और जब उचित रेट मिले तब मखाना की बिक्री कर सकेंगे। उसके बाद माननीय मंत्री द्वारा किसानों की बात कृषि मंत्री के साथ कार्यक्रम को समाप्त करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी होता रहेगा। किसानों की जो भी समस्या होगी उसका निदान किया जायेगा।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

### द्वितीय एवं तृतीय चरण का भव्य उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी सुश्री डेजी रानी ने की



**पूर्णियां।** जिला स्कूल के इतिहासिक खेल मैदान में शुक्रवार से पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण की शुरुआत सिनियर डिप्टी कलेक्टर सह जिला खेल पदाधिकारी महोदया सुश्री डेजी रानी, श्रीमति स्वाति वैश्यंत्री एवं जिला स्कूल पूणिया के प्रभारी प्राचार्य दिवाकांत झा ने की। सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी महोदया सुश्री डेजी रानी ने पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी को शुक्रिया अदा किया और उन्होंने कहा कि पनोरमा ग्रुप के द्वारा खेलों के क्षेत्र में बहुत सुंदर कार्य कर रहे हैं। समय सीमा के अंदर जिला स्कूल खेल मैदान परिसर को बेहतरीन बना दिये हैं। सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी महोदया सुश्री डेजी रानी ने खिलाड़ियों, विभिन्न खेलों के पदाधिकारियों, उपस्थित खेल प्रेमियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल कीक एवं क्रिकेट के बल्लेबाजी एवं बैलून उड़ाकर विधिवत उद्घाटन की। उद्घाटन मैच सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल बनाम सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस अवसर पर पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, श्री मिथिलेश राय, मो नैयर अली, अब्बू आलम, एस एस चटर्जी नटू दा, एस एस सिंह गुड्डु, मो मंजर मोहशिम, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, बिमल मुकेश, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, राधव ठाकुर, प्रमोद पंसारी, रितेश कुमार झा, पवन कुमार, कुंदन कुमार, अनमोल कुमार, आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे।समाचार प्रेषण तक खेल जारी हीं था।

### सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला आज



**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत लागू सीबीसीएस प्रणाली को केंद्र में रखकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव करेंगे और मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला प्रधानाचार्यों की बैठक में कुलपति द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य सीबीसीएस को सफल बनाना और इसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि कार्यशाला में विशेष रूप से राजभवन द्वारा जारी चार वर्षीय स्नातक (सीबीसीएस) पाठ्यक्रम और परीक्षा कैलेण्डर की जानकारी दी जाएगी। इसमें महाविद्यालय के सभी नियमित एवं अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### पूरे समय कार्यालय में रहने का निदेश जारी



**मधेपुरा।** विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को ससमय अपने कार्यालय/ संस्थान में पहुँचना सुनिश्चित करने और निर्धारित कार्यावधि में कार्यालय /संस्थान में अपनी उपस्थिति बनाए रखने का निदेश दिया गया है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। इसकी प्रति सभी संबंधितों के अलावा प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार और सचिव, शिक्षा विभाग को भी प्रेषित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कार्यावधि में कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार का क्रय-विक्रय के मामले में घुरना पुलिस के हत्थे चढ़ा दो अग्नेयास्त्र स्पलायर



**अररिया/प्रदीप कुमार झा।** जिले के घुरना ओ० पी० अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि घुरना ओ० पी० क्षेत्र अंतर्गत महेश पट्टी काली मंदिर के पास अवैध हथियार का क्रय-विक्रय होने वाला है। इस सूचना पर ओ० पी० अध्यक्ष घुरना द्वारा एस० एस० बी० के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए महेश पट्टी पुल के पास से एक व्यक्ति को नीला रंग के पीठू बैग के साथ पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्ति का नाम - (1) विकास कुमार, पिता- जागेश्वर पासवान, सा०- महेश पट्टी, वार्ड नं - 09, थाना- घुरना ओ० पी०, जिला - अररिया है। पकड़ाए व्यक्ति की तलाशी लेने पर इनके कमर से 02 पिस्टल एवम 07 जिंदा कारतूस (मैगजीन में लोड) पाया गया तथा इनके पिट्ठू बैग से 02 मैगजीन व 20 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद हथियार के संबंध में इनके द्वारा बताया गया कि सभी बरामद हथियार एवं कारतूस (2) अनिश कुमार, पिता लक्ष्मी नारायण पासवान, सा०- महेश पट्टी, वार्ड नं - 08, थाना - घुरना ओ० पी०, जिला- अररिया का है। गिरफ्तार अभियुक्त के बयान एवम निशानदेही पर अनीश कुमार को भी तत्पश्चात गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में नरपतगंज (घुरना ओ० पी०) थाना कांड संख्या - 591 /23, दिनांक - 12/10/23, धारा-25 / ( 1-बी) / 26 / 35 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### शराब तस्करों के विरुद्ध जोकीहाट थाना की बड़ी कार्रवाई



**जोकीहाट /सिमराहा।** जिले के दो अलग अलग थानों में पुलिस को जबरदस्त सफ़लता मिली है।जोकीहाट पुलिस ने 236 लीटर विदेशी शराब लदी पिकअप वाहन के साथ 02 तस्करों को गिरफ्तार किया। वहीं सिमराहा ओ० पी० पुलिस द्वारा फारबिसगंज (सिमराहा ओ०पी०) थाना कांड संख्या - 860/21, की अपहृता आरती देवी,पति - मंटू बहरदार, सा० - जगताखरसाही, थाना-रानीगंज,जिला - अररिया को सकुशल बरामद किया गया ।

सेमिनार | श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के कुलपति डा. अशोक कुमार ने किया सेमिनार का उद्घाटन

## मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में नई शिक्षा नीति पर नौ दिवसीय सेमिनार प्रारंभ



**मधेपुरा।** बिहार सहित पूरे देश में लागू की गयी नई शिक्षा नीति अंतर्गत सभी कालेज शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ सभी छात्र छात्राओं को भी पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से मधेपुरा कालेज मधेपुरा के बिन्देश्वरी बाबू सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया।मधेपुरा कालेज मधेपुरा के संस्थापक पूर्व प्राचार्य सह श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के माननीय कुलपति डा.अशोक कुमार एवं मधेपुरा कालेज मधेपुरा के उपाचार्य डा.भगवान कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन किये।यह सेमिनार आगामी 20 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर कुलपति डा. अशोक कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं के लिए रोजपरक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं समेस्टर प्रणाली के तहत संचालित की जाएंगी।प्रति समेस्टर 6 महीने का होगा।जबकि चार वर्षीय स्नातक स्तरीय कोर्स में नामांकित छात्र छात्राओं को प्रति समेस्टर कुल 600 अंकों की पढ़ाई करनी पड़ेगी। विश्वविद्यालय द्वारा समेस्टर सिस्टम के तहत प्रति विषय के 100 अंक में से 70 अंक की परीक्षा ली जाएगी। जबकि महाविद्यालय स्तर से 100 अंक में से 30 अंक की परीक्षा 3-3 महीने पर सतत आंतरिक मूल्यांकन कार्य के जरिये ली जाएगी। सेमिनार के प्रथम दिन सभागार में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित उपस्थित छात्र छात्राओं को भी नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों को लेकर तैयार की गयी समेस्टर प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गयी।बाद में प्रति समेस्टर अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जाने वाले सतत आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए)कार्य के संबंध में जानकारी दी गयी। जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश मंडल, दर्शनशास्त्र विभाग के शिक्षक डा.कामेश्वर यादव, गणित विभाग के शिक्षक प्रो.अरविन्द कुमार एवं प्रो. सोनी सहाय ने मामले को स्पष्ट करते कहा कि नामांकित छात्र छात्राओं को सीआईए अंतर्गत कुल 30 अंक में जहां महाविद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थिति के जरिये पांच अंक प्राप्त होंगे।वहीं 10 अंक सेमिनार, क्विज, प्रजेंटेशन और एसाइनमेंट के जरिये प्राप्त होंगे।जबकि 15 अंक में 5 अंक वस्तुनिषठ प्रश्न के जरिये और 10 अंक सैद्धांतिक परीक्षा के आधार पर प्राप्त होंगे। सेमिनार में महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से जानकारी देते कहा गया कि नई शिक्षा नीति के तहत वर्तमान में स्नातक प्रथम वर्ष में नामांकन लेने वाले छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 2 से 6 नवम्बर के बीच आयोजित की जाने वाली प्रथम समेस्टर के सीआईए परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।सेमिनार में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ छात्र छात्राएं भी उपस्थित थीं।

# पत्रकार प्रभात सिंह की मां दिवंगत विभा सिंह के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए संजय मिश्रा



**भरगामा ।** प्रखण्ड अंतर्गत पत्रकार प्रभात सिंह की मां दिवंगत विभा सिंह के निधन के उपरांत अंतिम कार्यक्रम संपिंडन सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पत्रकारों और समाजसेवियों की ओर से श्रद्धांजलि और संवेदना व्यक्त की गई।मौके पर एस डी एम ग्रुप के डायरेक्टर समाजसेवी संजय मिश्रा द्वारा परलोकवासिनी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।श्री मिश्रा ने कहा दिवंगत विभा सिंह के निधन से हमारे जिले में गहरा शोक हुआ है और हम उनके योगदान और समाज सेवा की भावना को सलामी देते हैं।साथ ही इस दुखद समय में, हम उनके परिवार के सभी सदस्यों के प्रति हमारी गहरी संवेदना हैं और उनके साथ खड़े हैं। हम उनकी आत्मा को शांति और शोक संतृप्त परिजनों के प्रति मेरा सहानुभूति है। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने स्थानीय लोगों के अलावे अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पुनि सह थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, बीडीओ शशिभूषण सुमन, चिकित्सा प्रभारी संतोष कुमार, फ्रेण्डस आफ आनंद मोहन के अध्यक्ष अजय अकेला सहित उनसे जुड़े लोगों एवं उनके शुभचिन्तकों ने उनके भरगामा स्थित आवास पर पहुंचकर शोक प्रकट करते हुए शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दिया । साथ ही इनलोगों ने कहा कि वे समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत थी । इनके असामयिक निधन से पुरा प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। संपीदन के मौके पर श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना प्रकट करने वालों मे भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,भाजपा के पूर्वमंडलअध्यक्षस। ,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बबलू रजक, बजरंग दल अध्यक्ष राकेश रंजन परिहार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, प्रखंड प्रवक्ता संजय मिश्र, दिलीप कुमार सिंह,गजेंद्र यादव, जिला पार्षद सत्यनारायण यादव, नवल किशोर राही, पत्रकार फुलेन्दर मलिक,मिन्टू सिंह,पवन सिंह,संतोष सिंह, मोहन साह, पिंटू सिंह, पूर्व समिति गयानंद सिंह आदि ने शामिल होकर दिवंगत के तेल चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।

## ख़ास ख़बर

### आज कई फिडरो में बिजली रहेगी बाधित

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली:प्रखंड क्षेत्र के नगर सहित मझारी, थरिया एवं कुनौली फिडर में शनिवार को मेंटेनेंस कार्य कराया जाएगा। जिसको लेकर नगर में 6 से 9 बजे और 9 से 11 बजे तक बिजली सेवा गुल रहेगी। इसके अलावे मझारी व फिटर में 8 बजे से 10 बजे, कुनौली फिडर में 6 बजे से 11 बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। जेई नीरज कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्दे नजर प्रखंड क्षेत्र में बेहतर बिजली सेवा बहाल रखने के लिए क्षेत्र में शनिवार को मेंटेनेंस कार्य कराया जाएगा। जिसको लेकर अलग अलग समय में बिजली सेवा बाधित रहेगी।

### बिजली बिल सुधार को ले लगेगा शिविर

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले के निर्मली प्रखंड में बिजली विभाग द्वारा अनुमंडल क्षेत्र के दोनो प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बिजली बिल सुधार को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें उपभोक्ता द्वारा दिए गए आवेदन पर उसकी जांच कर बिजली विभाग के द्वारा बिल में सुधार किया जायेगा। एई ई पिंटू कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को अनुमंडल के निर्मली व मरौना प्रखंड क्षेत्र से जुड़े प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं को बिजली बिल व बिजली आपूर्ति संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हो, तो वे शिविर में जाकर आवेदन दे। शिविर में उपस्थित अधिकारी ऑन द स्पॉट समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### आंगनवाड़ी सेविकाओं का 14वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**। जिले के पिपरा प्रखंड स्थित वाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने शुक्रवार को सैकड़ों की संख्यां में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने धरना देकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान सेविकाओं ने जोर जोर से कहा 6 हजार में दम नहीं 25 हजार से कम नहीं, इन्हीं सब मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 14 वें दिन भी जारी है। बिहार राज्य आंगन वाड़ी संयुक्त मोर्चा समिति के बैनर तले धरना में शामिल सेविकाओं का कहना था कि जब तक सरकार द्वारा उनकी मांगों को नहीं मान लिया जाता उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।कहा की पिछले 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुई है जो आगे भी जारी रहेगी। कहा कि सरकार द्वारा उन्हें मात्र 6 हजार रुपया दिया जा रहा है। जिससे उसकी रोजी-रोटी भी नहीं चल पा रही है। न्यूनतम मजदूरी के तौर पर भी उन्हें राशि नहीं दिया जा रहा है। कहा कि इन्हीं सब मुद्दों को लेकर तमाम आंगन वाड़ी सेविका सहायिका अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर हैं। जब तक सरकार द्वारा उनके मांगों को नहीं माना जाता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान सेविकाओं ने रैली निकाल कर बाजार के बिबिन्न मार्गो का भ्रमण किया। वहीं प्रदर्शन में संगीता मंडल,सुलोचना कुमारी,गीता कुमारी, अनिता कुमारी,ललिता कुमारी,सरिता कुमारी,सुनीता कुमारी,गोरी देवी,रीना देवी सहित सैकड़ों सेविकाओं मोजूद थे।

### पीएम आवास लाभुक के विवादित भूमि का किया निपटारा



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली: प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ वेश्म में शुक्रवार को पीएम आवास योजना के तहत हरियाही पंचायत के वार्ड 9 में चल रहे विवाद का निपटारा कर भवन निर्माण कराने का आदेश दिया है। बीडीओ मो.जफरुद्दीन ने बताया की हरियाही पंचायत के वार्ड 9 में लाभुक सत्तन मंडल को पीएम आवास योजना के तहत राशि उठाव कर आवास निर्माण नही की जा रही थी। जिसको लेकर निरक्षण व कार्रवाई के लिए गया तो जानकारी प्राप्त हुआ की भाई में भूमि विवाद के कारण आवास निर्माण कार्य में देरी हो रही थी। जिसको लेकर सभी भाइयों को प्रखंड कार्यालय बुलाकर सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार के मौजूदगी में सभी भाइयों के बीच भूमि विवाद का निपटारा किया गया। सभी भाइयों के सहमति से तय हुआ की भूमि का मापी कर प्लॉट के दोनो तरफ सभी बराबर भूमि के हकदार होंगे। वहीं भूमि में बढ़ोतरी होने पर सभी भाई आपस में समंजस कर लेंगे। बाधित कार्य को लेकर पीएम आवास लाभुक सत्तन मंडल को अभिलंब कार्य प्रारंभ कर अधतन रिपोर्ट कार्यालय को समर्पित करे। अन्यथा लाभुक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टर के चेम्बर में आधे घंटे तक बैठे रहे एमआर**

# रोगी अपनी बारी के इंतजार में खड़े रहे, बाहर होता रहा हंगामा

**एक संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल**। जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के अनुमंडल अस्पताल में केवल भवन नये बन गए हैं व्यवस्थाएं पुरानी ही है। 13 अगस्त को डीएम ने औपचारिक तौर पर 14.20 करोड़ की लागत से बने अनुमंडल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन किया था और अपने सम्बोधन में कहा था कि अस्पताल में रोगियों की बेहतर उपचार की जाएगी और चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी। अस्पताल में दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल के उद्घाटन को दो माह होने को हैं लेकिन अबतक ना तो स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरी है और ना ही दवा रोगियों को मिलता है। अस्पताल के चिकित्सक ओपीडी के समय रोगियों को छोड़कर बंद कमरे में विभिन्न दवाओं की कंपनियों के प्रतिनिधि से बातचीत में लगे रहते है वही दुसरी ओर रोगी चिकित्सक के चेम्बर के बाहर अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं। अस्पताल में आनेवाले रोगियों को बाहर के दूकानदार के हिसाब से दवाएं लिखी जाती है। गुरूवार को अनुमंडल अस्पताल के ओपीडी में डा0 प्रीतम कुमार अपने ओपीडी कक्ष में लगभग आधे घंटे तक जिप्सम फार्मा कंपनी के एमआर राजीव कुमार के साथ बैठे रहे जिससे कक्ष के बाहर रोगियों की कतार लगी रही बाद में कतार में लगे रोगियों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया।इस हंगामे के बाद अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डा0 मनोज कुमार झा मौके पर पहुंचकर रोगियों को समझा बुझा कर मामला शांत करवाया। हालाकि इस सम्बन्ध में ज़ब जिप्सम फार्मा कंपनी के एमआर राजीव कुमार से पूछा गया तो उनका कहना था कि डॉक्टर साहब ने मुझे अस्पताल में बुलाया था. हालाकि डॉक्टर प्रीतम कुमार का कहना था कि मैंने किसी एमआर को नहीं बुलाया है। वही दूसरी ओर बबुआन पंचायत के वार्ड 06 से आये अबू तलाह ने बताया कि मुफ्त में दवा और बेहतर चिकित्सा के लिए अनुमंडल अस्पताल में प्रसव के लिए मैंने अपनी पत्नी को को लाया है लेकिन यहाँ पानी की बोतल जो डिलेवरी के दौरान चढ़ाई जाती है को छोड़कर



कोई भी दवा अस्पताल के द्वारा नहीं दी गई। सभी दवा अस्पताल के बाहर दूकान से खरीदना पड़ा है। इधर बुधवार को सीतापुर वार्ड 11 से प्रसव के लिए अपनी पोताहू को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे विजय राम ने बताया कि प्रसव तो हो गया लेकिन डॉक्टर के द्वारा लिखी गई एक भी दवा अस्पताल से नहीं मिली है सभी दवा बाहर के दुकान से लेना पड़ा है। अस्पताल में दवा नहीं मिलने से परेशानी होती है और गरीबो के जेब पर इसका असर होता है। उक्त दोनों ही मामलों में गुरूवार के दिन अस्पताल में हंगामा होता रहा जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि भी लोगों की सुचना पर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अभय कुमार जैन ने कहा कि मै ज़ब डा प्रीतम कुमार के चेम्बर में गया तो पाया कि एमआर बैठा हुआ था। डॉक्टर साहब अनभिज्ञता जाहिर कर रहे थे और एमआर को नहीं पहचानने की बात बता रहे थे जबकि एमआर का कहना था कि डॉक्टर ने ही उन्हें बुलाया था. जिसके बाद काफ़ी हो हंगामा होने लगा।इसी दौरान डा प्रीतम आक्रोशित हो गए. सभी को चेम्बर से बाहर निकलने को कहा। नगर मण्डल अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि सरकारी अस्पताल में और वो भी ओपीडी के समय रोगियों का इलाज को छोड़कर एमआर को समय देना नियमानुकूल नहीं है. इसके लिए ठोस कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओ को अनुमंडल अस्पताल आशा कार्यकर्त्ता के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से मात्र पहुंचाने कि बात होती है लेकिन यहाँ तो आशा कार्यकर्त्ता और अस्पताल परिसर के दवा दूकानदार व जांच क्लिनिक के दलाल रोगी और उसके परिजनों पर गिद्ध की नजर से खड़े रहते हैं और लिखें गए पुर्जे पर झापट्टा मार कर लेकर चले जाते हैं। फरमाशिस्ट समीर कुमार ने बताया कि सभी प्रकार की दवाइयां अस्पताल में मौजूद है लेकिन चिकित्सकों के द्वारा कंपोजीसन ना लिखकर दवा का नाम लिखा जाता है इसलिए रोगी या परिजन बाहरी दवा लेते हैं। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर सिविल सर्जन डा0 ललन ठाकुर ने कहा कि पुरे मामले की जांच के लिए उन्होंने अस्पताल के चिकित्सक डा0शैलेन्द्र दीपक से बात कर ली है कि आखिरकार किस परिस्थिति में इस अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अस्पताल में दवा रहने के वावजूद भी बाहर की दवाइयां लिखते हैं। हलाकि ज़ब डा0 शैलेन्द्र दीपक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो वें अस्पताल से नदारद दिखे।

## आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का आंदोलन 15 वॉ दिन भी रहा जारी

**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**। जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी यूनियन के आह्वान पर 29 सितम्बर से चल रहे चरणवध आंदोलन के पन्द्ररवे दीन प्रखंड क्षेत्र के बिभिन्न आँगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका ने अपने मांगो के समर्थन मे शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर मे केंद्र सरकार व राज्य सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकला। गौरतलव हो की 29 सितम्बर से सम्पूर्ण भारत वर्ष के आँगनबाड़ी केंद्र की सेबीका सहायिका बिभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहकर लगातार अपने मांगो के समर्थन मे चरणवध आंदोलन तहत आवाजें बुलंद कर रही है। जानकारी देते आँगनबाड़ी सेबीका संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा की संघ के आह्वान पर चरणवध आंदोलन के पहली कड़ी मे 29 सितम्बर से 13 अक्टूबर तक प्रखंड मुख्यालय मे धरना कार्यक्रम का आज अंतिम समय था, अगले कड़ी मे 15 अक्टूबर से 24अक्टूबर तक का समय संघ के प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य एवं लोक सभा सदस्य से मिलकर मांग पत्र सोपेंगे। वहीं आंदोलन के तीसरे कड़ी मे दो नबम्बर से जिला





मुख्यालय मे पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित की गयी है। अध्यक्ष ने बताया की इसके बाद भी अगर सरकार उनके मांगो को नही मानी तो 20 नबम्बर से अनिश्चित कालीन बिधानसभा पर घेरा डालो डेरा डालो धरना कार्यक्रम आयोजित होगी। अध्यक्ष ने कहा की जबतक सरकार मांदेह को हटाकर बेतनमान लागू नही करती हमलोग अपने अपने चट्टानी एकता तहत लड़ाई लड़ते रहेंगे। प्रखंड धरना कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रीति कुमारी,फुल कुमारी, हेमलता वर्मा , गीता कुमारी, ललिता कुमारी, मनोरमा कुमारी, मीणा कुमारी,रूपम कुमारी,मंजू कुमारी,रेखा कुमारी, रिंकू कुमारी, माला देवी चंदा कुमारी सहित सेकड़ो के संख्या मे सेबीका, सहायिका मौजूद थी।

## शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पहुंचे पिपरा के बसहा



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**। जिले में पिपरा प्रखंड के बसहा पहुंचे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक जहां उन्होंने बसहा में संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) का निरीक्षण किया। मालूम हो कि अपर मुख्य सचिव केके पाठक के सुपौल सीमा में प्रवेश करते ही जिले की शिक्षा महकमा में हरकम्प मच गया। वैसे गुरुवार को सुबह से ही केके पाठक के सुपौल आने की सूचना पर सड़क किनारे के तमाम स्कूलों में काफी गहमागहमी का आलम देखा गया। कहीं कोई चूक न हो जाए इसको लेकर व्यवस्था सुदृढ़ देखी गई।स्कूलों में शिक्षको की मुस्तैदी देखी गई। हालांकि इस दौरान केके पाठक ने सिर्फ बसहा स्थित डायट सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान डायट सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक और शिक्षिकाओं से बात चीत की। स्कूल में छात्र और शिक्षकोपस्थिती को लेकर भी उन्होंने जानकारी ली।इसके अलावा समस्याओं और सुविधाओं को लेकर भी जानकारी ली। इस दौरान केके पाठक काफी सामान्य दिखाई दे रहे थे। यही कारण है कि डायट सेंटर में उन्होंने शिक्षिकाओं के आग्रह पर फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहते नजर आए की यह फोटो सोसल मीडिया पर देना है क्या। इस दौरान सेंटर के संचालक को कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए इस मौके पर डीएम कौशल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी और कर्मी भी मौजूद रहे।

---

### अंतर महाविद्यालय पुरुष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कॉमर्स कॉलेज का रह दबदबा

**मधेपुरा**। शुक्रवार को बी.एन.एम.वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार की अध्यक्षता में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अंतर महाविद्यालय पुरुष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में किया गया था जिसमें बी एन एम वी कालेज साहुगढ़ मधेपुरा ऑल ओवर चैम्पियन रहा। 400 मी. दौड़ में चुन्नी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। वहीं ऊंची कूद में प्रियांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।चक्का फेंक में शबनम प्रवीण ने दूसरा स्थान प्राप्त की और 10 हजार मीटर दौड़ में रौशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन हेतु प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. मनोरंजन प्रसाद, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डा.किशोर कुमार,डॉ. जयप्रकाश भगत, डॉ. शेफालिका शेखर, डॉ सरोज कुमार, प्रो. ब्रह्मानंद गोतई, डॉ. शंभू राय, मनीष कुमार, पीटीआई आदि उपस्थित थे।

### थाना परिसर में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**। जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन थाना परिसर में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष लाल जी प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि दशहरा पर्व के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। मेले को ले कर प्रशासन से लाईसेंस बनवाना अनिवार्य है। क्षेत्र में जहां मेले का परमीशन रहेगा, उसी स्थान पर मेले लगवाने दिया जाएगा।आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसके लिए सभी लोगों को पुलिस-प्रशासन को भरपूर सहयोग करना चाहिए। खासकर उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखें। कहीं भी अप्रिय घटना की शंका हो तो तुरंत पुलिस-प्रशासन को जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर ललन गुरमैता, पूर्व पंसस तारानंद यादव, ज्योति कुमार झा, राजकुमार सिंह, अब्दुल मोतलीव, ललित मिश्र,मु. आलम , गोपाल कृष्ण शारदा, जिला पार्षद पप्पी देवी, महेन्द्र कामत, अशोक कुवंर, महानंद कुवंर, राजा मेहता, हरि ना० राण, सुरज राण, अभिनव कुमार, चंदर पासवान,समाजसेवी, राजकुमार गुरमैता, विकाश कुमार टुनटुन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं थानकर्मी उपस्थित थे।

### मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया





**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल**। जिले में राघोपुर प्रखंड के कीर्ति नारायण डिग्री कॉलेज राघोपुर सुपौल के प्रांगण में शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बौद्धिक कार्यक्रम के साथ-साथ अमृत कलश पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी हुआ। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम अध्यक्ष स महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम बहादुर मंडल ने वीर वीरांगनाओं को नमन करते हुए देश की माटी का गौरव गान किया उन्होंने कहा कि सृष्टि का समग्र विकास माटी के बिना संभव नहीं है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम बहादुर मंडल जी को नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक के सौजन्य से प्राप्त स्मृति चिन्ह प्रोफेसर प्रमोद कुमार जी ने भेंट की तत्पश्चात अमृत कलश का पूजन किया गया एवं वृक्षारोपण के माध्यम से वीर वीरांगनाओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई उक्त कार्यक्रम में कॉलेजके सभी शिक्षक कर्मचारियों के अलावा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

**पुर्नगठन** | **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के.एन. डिग्री कॉलेज इकाई का हुआ पुर्नगठन**

## राघोपुर के चंदन कुमार बने कॉलेज अध्यक्ष

**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**। जिले के राघोपुर प्रखंड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के. एन. डिग्री कॉलेज राघोपुर इकाई का पुनर्गठन कॉलेज परिसर में किया गया। इकाई पुनर्गठन में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में विश्वविद्यालय संयोजक भवेश झा तो वही कार्यक्रम में प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अरुण जायसवाल, कोसी विभाग प्रमुख प्रो. रामकुमार कर्ण उपस्थित रहे। नई इकाई की घोषणा अभाविप सिमराही इकाई के नगर अध्यक्ष प्रो. रामलखन प्रसाद ने किया। कॉलेज इकाई पुनर्गठन में कॉलेज अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, वंदना कुमारी, कॉलेज मंत्री नीतीश कुमार, सह मंत्री राहुल कुमार, अंजलि कुमारी, एसएफएस प्रमुख अजय कुमार, एसएफडी प्रमुख सौरभ कुमार, कार्यकारणी सदस्य रौनक कुमार, चितनारायन कुमार, काजल कुमारी, सिमरन कुमारी, दिव्या कुमारी, खुशी कुमारी को बनाया गया। अपने सम्बोधन में विश्वविद्यालय संयोजक भवेश झा ने नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल का निर्वहन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही राष्ट्र के लिए अपनी सनातन संस्कृति के साथ समाज की रक्षा हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प



लिया है । राष्ट्र के पुनर्निर्माण को लेकर विद्यार्थी परिषद ने देश को कई समस्याओं से आंदोलन के माध्यम एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाधान देने में सफलता हासिल किया। वहीं कोसी विभाग प्रमुख प्रो. रामकुमार कर्ण ने कहा कि विद्यार्थी परिषद नित्य नए-नए आयामों के साथ वर्ष के प्रत्येक दिन कॉलेज कैंपस में सक्रिय रुप से दिखाई देने वाला एकमात्र संगठन है। उन्होंने कहा कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अरुण जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद में हर वर्ष इकाई का पुनर्गठन किया जाता है। इकाई पुनर्गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी परिषद का कार्य सुचारू रूप से चल सके और संगठन में नये-नये कार्यकर्ताओं का जुड़ाव हो। सिमराही नगर अध्यक्ष प्रो. रामलखन प्रसाद ने कहा कि अभाविप अभाविप युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद् में आयाम कार्यों के माध्यम से महाविद्यालय एवं सामाजिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार का कार्य किया जा रहा है। मौके पर प्रो. सदानंद यादव, प्रो मंजू देवी, प्रो. रम्भा देवी, सत्यम चौधरी आदि कार्यकर्ता व छात्र उपस्थित थे।

---

# आंगनबाड़ी के सेविका और सहायिका का 15 वां दिन भी जारी रहा हड़ताल

**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**। जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल के 15 वे दिन शुक्रवार को धरना पर बैठे आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के सचिव अंशु अनुपमा ने बताया कि सेविका और सहायिकाओं के साथ वर्तमान समय में सता धारी केन्द्र और राज्य सरकारों के द्वारा आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। और उन्होंने कहा कि वर्षों से सेविका सहायिका संघ द्वारा राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग की जा रही है। और उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनावी वादा किया था कि उनकी सरकार आएगी तो सेविकाओं का मानदेय केंद्र शासित राज्यों की तरह सामान किया जाएगा।




सेविकाओं को 25 हजार रुपए वेतन और सहायिकाओं की 18 हजार रुपए वेतन किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेजुएटी भुगतान की मांग की गई। शुक्रवार को सीडीपीओ कार्यालय परिसर से प्रदर्शन करते हुए गोल चौक पर सरकार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और कह रहे थे कि जबतक सरकार हम लोगों कि मांगे पुरी नहीं करेंगी तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। इसके बाद रैली निकालकर बाजार के विभिन्न सड़कों पर घूम घूम कर प्रदर्शन किया। मौके पर सेविका सरस्वती देवी, कविता कुमारी,रीता कुमारी,अर्चना देवी,प्रतिभा कुमारी, कंचन कुमारी,रंजना कुमारी, जुली कुमारी ,मुन्नी कुमारी ,रंजन कुमारी, आशा कुमारी, बीवी रुखसार परवीन, प्रेमलता कुमारी ,मीना कुमारी ,रंजन कुमारी ,खुशबू कुमारी, चंद्रकला देवी, सरिता कुमारी, पार्वती देवी, रूबी कुमारी ,ललिता कुमारी, रीता कुमारी ,रेणु देवी,सीता, कुमारी ,सरिता कुमारी, रंजन देवी उषा कुमारी ,नीतू देवी, सुलेखा देवी, ललिता कुमारी, मीना देवी, नीलम कुमारी ,सुनीता कुमारी ,पूनम कुमारी, नीलम भारती, उर्मिला देवी ,अंशु अनुपम ,रीना देवी ,गुलाब देवी, निर्मला कुमारी, नीलम भारती, सुगनी देवी ,वंदना कुमारी ,नेहा कुमारी, मंजू जायसवाल, उषा देवी, माधुरी कुमारी, सुनीता कुमारी अन्य मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### घर से भागे लड़का को पुलिस ने वाराणसी से किया बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)**। मलियाबाग निवासी नितू देवी के 14 वर्षिय बेटा सत्यम पांडेय को दावथ पुलिस ने वाराणसी से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि लड़का वाराणसी में घुमने के लिए गया था,उसने रेलवे स्टेशन से एक यात्री के मोबाइल से अपनी मां से बात किया था।उक्त यात्रि के मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर गुरुवार की सुबह उसे बरामद कर लिया गया। सत्यम पांडेय चार दिन पहले अपने घर से नवानगर स्थित स्कूल के लिए निकला था.परंतु वह घर वापस नहीं आया,तो उसकी मां नीतू देवी के लिखित आवेदन पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस लड़के की तलाश में लगी थी।जिसे बरामद कर आवश्यक कारवाई के बाद परिजनो को सौप दिया गया।

### जन संवाद में आज आएंगे जिलाधिकारी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,दावथ (रोहतास)**। दावथ प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय परमडीह के खेल मैदान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे डीएम नवीन कुमार और एसपी विनीत कुमार, आज आएंगे ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बीडीओ कुमार अश्विनी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर चल रहे जिले में जन संवाद कार्यक्रम के तहत प्रखंड में निर्धारित कार्यक्रम के समय में बदलाव किया गया है ।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 अक्टूबर शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम का समय सुबह 11:00 निर्धारित था। परंतु जिला कार्यालय के द्वारा प्राप्त निर्देश के तहत् समय में बदलाव करते हुए अपराहन 2:30 बजे जन संवाद कार्यक्रम में डीएम एसपी सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के जामसोना, सेमरी और इटवा पंचायत के लोग भाग लेंगे।

### मध्य विद्यालय धर्मागत परासी में नव पदस्थापित प्रधानाध्यापक ज्ञानेंद्र चौधरी ने संभाला पदभार

**बिक्रमगंज/रोहतास**। काराकाट प्रखंड के श्री ई० मध्य विद्यालय धर्मागत परासी में नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ज्ञानेंद्र चौधरी ने अपना पदभार संभाल लिया है। जहां विद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने उनका स्वागत मलार्पण कर किया । इसके उपरांत मध्य विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनोरमा कुमारी के द्वारा बूके देकर सम्मानित किया गया । इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका द्वारा भी फूल माला से स्वागत किया गया। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ज्ञानेंद्र चौधरी ने कहा की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी की विद्यालय में शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने काहा की उनका अथक प्रयास रहेगा कि इस विद्यालय का शिक्षा जगत में नाम आगे लेजाकर नामांकित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके। वही नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ने सभी वर्ग कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किए । मौके पर उपस्थित पूर्व प्रभारी मनोरमा कुमारी, प्रेमा कुमारी, कृष्ण बिहारी प्रसाद, ममता कुमारी १, ममता कुमारी २, धीरज कुमार, परमदेव पाण्डेय, सीमा कुमारी, संजय कुमार तिवारी, शिक्षा सेवक बाबूधन राम एंव सभी छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे ।

### ललन पासवान ने जेडीयू से दिया इस्तीफा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। चेनारी के पूर्व विधायक ललन पासवान ने जेडीयू से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व विधायक ने कहा है कि, “बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में राज्य सरकार की तरह कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा देता हूँ”।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अपने जन सम्पर्क सह जन संवाद यात्रा मे दर्जनभर से अधिक गांवों मे किया दौरा



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददता अजीत शेखर रोहतास**। अनुमंडल के काराकाट प्रखंड मे रालोजद सुप्रीमो व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अपने जन सम्पर्क सह जन संवाद यात्रा के दौरान प्रखण्ड के मुंजी, कुरुर सहित दर्जनभर से अधिक गांवों के लोगों से संपर्क साधा। इस क्रम में उन्होंने लोगों से रालोजद की सदस्यता ग्रहण करने की अपील करते हुए कहा कि आप सबके के आपसी तालमेल से आगामी लोक सभा चुनाव के पूर्व एक खुशनुमा माहौल बने, जिसमें सभी जाति, धर्म व मजहब के लोगों के सहयोग से हम पूर्ण बहुमत से भी आगे वाली सरकार का प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को बना सकें। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी 40 सीटों पर एनडीए का जो भी उम्मीदवार होगा, वह सभी हमारे उम्मीदवार होंगे। इस दौरान कई जगहों पर उनका फूल माला से स्वागत और अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। उनके साथ अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, राकेश मिश्रा, मुखिया अजय प्रताप सिंह, रामजी पाण्डेय उर्फ़ बड़क बाबा, सरपंच जनार्दन सिंह, बलवंत सिंह व कमलेश सिंह सहित पार्टी के अधिकारी, नेता व अन्य ग्रामीण थे।

# ओझवलिया से मरोझिया जाने वाली कच्ची सड़क से लोगों को परेशानी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार, नासरीगंज (रोहतास)**। सुबे के मुखिया व विकास पुरुष कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजना की शुरुआत इस लिए किया था ताकि राज्य में पूर्ण विकास की व्यार चले।सात निश्चय योजना में हर गांव को पक्की सड़क समेत कई मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान है।लेकिन प्रखंड क्षेत्र के डिहरी पंचायत के ओझवलिया गांव के लोगों को ओझवलिया से मरोझिया जाने वाली कच्ची सड़क को इस हाइटेक युग में भी पक्की सड़क में बदलते हुए दिखाई नहीं दिया है।आज भी इस गांव के लोग लगभग एक से दो किमी पैदल चलकर पक्की सड़क तक पहुंचते हैं। बरसात के दिनों में ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है।उन्हें कीचड़ से सने कच्ची सड़क पर नंगे पांव लगभग एक से दो किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक, जिलाधिकारी, स्थानीय प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि व मंत्री से अपनी व्यथा सुनाते सुनाते थक हार चुके है ग्रामीण। ग्रामीणों ने यहां की समस्या से मुखिया से लेकर विधायक,सांसद और मंत्री,जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए इससे निजात दिलाने की मांग की है। लेकिन किसी ने अब तक कोई संज्ञान नही लिया।ओझवलिया गांव में लगभग 110 घर है जिसका आबादी लगभग एक हजार है।ओझवलिया गांव में एक से पांच तक के छात्रों को पढ़ने के लिए प्राथमिक स्कूल है,छोटे छोटे बच्चो को पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र भी है।लेकिन छः से इंटर तक पढ़ाई करने जाने के लिए ओझवलिया गांव के ग्रामीणों को इसी कीचड़नुमा कच्ची सड़क से छात्र व छात्राओं को हाथ में चप्पल टांग कर आना - जाना पड़ता है।आने - जाने के दौरान कई बार छात्र - छात्राएं गिरकर जख्मी भी हो चुके है। लगभग दस वर्ष पहले मरोझीया व ओझवलिया गांव के ग्रामीणों ने अपनी अपनी जमीन देकर चार फीट चौड़ा कच्ची सड़क का निर्माण किया था।उसके बाद लोगो ने आपस में चंदा एकत्रित करके उस कच्ची सड़क पर मिट्टी भरवाया था।गर्मी के मौसम में



इस कच्ची सड़क से तो आने जाने में ग्रामीणों व छात्र - छात्राओं को कोई कठिनाइयां नही होती है।लेकिन बरसात के मौसम आते ही ये कच्ची सड़क ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन जाता है। इसी रास्ते से नौजवान व बुजुर्ग महिला,पुरुष एवम छात्र छात्राएं हाथ में चप्पल लिए गिरते बचते हुए बाजार व स्कूल आते जाते है।इस दौरान कई ग्रामीण व छात्र गिरने से जख्मी भी हो गए है तो कितने का पैर भी टूट गया है।ओझवलिया गांव के लोग हर चुनाव में अपने को ठगा महसूस करते हैं। जबकि चुनाव पूर्व विकास की खूब बातें होती है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, चुनाव से पहले नेताओं के द्वारा सड़क बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के वादे किए जाते हैं।लेकिन चुनाव समाप्त होते ही धरातल पर काम की बातें ठहर जाती है। इसका परिणाम है कि यहां के लोग ओझवलिया से मरोझिया तक जाने वाली कच्ची सड़क को पक्की सड़क में बदलते हुए देखने के लिए तरस रहे हैं। ओझवलिया गांव के ग्रामीणों ने कच्ची सड़क पर खड़े होकर विधायक अनिता देवी मुर्दाबाद, सांसद महाबली सिंह मुर्दाबाद, मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, रोड नही तो वोट नहीं का नारा लगाकर विरोध जताते हुए पक्की सड़क बनाने की मांग की।ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार व गांव में नेताओ की नो इंट्री का लान कर दिया है। ग्रामीण शंभू सिंह, बिंदेश्वर सिंह, राम दुलार, रामाकांत सिंह, सरोज, सुनीता, बउवासो देवी, मीना देवी, लक्ष्मीना, देवंती और रेशमा देवी ने कहा की अगर चुनाव से पहले सड़क नही बनती है तो हमलोग वोट का बहिष्कार करेंगे और अपने गांव में वोट मांगने आने वाले नेताओं को गांव में घुसने नही देंगे। जबतक सड़क नही तबतक वोट नही मिलेगा किसी भी नेता व जनप्रतिनिधि को ओझवलिया गांव का।डिहरी पंचायत के अंतर्गत आने वाला ओझवलिया से मरोझिया कच्ची सड़क से प्रखंड के ओझवलिया,मरोझिया, हल्दी बिगहा,जिराखन बिगहा, विक्रम बिगहा, हलवंत बिगहा, धनाव इंग्लिश, राजा टोला, बाराडीह, चरगोडिया, सुकहरा डिहरी, पानापुर सहित कई गांव ग्रामीण व स्कूली बच्चे इस कच्ची सड़क से आते जाते है।मुखिया कृष्णा कुमार ने कहा कि कुछ ग्रामीणों के द्वारा सड़क बनाने को लेकर विरोध जताया जा रहा है। जबतक ग्रामीणों के द्वारा जमीन उपलब्ध नही कराई जाएगी तबतक मनरेगा के तहत मिट्टी भराई का कार्य प्रारंभ नही होगा।ग्रामीणों के द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के बाद मनरेगा के तहत मिट्टी भराई कराने के बाद पंद्रहवीं व षष्ठम वित आयोग से पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## डीएम ने पशु चिकित्सालय एवं आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार द्वारा तिलौथू प्रखंड में एक आंगनबाड़ी केंद्र एवं एक पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 51 बंद पाया गया. जिस पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तिलौथु एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र समय से खुलने एवं समय से बंद होने तथा वहां निर्धारित सेवाओं का गुणवत्ता के साथ संचालन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय तिलौथू खुला पाया गया। वहां लोगों को आवश्यक सेवाएं दी जा रही थी। वहां उपस्थित चिकित्सा एवं अन्य कर्मियों को जिला पदाधिकारी द्वारा और बेहतर करने तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्री शेखर आनंद भी उपस्थित रहे।

## मेरा देश मेरा माटी के तहत अमृत कलश निकला



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। राष्ट्र सेवा योजना, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की इकाई के तहत विश्वविद्यालय परिसर में मेरा देश मेरी माटी अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस उपलक्ष में विश्वविद्यालय के सभी विभागों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्र सेवा योजना, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ मयंक कुमार राय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ विश्वविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर श्री सुदीप कुमार सिंह जी द्वारा अमृत कलश देकर किया गया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के डॉ किशन जी, डॉ विशाल जी, प्रबंध शिक्षा संकाय से शौर्य प्रकाश, कृषि संकाय से डॉ धनंजय तिवारी, पैरामेडिकल विभाग से डॉ राजीव ,सूचना प्रद्योगिकी संकाय से अरूप केडिया जी ने कार्यक्रम को संपन्न होने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान विश्वविद्यालय एनएसएस वॉलेंटियर अल्तमस, विकास, पुर्विका सौरभ ,चंदन ,राहुल , सुहानी, दीपक, व अन्य संभी के छात्र उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र दौरा कर किया जनसंवाद

**धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी के सुप्रीमों उपेंद्र कुशवाहा ने जनसंपर्क सह जन संवाद यात्रा के दौरान स्थानीय प्रखंड के जरलाही मठिया गांव में उक्त गांव के रहने वाले मूल निवासी सह पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता के पैतृक आवास पर स्थानीय मीडिया से रूबरू हुए । श्री कुशवाहा मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पूरे बिहार में हर गांव, टोला, मुहल्ला, मतदान केंद्रों पर पार्टी के संदेश को पहुंचाना है । इसलिए हम लोगों के बीच जाकर उनसे संपर्क करना , संवाद व बात




करना आवश्यक है । इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सब लोगों से अपील एवं आग्रह करते हैं कि आप सब लोग हमसे एवं हमारी पार्टी से जुड़िए । और सब लोग मिलकर के एक माहौल वातावरण बनाइए । उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव तो अभी विलंब है , लेकिन 2024 में चुनाव होगा । तब तक एक वातावरण बने ताकि सभी जाति , धर्म एवं मजहब के लोग एक साथ मिलकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का काम कर सकें । उक्त दौरान उन्होंने कहा कि मेरा तो बिहार में 40 लोकसभा क्षेत्र है । पार्टी तो सभी जगह से चुनाव की तैयारी कर रही है । बिहार में 40 लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन से जो भी उम्मीदवार होगा ,सब हमारा क्षेत्र है सभी हमारे उम्मीदवार होंगे । पूरे बिहार में 40 लोकसभा सीट जीतकर हम सब जाएंगे । जिसमें मेरी पार्टी या गठबंधन के तरफ से जो भी उम्मीदवार होगा मेरे लिए सब बराबर होगा और हम सबके लिए काम करेंगे ।

### सरकार का ध्यान आकृष्ट कर जातीय जनगणना के विसंगतियों को पुनः सर्वेक्षण कराने की उठाई मांग



**बिक्रमगंज/रोहतास** । जातीय जनगणना का कोई विरोध नहीं है,लेकिन गणना की विसंगतियों को लेकर हर वर्ग में विरोध है । चाहे वे हाशिये वर्ग या पिछड़ा वर्ग के लोग हों या फिर सवर्ण । इसका विरोध पूरे बिहार में है । उक्त बातें शाहाबाद के समाजसेवी प्रो० बलिराम मिश्रा ने कहा । प्रो० मिश्रा ने कहा कि धानुक, पासी, बिंद, तेली, मल्लाह तथा कुशवाहा आदि समाज भी इस जनगणना की विसंगतियों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर पुनः सर्वेक्षण कराने की मांग किया है । उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि ऐसे हजारों की संख्या में गरीब परिवार है, जो अपनी रोजी-रोटी की तलाश में परिवार के साथ अन्य प्रदेशों में रह रहा है और जो विशेष त्योहारों और अवसरों पर आता है। उसकी गणना हुई ही नहीं, जो जनगणना की विसंगतियों के कई कारणों में एक कारण यह भी है । जबकि लाखों घरों को सर्वेक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा स्पर्श ही नहीं किया गया । प्रो० मिश्रा ने राज्यपाल से इसमें हस्तक्षेप करने और सरकार को फिर से जनगणना कराने की अपनी अनुशंसा भेजने की मांग की है ताकि इसमें पारदर्शिता लाई जा सके तथा हर जाति-वर्ग और संप्रदाय को उनका मान-सम्मान मिल सके ।

### दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक नाबार्ड की ओर से संपोषित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददाता**। रोहतास अनुमंडल के कछवां बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक नाबार्ड की ओर से संपोषित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित कर ग्राहकों को बैंकिंग डिजिटल सुविधा की जानकारी दी गई। बैंक कर्मियों के अनुसार इस दौरान बचत खाता, जनधन खाता अधिक संख्या में खोला गया, और प्रधानमंत्री अटल योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना के अलावे अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को विस्तार से दी गई। अध्यक्षता शाखा प्रबंधक दीपांकर नाथ सिंह ने किया। मौके पर सहायक शाखा प्रबंधक गुड्डू कुमार, बैंक मित्र कनकधीर उपाध्याय, जितनारायण सिंह, लल्लू साह, अरविंद चौधरी, झुंझुन तिवारी, अशरफी देवी व अनिता कुमारी सहित कई उपभोक्ता उपस्थित थे।

### बीएसपीएचसीएल द्वारा रोहतास सर्किल के अभियंताओं की सोशल मीडिया की ट्रेनिंग आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। बीएसपीएचसीएल की सोशल मीडिया टीम ने रोहतास सर्किल के सासाराम और कैमूर डिवीजन के अभियंताओं को ट्रेनिंग दी। रोहतास सर्किल के आधीक्षण अभियंता श्री विवेकानंद ने कहा कि आज सोशल मीडिया लोगों के आपस में जुड़ने का महत्वपूर्ण जरिया है, जिससे पूरी दुनिया आपस में जुड़ी हुई है। आज सोशल मीडिया बिजली विभाग के लिए लोगों की समस्याओं को सुलझाने का आसान माध्यम बन चुका है। उपभोक्ता अब घर बैठे बिजली की समस्या को अधिकारियों तक पहुँचा सकते हैं और उसका त्वरित निवारण पा सकते हैं। बिजली बिल की गड़बड़ी, फ्यूज कॉल, पोल की समस्या और ट्रांसफार्मर जलने जैसी शिकायतें सोशल मीडिया पर आती हैं, जिसका विभाग द्वारा त्वरित निपटारा किया जाता है। बिहार स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीनियर प्रोटोकॉल अधिकारी ख्वाजा जमाल ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

**उद्घाटन** | बिहार के सरकारी स्कूल में इस प्रकार का पहला अंतरिक्ष शिक्षा प्रयोगशाला का निर्माण कार्य किया गया

# डीएम ने की आर्यभट्ट अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार द्वारा तिलौथू प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में आर्यभट अंतरिक्ष प्रयोगशाला उद्घाटन किया गया। बिहार के सरकारी स्कूल में इस प्रकार का पहला अंतरिक्ष शिक्षा प्रयोगशाला का निर्माण कार्य किया गया है। इस अंतरिक्ष प्रयोगशाला में छात्रों को बहुत काम उम्र से ही विज्ञान और तकनिकी के अनेक विषयों जैसे रॉकेट्स, सैटेलाइट्स, ड्रोन्स, रोबोटिक्स, हवाई जहाज और खगोल विज्ञान के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रयोगशाला को जिला प्रशासन, रोहतास, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान और उत्तर प्रदेश स्थित स्टार्टअप व्योमिका स्पेस के द्वारा स्थापित कराया है। प्रयोशाला में कुल १०० से भी ज्यादा छोटे बड़े उपकरण लगाए गए हैं जिनमे से टेलिस्कोप, चंद्रयान एवं मंगलयान सॅटॅलाइट,



इसरो के राकेट, रोबोट्स , 3 डी प्रिंटर और विभिन्न प्रकार के ड्रोन्स मुख्य हैं। लैब के उद्घाटन के बाद इस अंतरिक्ष प्रयोगशाला के छात्र और छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ ऑनलाइन क्लासेज की मदद से इसरो और नासा के वैज्ञानिको से जुड़ेंगे और अंतरिक्ष के विषयों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। जिला प्रशाशन द्वारा किये गए इस कार्य से निश्चित रूप से बिहार के हर बच्चे को वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिलेगी।जिला पदाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्ति की गई कि जिले के सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के नई तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व के इतिहास में भी बिहार में खगोल विज्ञान के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट कार्य हुए थे। इस प्रकार की नई तकनीक से हमारे बच्चों को परिचित कराया जाना हमारे लिए गौरव की बात है। रोहतास जिले को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी बेहतर बनाना है इसी उद्देश्य विकास आयुक्त द्वारा इस प्रयोगशाला के अधिष्ठापन में उत्कृष्ट मार्गदर्शन किया गया है। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ,नगर आयुक्त, सासाराम एवं अन्य पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

# 5 वें दिन भी धरना पर बैठे रहे शिक्षकेत्तर कर्मचारी

**धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के शिक्षकेत्तर कर्मचारी 9 अक्टूबर से ही धरना पर बैठ रहे । ज्ञातव्य है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रक्षेत्र कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सभी कॉलेज के कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में विश्विद्यालय मुख्यालय और अपने अपने महाविद्यालय में धरना का कार्यक्रम रखे हैं । जो 14 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है । कॉलेज कर्मचारी संघ के सचिव अक्षय कुमार प्यारे ने बताया कि हमारी कई मांगें बार- बार आश्वासन और लिखित समझौते के बाद भी अब तक पूरी नहीं की जा सकीं हैं । बार-बार लिखित रूप में मांग की गई कि हमारी समस्याओं का समाधान किया जाए । 2006 के बाद कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ नहीं मिला है । 2016 के बाद अब तक कई कर्मी वेतन उन्नयन योजना के लाभ से वंचित हैं । कई कर्मियों की अब तक सेवा संपुष्टि नहीं की गई जबकि वे सेवा निवृत होने के कगार पर हैं । बल्कि कई सेवा निवृत हो भी गए हैं लेकिन सेवा संपुष्टि के अभाव में पेंशन के लाभ



से वंचित हैं । उच्च न्यायालय पटना के निर्णय के आलोक में कई कर्मी पुनः बहाल किए गए । मगर 6-7 माह बीत जाने के बाद भी उन्हें अब वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है । यही हाल अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों का भी है । उन्हें 6 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है । सातवें वेतन का वेतन अन्तर की राशि का भुगतान अब तक कई कर्मी इस वजह से प्राप्त नहीं कर पाए हैं क्योंकि उनका वेतन सत्यापन कोषांग ने अब तक नहीं किया है । इसके लिए कर्मी दोषी नहीं हैं । सत्यापन का काम कोषांग का है । प्रस्ताव भी कई साल पहले ही भेजा गया है । लेकिन वहां भी मनमानी की जा रही है । वेतन भुगतान भी सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण समय पर नहीं मिल पाता है । आश्चर्यजनक बात है कि जो काम विश्वविद्यालय में नहीं हो पाता और कर्मी कोर्ट में चले जाते हैं और दो तीन साल में फैसला आता है तो विश्वविद्यालय उसे तुरंत करने के लिए तत्पर हो जाता है । लेकिन तब तक कर्मी का पैसा और समय दोनों बर्बाद हो जाता है । विश्विद्यालय में कार्यरत कर्मी भी भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हैं । जो उन्हें खुश करते हैं उनका काम जल्दी हो जाता है । इसके लिए वहां के अधिकारी भी उनका साथ देते हैं । इधर एक नया फरमान जारी किया गया है कि जिन कर्मियों का वेतन सत्यापन नहीं हुआ है उनको 25 प्रतिशत वेतन काटकर भुगतान किया जाएगा जबकि सत्यापन के लिए वे दोषी भी नहीं हैं । दो साल तीन साल पर अनुकंपा समिति बैठक होती है और तब नियुक्ति की जाती है । इसके बाद उन्हें वेतन के लिए भी इंतजार करना पड़ता है । महंगाई भता वृद्धि का लाभ भी कॉलेज कर्मचारी को एक साल बाद ही दी जाती है । ऐसे कई मांगें हैं जिनके लिए कर्मी थक हारकर धरना प्रदर्शन या फिर हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य हो जाते हैं । 14 अक्टूबर को धरना की अंतिम तिथि है । इसके बाद भी अगर कोई सम्मानजनक रास्ता नहीं निकालता है तो अनिश्चितता कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा । जिसके लिए विश्विद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार की जिम्मेवारी होगी । धरना कार्यक्रम में अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मदन प्रसाद वैश्य, सत्येंद्र पांडेय, हरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनोद कुमार, सतेश्वर राम, आरजु खान,धर्मशीला देवी, अजय कुमार गुप्ता, कुमार दिनेश सहित अन्य सभी कर्मी रोज शामिल हो रहे । परीक्षा बाधित नहीं है लेकिन विद्यार्थियों का रोजमर्रा का काम बिल्कुल ठप है ।

# ख़ास ख़बर

## अवैध अंचल कार्यालय चलाने के मामले में भभुआ अंचलाधिकारी निलंबित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर)।** भभुआ शहर में बेलबतिया पोखरे के पास मनोज कुमार दुबे के मकान में अवैध अंचल कार्यालय चलाने के मामले में भभुआ अंचलाधिकारी तारा प्रकाश को निलंबित कर दिया गया है जो राजस्व भूमि सुधार विभाग के निर्देशक सह भूअर्जन अपर सचिव सुशील कुमार द्वारा जारी किया गया है दरअसल 12 अगस्त को जिलाधिकारी सावन कुमार को सूचना मिली थी कि बेलबतिया पोखरे के पास अंचल कार्यालय के समांतर अवैध अंचल कार्यालय संचालित किया जा रहा था जिसकी जांच पड़ताल कराने के बाद भभुआ अंचलाधिकारी तारा प्रकाश को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है।

## बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में हुई ब्राह्मण महासभा की बैठक



**रामपुर।** आज शुक्रवार को बजरंगबली मंदिर रामपुर के प्रांगण में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बब्बन चौबे के अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा समाज में ब्राह्मणों पर आए दिन होते प्रहार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई सरकार की जातिगत गणना पर आक्रोश व्यक्त किया गया। वक्ताओं के द्वारा सरकार की इस नीति का विरोध करने का सामूहिक निर्णय लिया गया, जातिगत गणना से समाज में जो भ्रांतियां फैल रही है समाज में जो खाई बन रही है आने वाले पीडिया के लिए कष्टदायक होगा। सत्ता के लोलुप नेता समाज को जाति में विभाजित करते हुए अपने उल्लू सीधा करना चाह रहे हैं। ब्राह्मण महासभा अपने गांव भ्रमण के माध्यम से ब्राह्मण ही नहीं समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करेगा। मौके पर बलिराम पांडे, कोमल पांडे, ठाकुर पांडे बैद्यनाथ उपाध्यक्ष करुणापति तिवारी हरेंद्र पांडे रंगबहादुर पांडे रामेश्वर दुबे विद्यार्थी दुबे सहित सैकड़ो विप्र शामिल रहे।

## चैनपुर पुलिस ने दो शराबियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से गस्ती दल ने दो शराबियो को गिरफ्तार का चैनपुर थाना लाया गया एक खारिगवा चौक पर शराब के नशे में हंगामा कर रहा था चैनपुर थाना प्रभारी रणवीर कुमार को गुप्त सूचना मिल की खरीगावा चौक पर एक शराबी शराब के नशे में हंगामा कर रहा है जिसकी सूचना पाते हैं। थाना प्रभारी रणवीर कुमार ने गश्ती दल एसआई प्यारी अहमद खान को पुलिस बल के साथ खरीगवा पर पुलिस को भेजे। पुलिस ने तेजी से चौक पर पहुंची जहां शराबी ने पुलिस की गाड़ी को आते देख कर भागने की कोशिश किया लेकिन पुलिस बल के जवानों ने उसे दौड़ा कर गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार पियक्कड़ का नाम शिवजतन पटेल पिता स्वर्गीय खेदु पटेल ग्राम खरीगांव का रहने वाला है वहीं दूसरा पियक्कड़ चैनपुर थाना क्षेत्र के नौघरा से कृष्ण मूसहर पिता मुसाफिर मुसहर को गिरफ्तार कर दोनों को चैनपुर थाना लाया गया जहां दोनों का चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेडिकल जांच कराकर भभुआ न्यायईक हिरासत में भेज दिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में डॉ बदरुद्दीन के द्वारा 15 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवादाता भभुआ।** भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 15 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। डॉक्टर बदरुद्दीन के द्वारा और काउंसलर रवि कुमार काउंसलिंग कर जांच किया गया कि महिला बंध्याकरण के योग्य है या नहीं जो महिला बंध्याकरण के योग्य थी उसका बंध्याकरण किया गया। तथा उन्हें सरकार के द्वारा जो राशि 2000 खाने-पीने पोषण के लिए तय है उसे खाते की माध्यम से दी गयी।

# नवरात्रि-दशहरा के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के कुदरा थाना परिसर में नवरात्रि वाला दशहरा के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किया गया शांति समिति की बैठक। आपको बताते चलें कि शरद नवरात्रि व दशहरा सनातन धर्म त्योहारों में मुख्य माना जाता है। जिस अवसर पर थाना परिसर में अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार व थाना अध्यक्ष संजय कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में पूजा समिति के सदस्यगण, प्रबुद्ध जनता व सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति का बैठक किया गया। उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा आग्रह करते हुए कहा गया, कि पर्व त्यौहार शांति व सौहार्द का प्रतीक हैं, इसे मिलजुल का मनाते हुए भाईचारा का संदेश दें। अंचल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित गणमान्यों को संबोधित करते हुए बताया गया, कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री रामचंद्र द्वारा, अश्विनी शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी, नौ दिनों तक व्रत कर देवी दुर्गा की नौ रूपों का पूजन कर, दसवें दिन राक्षसराज रावण का वध किया गया था। वही देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध भी इसी दिन किया गया था। इसलिए असत्य पर सत्य की विजय के रूप में विजयादशमी मनाया जाता है। इस शुभ घड़ी में यह संकल्प लें कि अपने अंदर विद्यमान असत्य रूपी राक्षस का वध कर सत्य की मार्ग पर चलेंगे। उपस्थित पदाधिकारीयों, पूजा समिति के सदस्यगण, प्रबुद्ध जनता और सम्मानित जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श के उपरांत पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा निर्देशित किया गया कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, पूजा से संबंधित जुलूस या शोभायात्रा तय मार्ग से ही निकाला जाएगा। इसके लिए सभी पूजा समिति के सदस्यों द्वारा प्रशासन से अनुमति पत्र लेना अनिवार्य है। पूजा पंडाल या अन्य पूजा स्थल पर किसी भी तरह का अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा। यदि किसी भी तरह का कुछ संदिग्ध लगे तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें प्रशासन को सहयोग दें और सहयोग लें। पूजा पंडालों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं। मौके पर मोहनियां अग्निशमन विभाग कुदरा थाना अंतर्गत कार्यरत अग्निशमन फाइटर मनोज कुमार के द्वारा पूजा पंडालों में अग्नि से बचाव हेतु निर्देशित करते हुए बताया गया, कि किसी भी दशा में पंडाल 3 मीटर से कम ऊंचाई की ना लगाएं। पंडाल लगाने में सिंथेटिक सामग्रि से बने कपड़े वह रस्सी का प्रयोग ना करें। पंडाल के चारों तरफ चार-पांच मी खुला स्थान होना चाहिए जिससे लोग विकट परिस्थिति में सुरक्षित बाहर निकल सकें। पंडाल बिजली की लाइन के नीचे किसी भी दशा में न लगाया जाए। कोई भी पंडाल बिजली के सब स्टेशन चिमनी या भट्टी से कम से कम 15 मीटर दूर ही लगाएं। बाहर निकलने का गेट 5 मीटर से कम चौड़ा ना हो और अगर रास्ता में मेहराबदार बनाया जाये तो भूमि तल से मेहराब की ऊंचाई 5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए। पंडाल से बाहर निकलने के लिए कम से कम दो रास्ते अवश्य होना चाहिए। बाहर निकलने के रास्ते समुचित संख्या में उचित तरीका से बनाया जाए, ताकि किसी भी दशा में पंडाल के किसी भी स्थान से किसी व्यक्ति को बाहर निकलने हेतु 15 मीटर से अधिक दूरी न तय करनी पड़े। कुर्सियां लगाने में समुचित स्थान छोड़ी जाए। सभी पूजा पंडालून में इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए विद्युत या कोई भी सर्किट बल्ब ट्यूब लाइट आदि पंडाल के किसी भी भाग से कम से कम 15 सेंटीमीटर दूर होनी चाहिए। पंडाल को अग्नि से सुरक्षा हेतु 0.75 लीटर पानी प्रति वर्ग मीटर स्थान है तो ड्रम या बाल्टियों में सुरक्षित रखा जाए वह इसका प्रयोग अग्निशमन के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में कदापि न किया जाए कल पानी की आधी मात्रा पंडाल के अंदर व आधी पंडाल के बाहर रखी जाए, प्रत्येक 50 वर्ग मीटर जगह हेतु कम से कम दो बाल्टी पानी व प्रत्येक 100 मीटर स्थान हेतु एक्सटींग्यूसर अग्नि से सुरक्षा हेतु उपलब्ध रखा जाए। आतिशबाजी का प्रयोग पंडाल के निकट अथवा अंदर न करें पंडाल के अंदर तथा निकट धूम्रपान न करें। बहुत बड़े पंडाल व अस्थाई निर्माण के पूर्व अग्निशमन विभाग को सूचित कर उनसे सुझाव प्राप्त कर सकते हैं। उक्त अवसर पर नगर पंचायत कुदरा के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाल, लोजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र गुप्ता, एस आई गजेंद्र कुमार, सकरी पंचायत के मुखिया धनजीत चौधरी, देवराढ़ कलां खुर्द पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर यादव, जहानाबाद पंचायत के पूर्व सरपंच किरण सोनी, कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल पांडेय, समाज सेवक काशीनाथ गुप्ता, कुदरा रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर समिति के सदस्य बम सिंह के साथ ही भारी संख्या में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा पूजा समिति के सदस्य, प्रबुद्ध जनता गण वह थाना अंतर्गत कार्यरत प्रशासनिक कर्मी उपस्थित रहें।

## सत्ता के लोलुप नेता समाज को जाति में विभाजित कर कर रहे अपनी उल्लू सीधा- ब्राह्मण महासभा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर(कैमूर)।** शुक्रवार को रामपुर बजरंगबली मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बब्बन चौबे की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा समाज में ब्राह्मणों पर आए दिन होते प्रहार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई, सरकार की जातिगत गणना पर आक्रोश व्यक्त किया गया। वक्ताओं के द्वारा सरकार की इस नीति का विरोध करने का सामूहिक निर्णय लिया गया, जातिगत गणना से समाज में जो भ्रांतियां फैल रही है, समाज में जो खाई बन रही है, आने वाले पीढ़ियों के लिए कष्टदायक होगा। सत्ता के लोलुप नेता समाज को जाति में विभाजित करते हुए अपने उल्लू सीधा करना चाह रहे हैं। ब्राह्मण महासभा अपने गांव भ्रमण के माध्यम से ब्राह्मण ही नहीं समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करेगा। मौके पर बलिराम पांडे, कोमल पांडे, ठाकुर पांडे बैद्यनाथ उपाध्यक्ष करुणापति तिवारी हरेंद्र पांडे रंगबहादुर पांडे रामेश्वर दुबे विद्यार्थी दुबे सहित सैकड़ो विप्र शामिल रहें।

# मिलन समारोह का आयोजन



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत जीविका रामपुर कैमूर के सौजन्य से प्रशिक्षित युवाओं हेतु मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रमBPIU रामपुर के मीटिंग हॉल में ही संपन्न हुआ। जिसमें उर्वर्ती प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा अपना कार्य अनुभव एवं विचार को प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में मनीषा कुमारी ने बताया कि मेरे परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है, जीविका और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर आज मैं 25000 रुपए पर कार्य कर रही हूं, जिससे मेरा परिवार और मेरे पढ़ाई लिखाई का खर्च चल रहा है। मैं जीविका का शुक्र गुजार हूं। इसके बाद जीविका कार्यालय रामपुर के नए भवन का उद्घाटन जीविका जिला कार्यालय से आए जांब मैनेजरCFM मुकेश कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामपुर अनिल कुमार चौबे, एल एच एस संजय सिंह, क्षेत्रीय समन्वय का अशोक कुमार, लेखपाल अनिल कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार सिंह मोबिलाइजेशन हेड के द्वारा किया गया।

# केंद्र से मिलने वाली बिजली महंगे दर पर बेच रही कंपनियो को सरकार



**दुर्गावती सदर।** भारत सरकार के द्वारा सस्ते दर पर मिलने वाली बिजली को आज महंगे दर पर कंपनियों को बेचा बेचा जा रहा है बिहार सरकार के द्वारा उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह दूरभाष दी। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्ते दर बिजली उपलब्ध करा कर किसानों के फसल को और उनके जनजीवन को खुशहाल बनाने के लिए हर संभव मदद की थी। लेकिन वर्तमान समय में आज की सरकार में बैठे लोग किसाने की बिजली को कंपनियों को महगे रेट में बेच रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा मुनाफा मिल सके। आज किसान बाढ़ के कारण परेशान है और अपनी फसल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा हैं ।ऐसी स्थिति में किसानो को मिलने वाली बिजली की कटौती सरकार के द्वारा की जा रही है जो बहुत ही शर्मनाक है। 4100 करोड़ की बिजली कंपनियों को अब तक बेची गई है जो किसानों की हक की थी। आज किसान के बच्चे रात को नींद भर सो नहीं पा रहे हैं जहरीले मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण किसान के बच्चे और परिजन रोग के शिकार हो रहे हैं लेकिन मच्छरों के छिड़काव के लिए सरकार के पास कोई व्यवस्था नहीं है। जिस समय हम सबों की मिली जुली सरकार एक साथ चलती थी तो बिजली कब आती थी और कब जाती थी इसका पता लोगों को नहीं रहता था। लेकिन जैसे ही सरकार बदली बिजली के क्षेत्र में फिर पुराने वही दिन देखने को किसानों को मिल रहा है जो पूर्व की सरकार में पहले रहता था। केंद्र के द्वारा बिहार सरकार को दिए जाने वाली बिजली में कहीं से कोई कटौती नहीं है सारा खेल बिहार सरकार का है जिसका दंश आज जनता झेल रही है।

## कल्याणपुर पंचायत में जन संवाद कार्य क्रम में पहुंचे एसडीएम राकेश कुमार



**दुर्गावती सदर।** सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन का जनसंवाद कार्यक्रम लगातार जारी है। वहीं आज शुक्रवार को इसका आयोजन दुर्गावती प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में किया गया। जिसमें जनसंवाद में अतिथि के रूप में पहुंचे मोहनियां एसडीएम राकेश कुमार को मुखिया पूजा देवी ने गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। वहीं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली। कार्यक्रम में कल्याणपुर के अलावा अन्य पंचायत के गांव के लोगों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम के द्वारा उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान जनसंवाद में बीपीआरओ अमृतेश कुमार, अंचलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शांति कुमार मांझी, सीडीपीओ संगीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अजय सिंह, पिंकू सिंह, मुखिया अंगद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## भगवानपुर पंचायत के प्रांगण में पैक्स अध्यक्षों का आवश्यक बैठक की गई



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ।** आज भगवानपुर पंचायत प्रांगण में भगवानपुर ब्लॉक के नव पैक्स अध्यक्ष का आवश्यक बैठक कर सर्वसम्मति से भगवानपुर प्रखंड पैक्स संगठन का गठन किया गया। जिसमे सभी पैक्स अध्यक्ष के सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष का पद पढ़ौती पैक्स अध्यक्ष रामबली शाह को दिया गया।इसी प्रकार उपाध्यक्ष का पदभार कसेर पैक्स अध्यक्ष अरुन सिंह को बनाया गया,एवं सचिव पद पहणिया पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र यादव को और कोषाध्यक्ष भगवानपुर पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र पाण्डेय को बनाया गया। और सभी अध्यक्षों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। बैठक में शामिल सरैया पैक्स अध्यक्ष मंटू दुबे, टोड़ी पैक्स अध्यक्ष बृजमोहन सिंह,मोकरम पैक्स अध्यक्ष बिनोद बिहारी उपाध्याय, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधी धीरज कुमार सिंह, रामगढ़ पैक्स अध्यक्ष चंद्र कान्त पाण्डेय हुए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि हम एक साथ होकर किसानो के हित मे काम करेगे।

## विभिन्न मामलों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र से विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर दो व्यक्तियों को भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिस क्रम में बृहस्पतिवार की रात्रि समय लगभग 10:00 बजे थाना क्षेत्र के पट्टी गांव से गांव से सूचना मिल की ग्रामवासी मुखलाल मुसहर पिता स्वर्गीय घुरफेकन मुसहर द्वारा, शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा किया जा रहा है। अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के निर्देश में एस आई मोहम्मद शेरशाह द्वारा स्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि व्यक्ति नशे में धुत्त है, जिसे गिरफ्त में लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराया गया। स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं थाना क्षेत्र के लालपुर से पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित करने की वजह से पत्नी के शिकायत पर लालपुर निवासी अश्विनी चौबे पिता श्याम बिहारी चौबे को गिरफ्तार किया गया। स्वास्थ जांच के उपरांत शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**जागरुक** 40 साल के ऊपर की महिलाओ को साल मे एक बार मैमोग्राम स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए

# एएनएम, नर्सिंग छात्राओं एवं आशा कर्मियों से अनुरोध किया गया वे ग्रामीण महिलाओ को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करें




**रामगढ़ कैमुर, शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ कैमूर।** स्तन कैंसर कोई संक्रामक बीमारी नहीं है, लेकिन इससे प्रभावित लोगों की संख्या देखकर यह कहा जा सकता है कि इस मुद्दे पर जागरूकता की कितनी कमी है। यह जरूरी है लोगों तक स्तन कैंसर से जुड़ी सही जानकारी पहुंचे इसलिए अक्तूबर महीने को पूरे विश्व मे ' विश्व स्तन कैंसर जागरूकता ' माह के रूप मे मनाते है। इस कडी मे आईएमए भभुआ ( कैमूर ) शाखा द्वारा लोगों को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करने हेतू भभुआ शहर मे सदर अस्पताल से एकता चौक तक जागरूकता रैली निकाली गई। भारत मे प्रतिवर्ष स्तन कैंसर से लगभग एक लाख महिलाओं की असामयिक मृत्यु होती है जिसे जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। अगर किसी महिला के स्तन या कांख मे गाँठ हो, स्तन के आकार मे बदलाव , स्तन के ऊपर लालिमा हो, स्तन की त्वचा पर कड़ापन हो, स्तन से मवाद या खून का आना इत्यादि लक्षण दिखे तो तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें। डॉक्टर की सलाह पर मैमोग्राम स्क्रीनिंग करानी चाहिए। अगर रिस्क अधिक हो तो एमआरआई, बायोप्सी इत्यादी करानी चाहिए। कुछ लोगों को प्रारंभिक लक्षण नहीं दिखता इसलिए 40 साल के ऊपर की महिलाओ को साल मे एक बार मैमोग्राम स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। आमतौर पर स्तन कैंसर होने के निम्न कारण हैं , वजन का बढना, फिजिकल एक्टिविटी नही करना , जेनेटिक बीमारी होना , हार्मोन मे बदलाव, बच्चे पैदा नही करना या देर से पैदा करना, बच्चे को दूध नही पिलाना इत्यादि । ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढता शारीरिक रोग है लेकिन इसको सावधानी एवं उचित परामर्श से टाला जा सकता है । अगर प्रारंभिक स्टेज मे इसको पहचान कर इलाज शुरू होने पर स्तन कैंसर को ठीक किया जा सकता है । उपस्थित एएनएम, नर्सिंग छात्राओं एवं आशा कर्मियों से अनुरोध किया गया वे ग्रामीण महिलाओ को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करें । जागरुकता रैली को संबोधित आईएमए के सचिव सह बिहार आईएमए के संयुक्त सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह एवं डॉ अशोक कुमार सिंह ने किया। संचालन आईएमए कैमूर के प्रवक्ता डॉ सिद्धार्थ राज व धन्यवाद ज्ञापन जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ राजनारायण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर डीआईओ डॉ रविंद्र चौधरी , सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विनोद कुमार, डॉ अरविंद द्विवेदी , डॉ रविरंजन प्रकाश, टाटा मेमोरियल सेंटर इकाई के डॉ विभूति भूषण , डॉ अंकिता कुमारी एवं स्टाफ व पारा मेडिकल इंस्टीटयूट के छात्र एवं छात्राएं एवं स्वस्थ्य कर्मी डॉ संतोष कुमार सिंह सचिव आईएमए कैमूर संयुक्त सचिव आईएमए बिहार राज्य इत्यादि मौजूद थे ।

## थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान 11000 रुपए की वसूला गया जुर्माना राशि

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान, वाहन अधिनियम की पालन न करने के जुर्म में वसूला गया 11000 रुपए की जुर्माना राशि। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि वाहन की चोरी वाहन से घटना दुर्घटना व अन्य अवैध सामग्रियों की परिचालन पर रोक लगाने की दृष्टिकोण से, आरक्षी अधीक्षक कैमूर ललित मोहन शर्मा के निर्देश में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन चालकों से वाहन प्रपत्र, चालक प्रपत्र, सीट बेल्ट, हेलमेट सहित अन्य अवैध सामग्रियों की जांच किया गया। जिस क्रम में वाहन अधिनियम की पालन न करने की जुर्म में वाहन चालकों से 11000 रुपए की जुर्माना राशि वसूल गया।

# किसानों से बात कृषि मंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदस्य कैमूर, (कैमूर)।** भभुआ संयुक्त कृषि भवन के सभा कक्ष में किसानों की बात कृषि मंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 50 किसानों के साथ-साथ कृषि विभाग के पदाधिकारी/ प्रसार कर्मियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन बिहार के सभी जिलों में एक साथ किया गया कार्यक्रम में उपस्थित किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि मंत्री ने किसानों से बात किया। कृषि मंत्री द्वारा कृषक के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे लाभार्थी किसानों से चर्चा कि गई तथा उनसे उक्त संबंध में सुझाव भी लिया गया। किसानों द्वारा कृषि से संबंधित अपनी समस्या कृषि मंत्री के समक्ष रखा गया। कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषक हितकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषि मंत्री के द्वारा निर्देशित किया गया मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, कैमूर उप परियोजना निदेशक, कैमूर सहायक निदेशक, कैमूर कृषि वैज्ञानिक इत्यादि लोग मौजूद रहे।

विचार मंथन

# कम कमाई, खर्च ज्यादा,कर्ज से दुनिया में बढी मानसिक रोगियों की संख्या



दुनिया भर के देशों में मानसिक रोगियों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। हाल ही में ब्रेडफोर्ट यूनिवर्सिटी के स्कूल आफ मैनेजमेंट मे आर्थिक विभाग के प्रोफेसर केरी

पेप्स का कहना है,कोरोना महामारी के बाद दुनिया भर के देशों में आर्थिक दबाव बढ़ गया है। आए और खर्च के बीच में, महंगाई के कारण तालमेल नहीं बन पाने के कारण, मानसिक रूप से इसका असर पड़ रहा है। एक और आम आदमी की आय कम हो रही है। वही नागरिकों के खर्च,महंगाई के कारण बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। खर्च पूरा करने के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ रहा है। वर्तमान आय से पारिवारिक खर्च को चलाना बड़ा मुश्किल हो गया है। जिसके कारण ब्रिटेन जैसे देश में आर्थिक कारणों से लोग बड़ी संख्या में मानसिक रोगी बन रहे हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने महंगाई कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि कर दी है। दुनिया के बहुत सारे देशों ने भी, महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कर्ज पर ब्याज की दर बढ़ा दी है। जिसके कारण कर्ज और महंगा हो गया है। शोध में ब्रिटेन और अमेरिका के आर्थिक हालात का सर्वेक्षण किया गया है। अमेरिका में भी लगभग लगभग आर्थिक स्थिति इसी तरीके की है। अमेरिका का न्यूनतम वेतन ब्रिटेन से कम होने के कारण अमेरिका में,और भी खराब हालात हैं। ब्रिटेन में 25 से 34 साल के युवा सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। 25 से 34 साल के 52 फीसदी युवा मानसिक रूप से परेशान होकर शारीरिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति ब्रिटेन और अमेरिका अकेले की नहीं है। सारी दुनिया के देश आर्थिक कारणों से जो समस्या उत्पन्न हो रही है। उससे मानसिक रोग कई समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों के अनुसार वित्तीय स्थिति के कारण तनाव,चिंता और बेचैनी घर- घर में देखने को मिल रही है। आय की तुलना में कर्ज ओर ब्याज का बोझ, अति आवश्यक खर्च अधिक होने से, निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवार के साथ-साथ अब उच्च मध्यम वर्ग के परिवार भी मनोरोग के शिकार हो रहे हैं। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में भी स्थिति इससे भी खराब देखने को मिल रही है। भारत में बेरोजगारी बड़ी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। भारत में नागरिकों के ऊपर टैक्स भी बढ़ाये जा रहे हैं। मनोचिकित्सकों के पास भारत में भी बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। उन सबके पीछे अधिकांशतः आर्थिक मामलों के कारण मनो रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। सबसे बड़ा दुष्प्रभाव युवाओं के ऊपर पड़ रहा है। भारत में स्नातक और परास्नातक बेरोजगारों की संख्या बड़े पैमाने पर बढ़ी है। कर्ज लेकर उच्च शिक्षा की पढ़ाई मैं लाखों रुपए का कर्ज उनके ऊपर हो गया। डिग्री हासिल करने के बाद भी उन्हें कहीं काम नहीं मिल रहा है। जिन्हें नौकरी मिली भी है, उसका वेतन इतना काम है,कि उससे उनका गुजारा हो पाना संभव नहीं हो पा रहा है। संविदा और कांटेक्ट पर नियुक्ति होने से स्नातक और परास्नातक को अधिकतम 12000 से लेकर 20000 रुपये तक की नौकरी भारत में मिल पा रही है। बेरोजगारी और कब आय के कारण युवाओं की शादी भी 28 से 35 साल की उम्र मैं पहुंचने के बाद भी नहीं हो पा रही है। आय का अन्य कोई साधन नहीं होने से सामाजिक व्यवस्था में भी बड़ा तनाव परिवार और लोगों के बीच में देखने को मिल रहा है। जिसके कारण मनोरोगियों की संख्या भारत में भी बड़ी तेजी के साथ बढ रही है। मनोरोग विशेषज्ञों का कहना है, कि वित्तीय चिंता के कारण तनाव और बेचैनी के कारण वेतन भोगियों से लेकर, उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मनोरोग के शिकार हो रहे हैं। भारत में आत्महत्या भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ती जा रही हैं। कोचिंग, पढ़ाई और आर्थिक कारणों से युवा बड़ी संख्या में आत्महत्या करने लगे हैं। पिछले एक दशक में युवाओं मे आत्महत्या करने की प्रवत्ती और उनकी संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। निम्न मध्यम वर्ग परिवार में कर्ज का बोझ इतना ज्यादा हो गया है, कि अब परिवार के सभी सदस्यों की हत्या करके आत्महत्या करने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ भारत में बढ़ रही है। यह भारत में चिंता का सबसे बड़ा कारण है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया, कर्ज लेकर अपनी जरूरत को पूरा करने की प्रवृत्ति पिछले दो दशक में बड़ी तेजी के साथ भारतीय समाज में भी बढ़ी है। वर्तमान स्थिति में परिवार के अधिकांश सदस्यों पर कर्ज इतना ज्यादा हो गया है,कि उसकी किस्तें चुकाना भी संभव नहीं रहा। आवश्यक खर्चों के लिए भी पर्याप्त आय नहीं होने के परिणाम स्वरूप मनोरोगियों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। पिछले एक दशक मेंआर्थिक कारणों से अपराध भी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं, यह चिंता का विषय है। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ,विशेष रूप से सामाजिक संगठनों को ध्यान देने की जरूरत है। समय रहते आर्थिक कारणों से मनोरोगियों की, जो संख्या बढ़ रही है। उसको समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया,तो आगे चलकर भारी दुष्परिणाम झेलने पड सकते हैं।

## गाँधी की भारत की परिकल्पना और आज का परिदृश्य

राम पुनियानी

हर वर्ष की तरह हम इस साल (2023) में भी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती मना रहे हैं। इस अवसर पर यह बेहतर होगा कि हम उनकी शिक्षाओं को याद करें, विशेषकर हमारे देश के वर्तमान परिदृश्य के परिप्रेक्ष्य में। सारी दुनिया महात्मा गाँधी का कितना सम्मान करती है यह इससे स्पष्ट है कि दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मलेन में भाग लेने आये दुनिया भर के शीर्ष नेताओं ने राजघाट पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह भी साफ है कि उस विचारधारा, जिसके कारण गांधीजी को सीने में तीन गोलियां खानी पडीं, के पैरोकार भी उन्हें नजरअंदाज करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। हम सब यह भी जानते हैं कि महात्मा गाँधी की विचारधारा पूरी दुनिया में फैल रही है। परन्तु महात्मा गाँधी के अपने देश भारत में सत्य, अहिंसा और सांप्रदायिक सद्भाव के उनके सिद्धातों के लिए कितनी जगह बची है? क्या गांधीजी के अपने देश भारत में नीतियां बनाते समय बापू के इस सबक को याद रखा जा रहा है कि राज्य को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को ध्यान में रखना चाहिए?

जिस विचारधारा का इस समय देश में बोलबाला है वह इस्लाम और ईसाई धर्म को विदेशी मानती है। यह समझ अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हिंसा की नींव है और इसके कारण भी उनके खिलाफ हिंसा होती है। भारत में लगभग सभी धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। इसे गांधीजी किस रूप में देखते थे? उन्होंने लिखा था, निश्चित रूप से भारत के लोगों के महान धर्म हमारे देश के लिए पर्याप्त हैं।।।। और फिर वे भारत के धर्मों को सूचीबद्ध करते हैं: ईसाई और यहूदी धर्मों के अलावा, हिन्दू धर्म और उसकी शाखाएं, इस्लाम और पारसी, भारत के जीवंत धर्म हैं, (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ गाँधी, खंड 46, पृष्ठ 27-28)।

आज जिस विचारधारा का बोलबाला है वह हिन्दू समाज की बुराईयों के लिए मुस्लिम आक्रांताओं को जिम्मेदार मानती है। उसके अनुसार, मुस्लिम शासकों ने हिन्दुओं का दमन किया। गांधीजी इतिहास को एकदम अलग नजरिए से देखते थे: मुस्लिम राजाओं के राज में हिन्दू फले-फुले और हिन्दू राजाओं के काल में मुस्लिम। दोनों पक्षों को यह अहसास था कि आपस में लड़ना आत्मघाती होगा। इसलिए दोनों पक्षों ने शांतिपूर्वक एक साथ रहने का निर्णय लिया। अंग्रेजों के आने के बाद झगड़े फिर शुरू हो गए।।।।क्या मुसलमानों का ईश्वर, हिन्दुओं के ईश्वर से अलग है? सभी धर्म अलग-अलग रास्ते हैं जो एक बिंदु पर मिलते हैं। इससे क्या फर्क पड़ता है कि हमने कौन-सी सड़क चुनी, जब तक कि हम एक ही मंजिल पर पहुंचें। इसमें लड़ने की क्या वजह है?

हिन्दुओं द्वारा इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने को भी बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। ईसाईयों के विरुद्ध अलग-अलग स्थानों पर भीषण हिंसा हो रही है। गाँधीजी ने लिखा था, ।।।मुस्लिम शासन के दौरान दोनों कौमों (हिन्दू और मुसलमान) के परस्पर रिश्ते शांतिपूर्ण रहे। यह याद रखा जाना चाहिए कि भारत में मुस्लिम शासन की शुरूआत के पहले भी कई हिन्दुओं ने इस्लाम अपना लिया था। मेरी यह मान्यता है कि अगर देश में मुस्लिम शासन न भी होता, तब भी यहाँ मुसलमान होते और अगर अंग्रेजों का शासन न भी होता, तब भी यहाँ ईसाई होते। (यंग इंडिया, फरवरी 26, 1925 के अंक में पृष्ठ 75 पर एक बंगाली जमींदार के पत्र पर टिप्पणी)

गांधीजी के महान अनुयायी नेहरु ने अपनी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में भारत के बारे में लिखा था: वह मानो एक प्राचीन स्लेट है जिस पर एक के ऊपर एक अनेक परतों में विचार और सपने लिखे गए परन्तु कोई परत, उसके पहले की परतों में जो कुछ लिखा गया था, उसे न तो पूरी तरह ढँक पाई और न ही मिटा पाई।

गांधीजी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से नफरत भड़काई जा रही है। मुंहजुबानी प्रचार और अन्य चैनलों के जरिए यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि गांधीजी ने भगतसिंह की मौत की सजा को रुकवाने का प्रयास नहीं किया। सच यह है कि गांधीजी ने लार्ड इरविन को दो पत्र लिखकर यह मांग की थी कि या तो भगतसिंह की फांसी की सजा को मुल्तवी कर दिया जाए या उसे आजन्म कारावास में परिवर्तित कर दिया जाए। लार्ड इरविन, गांधीजी के अनुरोध पर विचार कर रहे थे परन्तु पंजाब प्रान्त में पदस्थ ब्रिटिश अधिकारियों ने यह चेतावनी दी कि अगर ऐसा कुछ किया गया तो वे सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे देंगे। यह भी याद रखा जाना चाहिए कि गांधीजी ने 1931 में कराची में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में पारित वह प्रस्ताव तैयार किया था जिसमें भगतसिंह को फांसी दिए जाने की निंदा की गई थी।

यह झूठ भी फैलाया जा रहा है कि गांधीजी ने सुभाषचंद्र बोस के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। सच यह है कि अहिंसा के सिद्धांत और दूसरे विश्वयुद्ध का लाभ उठाते हुए अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने के मुद्दों पर दोनों नेताओं में मतभेद थे परन्तु वे दोनों एक दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। बोस, गांधीजी को राष्ट्रपिता कहकर संबोधित करते थे और उन्होंने आजाद हिन्द फौज की पहली बटालियन का नाम गांधीजी के नाम पर रखा था। गांधीजी, बोस को देशभक्तों का राजा बताते थे और वे जेल में कैद आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों से मिलने गए थे। और जेल में डाल दिए गए फौज के अधिकारियों और सैनिकों के मुकदमों में कांग्रेस नेताओं ने ही उनकी पैरवी की थी।

इसी तरह, गांधीजी और आंबेडकर के परस्पर मतभेदों को भी भी बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित किया जाता है। आंबेडकर, पृथक निर्वाचन के समर्थक थे वहीं गांधीजी की दृष्टि में आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों की व्यवस्था बेहतर थी। गांधीजी चाहते थे कि औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष में देश एक बना रहे। बाबासाहेब भी यह मानते थे कि महात्मा गाँधी, स्वाधीनता आन्दोलन के शीर्षतम नेता हैं और अपने दूसरे विवाह, जो अंतरजातीय था, के बाद आंबेडकर ने कहा था कि अगर गांधीजी आज जीवित होते तो वे बहुत प्रसन्न होते। गांधीजी ने ही यह सुनिश्चित किया कि आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहली कैबिनेट में शामिल हों और उन्होंने ही यह सुझाव दिया था कि आंबेडकर को संविधान सभा की मसविदा समिति का अध्यक्ष बनाया जाए। हाँ, सरदार पटेल और नेहरु में से कौन भारत का पहला प्रधानमंत्री बने, इस मुद्दे पर गांधीजी ने नेहरु का समर्थन किया था। यह महत्वपूर्ण है कि पटेल और नेहरु दोनों गांधीजी के निकट सहयोगी थे। गांधीजी ने नेहरु को इसलिए चुना क्योंकि उन्हें वैश्विक राजनीति की समझ थी। कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं जैसे गांधीजी के बाद, नेहरु आमजनों में सबसे लोकप्रिय थे। वे उम्र में पटेल से कम से और इसलिए देश की प्रगति के लिए अपेक्षाकृत अधिक लम्बे समय तक काम करते रहने में सक्षम थे। परन्तु ये केवल कयास हैं। जहाँ तक नेहरु और पटेल का सवाल है, चंद मुद्दों पर मतभेद के बावजूद, वे एक-दूसरे के बहुत करीब थे। पटेल ने यह कहा था कि नेहरु उनके छोटे भाई होने के साथ-साथ उनके नेता भी हैं।

# जातिगत जनगणना का मतलब वोट के लिए समाज को तोड़ने की साजिश

जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी। पर गरीबों का आंकड़ा तो सरकार के पास पहले से ही है। बिहार के कितने लोग गरीब और पिछड़े हैं, इसकी पूरी जानकारी शासन के पास है। तो क्यों नहीं सुधार किया अब तक? चाहे दलित हों, पिछड़े हों या मुसलमान हों, नीतीश कुमार और लालू-राबड़ी सरकार में उनकी हालत बद से बदतर ही हुई है। दरअसल, इनका दलित व पिछड़ा प्रेम सिर्फ जबानी जमा-खर्च है और कुछ नहीं। चाहे लालू यादव या नीतीश कुमार हों या कांग्रेस या स्व मुलायम सिंह यादव, इन्होंने हमेशा गरीबों का इस्तेमाल ही किया है।

श्याम जाजू

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार में जातिगत जनगणना के नतीजे जारी किए गए हैं। यह 17 साल से सत्ता पर काबि नीतीश कुमार की मंशा पर सवाल उठाते हैं। बिहार जैसे प्रदेश में जहां पहले लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में कुल 32 वर्षों से पिछड़ों का ही राज हो, वहां आज भी पिछड़ों के पिछड़ा रह जाने का राग अलापा जाए तो सवाल खड़े ही होंगे। जाहिर है इतने वर्ष चुप रहने के बाद चुनावी फायदे की चाह में करवाई गई जाति जनगणना एक राजनीतिक षड्यंत्र और प्रपंच ही है। वैसे भी बिहार में व्यग्तिगत राजनीतिक स्वार्थों के लिए की गई ये प्रक्रिया संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है, क्योंकि 1948 के जनगणना कानून में जातिगत जनगणना करवाने का कोई प्रावधान ही नहीं है। जनगणना का विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की पहली सूची में आता है और इसलिए इस तरह की जनगणना को कराने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को है। इसलिए बिहार सरकार द्वारा की गई जाति जनगणना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि देश को राजनीतिक लाभ के लिए बांटने और तोड़ने की एक कुत्सित साजिश है।

दरअसल इन जातीय गणना करवाने वालों का समाज की बेहतरी से कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा जातिगत गणना को ऐसे अंतिम दांव के रूप में देखा जा सकता है जो लोगों को कुशासन, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दों से भटका कर और जातियों में बांटकर उलझाना चाहता है, जिससे समाज बंट जाए और बंटे हुए वोट शायद इनकी चुनावी नैया पार लगा दें। नीतीश कुमार और लालू यादव हमेशा की तरह ही जाति में आग लगाकर अपनी रोटी सेंक कर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। देश, समाज और गरीबों के हालात से न इन्हें कभी सरोकार रहा है, न कभी रहने वाला है।

जातीय जनगणना के समर्थक नेता कह रहे हैं कि जातियों की गणना से लोगों की स्थिति सुधरेगी। पर गरीबों का आंकड़ा तो सरकार के पास पहले से ही है। बिहार के कितने लोग गरीब और पिछड़े हैं, इसकी पूरी जानकारी शासन के पास है। तो क्यों नहीं सुधार किया अब तक? चाहे दलित हों, पिछड़े हों या मुसलमान हों, नीतीश कुमार और लालू-राबड़ी सरकार में उनकी हालत बद से बदतर ही हुई है। दरअसल, इनका दलित व पिछड़ा प्रेम सिर्फ जबानी जमा-खर्च है और कुछ नहीं। चाहे लालू यादव या नीतीश कुमार हों या कांग्रेस या स्व मुलायम सिंह यादव, इन्होंने हमेशा गरीबों का इस्तेमाल ही किया है। कभी जाति, कभी मजहब, कभी संप्रदाय के धागों में उलझा कर इन नेताओं ने उन्हें एक ऐसा वोट का एटीएम समझा है जिसमे कुछ बटन दबा कर जब चाहे अपने पाले में वोट डलवा लो।

सच तो यह है कि इस बात का कोई ठोस आधार नहीं है कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रफ्तार जाति और वर्ग-भेद के कारण थमी हुई है और जाति के खांचे में बटते ही सर्वव्यापी सुधार होने लगेगा। जाति जनगणना के बाद गरीब की स्थित में प्रभावी परिवर्तन आ जाएगा, इसका भी कोई प्रामाणिक आधार नहीं है। वैसे भी आज के जमाने में आरक्षण सहित हर क्षेत्र में बिना बाधा समान अवसर उपलब्ध हैं तो जातिगणना से कैसे कुछ नया हो जाएगा? जाति जनगणना के समर्थकों का यह तर्क कि इससे विभिन्न जातियों के मध्य व्याप्त विसंगतियों को समाप्त करने में सहायता मिलेगी भी संदेहास्पद है, क्योंकि यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि समाज में सब से अधिक विसंगतियां जाति-आधारित विभाजन से ही आई हैं और अगर मान भी लीजिए कि जातिगत जनगणना से यह पता चल भी जाता है कि फलां जाति संख्या में कम या ज्यादा है तो इससे सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों को कैसे बदला जाएगा? इसके उलट, जातीय विभाजन लोक-विमर्श के केंद्र में आने से वास्तविक उपेक्षा की मार झेल रहे वर्गों के चिह्नित होने और प्रताड़ित होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।

गरीबों का भला उनको जाति और उपजाति के रूप में चिह्नित करने से नहीं होगा बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति और 'अंत्योदय' की अवधारणा से उनका उद्धार करने से होगा। आज समय बराबरी का है और बढ़ते हुए भारत में लगातार बढ़ते समान अवसरों का है। होना तो यह चाहिए के समाज में सभी को बराबर समझा जाए और सभी को उन्नति अवसर दिए जाएं। जो सही में पिछड़े हैं, शासन उनकी शक्ति बने और जो कल के पिछड़े आज सशक्त और समर्थ बन गए हैं वो स्वेच्छापूर्वक आरक्षण लाभ का त्याग कर अन्य सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़े नागरिकों के लिये जगह बनाएं। इसके लिए सरकार को नहीं, समाज को ही आगे आना होगा। वैसे भी आज राज्य विकास के कई प्रकल्पों से स्वयं को अलग कर रहा है। उदारीकरण के बाद राज्य अब सबसे बड़ा नियोक्ता भी नहीं रहा। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास और आहार जैसे मूलभूत प्रकल्प निरंतर नव-उदारवाद से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बढ़ते, विकसित होते हुए समाज की प्रगति को रोक कर अपने क्षुद्र राजनीतिक फायदों के लिए जातीयता का संघर्ष बढ़ाना क्या उचित है? लग तो यह रहा है कि नेताओं का एक वर्ग नई चुनौतियों के नए समाधान खोजने की बजाए देश को पुरानी उलझनों में ही उलझाए रखना चाहता है।

इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे समाज में अधिकाशंतः आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक पिछड़ापन जाति से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसके मूल कारण में सिर्फ जाति ही नहीं है, सदियों की दासता और अनेक ऐतिहासिक कारण भी हैं। इसको सिर्फ जाति से जोड़कर देखना उचित नहीं होगा। अगर जाति जनगणना के समर्थकों की बात मानकर ऐसा किया जाए ताकि हर जाति की असल संख्या और जनसंख्या दर्ज हो तो इससे क्या लाभ होगा? क्या वाकई जातीय संख्या उल्लेखित होने से समावेशी विकास और नीति-निर्माण को बल मिलेगा? क्या समावेशी विकास को केवल जाति के आधार पर पुनः परिभाषित करने से विकास सुनिश्चित हो जायेगा? यह भी कहा जा रहा है कि हर जाति की संख्या जानकर हम समानता की राह पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन क्या इससे अन्तरजातीय प्रतिस्पर्धा और अंतहीन सामाजिक संघर्ष नहीं बढ़ेगा?

देश के प्रधानमंत्री आज जब यह कह रहे हैं कि सबसे बड़ी आबादी गरीबों की है तो इसके पीछे भी बहुत बड़ा संदेश छिपा है। वो यह बता रहे हैं कि गरीब-गरीब होता है, वो अगर जातियों में बिखर गया तो फिर उसके साथ वही होगा जो लंबे समय से होता आया है- पिछड़े, गरीब की रट लगा-लगाकर सत्ता सुख भोगते रहो। पहले ये काम विदेशियों ने किया अब देश के कुछ राजनितिक दल यह करना चाहते हैं।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कह रहे हैं देश में जिनकी जितनी आबादी है, उन्हें उनका उतना हक मिलना चाहिए। यह एक बहुत ही गैर-जिम्मेदाराना बयान है। अगर सब कुछ जनसंख्या से ही तय होना है तो फिर हर जाति और मजहब अपनी-अपनी जनसंख्या बढ़ाने पर लग जाएगा और आबादी के बोझ से दबा यह देश और दब जाएगा। चाहे राहुल हों या नीतीश कुमार, इन्हें सिर्फ अपनी सत्ता की परवाह है न कि गरीबों या पिछड़ों की। बिहार में अगर नीतीश और लालू को वास्तव में अति पिछड़ों की परवाह है तो उन्हें सत्ता पर अपना कब्जा छोड़ देना चाहिए और अति पिछड़े वर्ग के लोगों को बागडोर सौंप देनी चाहिए। पर न वो ऐसा कभी करेंगे न कांग्रेस शासित राज्य, क्योंकि यह उनके स्वार्थ से मेल नहीं खाता।

जातीय जनगणना की कवायद बिहार की गरीब जनता में भ्रम फैलाने के सिवाय कुछ नहीं है। रिपोर्ट तो यह आनी चाहिए थी कि नीतीश कुमार और लालू यादव ने अपने 32 साल के शासन में गरीबों का कितना उद्धार किया, कितने लोगों को नौकरियां दीं? पर अगर ये आंकड़े आ गए तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी और वो गरीबों की आंखों में धूल नहीं झोंक पाएंगे।

(लेखक, भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी

विजय गर्ग



ऐसे युग में जहां प्रौद्योगिकी हमारे जीने और सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) एक शिक्षा क्रांति का मार्ग प्रशस्त करती है। एनईपी 2020 एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां शिक्षा न केवल सभी के लिए सुलभ हो, बल्कि क्षमताओं या अक्षमताओं की परवाह किए बिना वास्तव में समावेशी हो। यह शिक्षा में समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में डिजिटल प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। यह प्रत्येक बच्चे के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर जोर देता है। इसके अतिरिक्त, एनईपी 2020 शैक्षिक उद्देश्यों के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में शिक्षक प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। नई प्रौद्योगिकियाँ नए सीखने के तौर-तरीकों की खोज को सक्षम कर सकती हैं जो शैक्षिक प्रणालियों के पारंपरिक पदानुक्रम को बाधित करती हैं और विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) या दिव्यांग बच्चों के लिए कठोर, निष्क्रिय सीखने के दृष्टिकोण के वास्तविक विकल्प विकसित करती हैं। शिक्षण और सीखने में प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग, भाषा की बाधाओं को दूर करना, दिव्यांग छात्रों के लिए पहुंच बढ़ाना और शैक्षिक योजना और प्रबंधन एनईपी 2020 के मूलभूत सिद्धांतों में से एक है और यह छात्रों के लिए उपलब्ध कराए गए शैक्षिक सॉफ्टवेयरों की एक समृद्ध विविधता के विकास की भी पहल करता है। और सभी स्तरों पर शिक्षक, सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में दिव्यांग छात्रों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सुलभ होंगे। आईसीटी को समावेशी शिक्षा के एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में मान्यता प्राप्त है, और एनईपी 2020 सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए आईसीटी के उपयोग के महत्व पर जोर देता है।

सीडब्ल्यूएसएन की शिक्षा में डिजिटल तकनीक को शामिल करना आधुनिक शिक्षा परिदृश्य में केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। एनईपी 2020 का समावेशिता और समानता पर ध्यान विशेष जरूरतों वाले बच्चों को सशक्त बनाने की प्रौद्योगिकी की क्षमता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। यह न केवल शैक्षिक असमानताओं को पाटने का वादा करता है बल्कि उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष सहायता भी प्रदान करता है। यह सभी के लिए अधिक न्यायसंगत और सुलभ शिक्षा प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। डिजिटल तकनीक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनके विकास में सहायता करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकती है और यह उनके संचार, सामाजिक और संज्ञानात्मक कौशल को विकसित करने में मदद कर सकती है। इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा में क्रांति लाने की क्षमता है। विकलांग छात्र विभिन्न प्रकार की क्षमताओं और आवश्यकताओं को प्रदर्शित करते हैं, इसलिए उन्हें विभिन्न प्रकार की निदेर्शात्मक और मूल्यांकन विधियों और रणनीतियों की आवश्यकता होती है। शिक्षकों को डिजिटल उपकरणों को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करके, हम एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी शैक्षिक प्रणाली बना सकते हैं जहां हर बच्चे को, चाहे उसकी क्षमता कुछ भी हो, आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सीडब्ल्यूएसएन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने, उनके सीखने का समर्थन करने और अधिक समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने के लिए, शिक्षकों को सीडब्ल्यूएसएन की आईसीटी आवश्यकताओं की पहचान करने, उपयुक्त आईसीटी उपकरणों और संसाधनों का चयन करने और उपयोग करने, डिजिटल का उपयोग करके शैक्षिक सामग्री को अपनाने और विकसित करने में कुशल होने की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी, इसे कक्षा के पाठ्यक्रम में एकीकृत करना, और डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सीखने का आकलन और मूल्यांकन करना।

## कानपुर का धमकीबाज दरोगा : दो पक्षों में झगड़ा...पीड़ित पक्ष को धमकाया, कहा- मुकदमा लिखकर भेज दूंगा जेल

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चौबेपुर थाना क्षेत्र के बजरहापुरवा गांव में गुरुवार देर शाम दो पक्षों में विवाद हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट लिखने का आश्वासन दे दिया। वहीं, दूसरे पक्ष ने न्याय की गुहार लगाने पर मौके पर मौजूद एक दरोगा द्वारा धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

बजरहापुरवा गांव निवासी छोटे कमल ने बताया कि उनका गांव के ही कुछ लोगों से झगड़ा हो गया था। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना भी दी। मौके पर पहुंचे एक दरोगा ने उनकी गुहार सुनने की बजाय उन पर ही मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। कहा कि घर के सभी सदस्यों पर मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा। पीड़ित पक्ष ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## यूनिवर्सिटी के वीएम हॉल में मारपीट, छात्रा को घुमाने पर टोका, तो सीनियर छात्र को पीटा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीएम हॉल में 11 अक्तूबर की दोपहर एक छात्र को पीटा गया। घटना के मूल में एक छात्रा को घुमाने का विरोध बताया गया है और मारपीट के दौरान धर्म को लेकर भी धमकाने का आरोप है। इस मामले में 12 अक्तूबर को पीड़ित एसपी सिटी से मिला। वहीं देर शाम प्रॉक्टर कार्यालय पहुंच कर साथियों संग हंगामा किया। मामले में देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

मूल रूप से मथुरा में दीनदयाल उपाध्याय नगर के राजू ने एएमयू से एमपीएड किया है। अब वह वीएम हाल में रहकर पीएचडी की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि दो दिन पहले दोपहर में गाजीपुर निवासी एमपीएड छात्र परवेज अपने 4 साथियों संग आया और पिटाई कर दी। मामले में राजू की ओर से जो तहरीर दी गई है, उसमें कहा गया है कि परवेज व उसके साथी तमंचा लेकर आए और अलीगढ़ छोड़ने की धमकी देते हुए मारपीट की। उसने बातचीत की कोशिश की, मगर जमकर पीटा गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस के अनुसार तहरीर में इस बात का भी उल्लेख है कि आरोपी एक छात्रा को बाइक पर लेकर घूमता है। जिसका पीड़ित ने विरोध किया। इसी बात को लेकर पीटा गया और उसके धर्म को लेकर भी गाली दी गई। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पहले एसपी सिटी से मुलाकात की, बाद में प्रॉक्टर कार्यलय पहुंचकर हंगामा किया। डिप्टी प्राक्टर प्रो. एस नवाज जैदी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना सीसीटीवी में कैद बताई गई है। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस विजय सिंह के अनुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के अनुसार आरोपों की जांच के लिए सीसीटीवी आदि देखे जाएंगे। फिलहाल मुकदमा लिखा दिया गया है।

## लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर मांगी एक करोड़ की रंगदारी, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर कस्बा निवासी एक प्रापर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। कॉल करने वाले ने रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। मामले में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। थाना पुलिस के अनुसार जिस नंबर से कॉल की गई वह अंतरराष्ट्रीय नंबर है। उपरोक्त नंबर में देश का कोड अमेरिका का है। प्रापर्टी डीलर प्रमोद वार्ष्णेय उर्फ पंकज साईं जमीन की खरीद-फरोख्त का कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपने आप को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया। रंगदारी के रूप में एक करोड़ रुपये की मांग की। धमकाते हुए कहा कि उनके परिवार के बारे में पूरी जानकारी है। एक खोखा यानी एक करोड़ रुपये नहीं दिए तो जान से मार देगा। इसके बाद जो वारिस बचेगा उसे भी मार दिया जाएगा। इस धमकी से डरे प्रापर्टी डीलर ने तत्काल उक्त नंबर सहित थाने में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई। थाना पुलिस के अनुसार मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## एटीएम में छेड़छाड़ कर निकाले 3.40 लाख, 2 साल बाद दर्ज हो सका केस

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में कमला नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा में लगे एटीएम में छेड़छाड़ करके 3.40 लाख रुपये निकाल लिए गए। रकम निकालने के लिए कई डेबिट कार्ड का भी प्रयोग किया गया। बैंक की जांच में अवैध तरीके से धन निकासी का पता चला। मामले में दो साल बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। केनरा बैंक, कमला नगर शाखा की प्रबंधक कृति उपाध्याय ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। उन्होंने बताया कि शाखा परिसर में लगे एटीएम से 5 सितंबर 2020 से 24 सितंबर 2020 के बीच 3.40 लाख रुपये निकाले गए। इसके लिए विभिन्न डेबिट कार्ड का प्रयोग किया गया। एटीएम में भी छेड़छाड़ की गई। इसका पता बैंक की आंतरिक जांच में चला। पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, मगर, कार्रवाई नहीं हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर बुधवार को चोरी, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष कमला नगर विपिन गौतम का कहना है कि साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। बैंक से फुटेज निकलवाए जाएंगे। एटीएम में छेड़छाड़ करके रकम निकालने का यह पहला मामला नहीं है। पहले भी पुलिस ने गैंग पकड़ा था। वह मशीन में लोगों के कार्ड फंसाकर रकम निकाल लेता था। इतना ही नहीं मदद के नाम पर डेबिट कार्ड बदलकर खाते से रकम निकालने वाला गैंग भी सक्रिय है। इस तरह से कई वारदात हो चुकी हैं।

## एयर कंप्रेसर में धमाके के बाद लगी आग, दो बहनें गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में भर्ती

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में टायर में हवा भरने वाले कंप्रेसर में धमाके बाद आग लगने से दो बहनें झुलस गईं। संत रविदासनगर निवासी आलोक वर्मा मार्बल की दुकान में काम करते हैं। उन्होंने घर के बाहर पंचर की दुकान किराये पर दे रखी है। पड़ोसी राहुल यादव ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े चार बजे टायर में हवा भरने वाले कंप्रेसर में धमाका हो गया। इससे कंप्रेसर में आग लग गई। इस हादसे में दिशा तथा छोटी बहन सोनी गंभीर रूप से झुलस गईं। पड़ोसियों ने दोनों को हैलट पहुंचाया, जहां दोनों की हालत स्थिर है। इंस्पेक्टर जूही जितेंद्र सिंह ने बताया कि आग पर तत्काल ही काबू पा लिया गया था।

# सीएम योगी सख्त...शोभायात्रा और जुलूस में अब तेज आवाज में डीजे बजाएंगे तो जेल जाएंगे

**गोरखपुर , एजेंसी।** देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन एवं जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे नहीं बजाए जाने को लेकर प्रशासन ने हाईकोर्ट के मानक का सख्ती से पालन कराने का निर्णय लिया है। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस में डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने मातहतों के साथ बैठक की। साफ तौर पर निर्देश दिया कि उतनी ही आवाज में डीजे बजने दें जिससे दूसरों को परेशानी न होने पाए। अगर नियम-कायदे तोड़ेंगे तो जेल भी जाएंगे।

डीएम और एसएसपी ने बैठक में प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियों की जानकारी ली। दोनों अफसरों ने कहा कि नई प्रतिमा की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारंपरिक तौर से जो प्रतिमाएं स्थापित होती आई हैं, उन्हें ही अनुमति है। एसएसपी ने बताया कि हर प्रतिमा के लिए एक पुलिसकर्मी को नोडल बनाया गया है। अभी तक के रिकॉर्ड के मुताबिक, जिले में 3900 प्रतिमाएं स्थापित होनी हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान लोग तेज डीजे बजाते हैं। इसकी वजह से सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को होती है, जिनका घर उन रास्तों पर पड़ता है, जहां से जुलूस निकलता है। इसे लेकर लोगों ने बीते दिनों विरोध भी जताया था।






**इसे भी पढ़ें: गोरखपुर में प्रॉपर्टी डीलिंग ऑफिस की आड़ में चल रहा था हुक्का बार, दो गिरफ्तार:** एसएसपी ने पुलिस को इस बार दुर्गा पूजा में डीजे के तेज आवाज को लेकर गंभीरता से कार्रवाई का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि विसर्जन मार्ग को सही कराकर रास्तों में पड़ने वाले तार को भी ठीक किया जाए, ताकि कहीं कोई दिक्कत न आने पाए। अगर इसमें लापरवाही मिली तो कार्रवाई भी की जाएगी।

**डीजे के शोर पर कसेगा शिकंजा, पुलिस प्रशासन की तैयारी से लोगों में खुशी:** गोरखपुर शहर में तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक लगाने के लिए पुलिस-प्रशासन की तैयारियों पर बसंतपुर के लोगों ने खुशी जताई है।

उनका कहना है कि अगर प्रशासन अभियान के तौर पर इसका सख्ती से पालन करा दे तो हम लोग भी सुकून भरी नींद ले सकेंगे।

शोभायात्रा और जुलूसों में तेज आवाज में डीजे बजाने से लोगों को काफी दिक्कत होती है। हृदय रोगी, पहले से बीमार सहित अन्य लोग इससे परेशान होते हैं। गणेश, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे के कारण बसंतपुर मोहल्ले के लोग परेशान हुए। बसंतपुर रामजानकी मंदिर परिवार के लोगों ने तीन अक्तूबर को एडीएम सिटी को पत्र सौंपा था, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।



## संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तारीख तय, राष्ट्रपति मुर्मू हो सकती हैं मुख्य अतिथि

**वाराणसी , एजेंसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 41वें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हो सकती हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को भी आमंत्रित किया जाएगा। जल्द ही परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे जिससे कि दीक्षांत में किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न न हो।

संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 27 नवंबर को होगा। इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को दीक्षांत समिति की बैठक भी हुई। 18 समितियों के संयोजकों की मौजूदगी में कुलपति ने कहा कि 10 नवंबर तक मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा हो जाएगी। इससे निमंत्रण पत्र के प्रकाशन में किसी तरह की समस्या नहीं आएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए 24 घंटे सहयोग दिया जाएगा। हर समस्या का त्वरित समाधान होगा। इस मौके पर कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## धोखेबाज दुल्हन : अदालत से भी छिपाई बच्चों की बात, शादी की तारीख भी गलत बताई, पहले पति-फर्जी भाई समेत अन्य फरार

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में इनकम टैक्स अफसर बनकर फजलगंज थाने में तैनात सिपाही जितेंद्र गौतम से शादी करके 10 लाख रुपये का चूना लगाने वाली धोखेबाज दुल्हन शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता देवी का एक और झूठ पुलिस ने पकड़ा लिया। शिवांगी ने पहले पति से तलाक के अदालत में दाखिल मुकदमे में दो बच्चे होने की बात छिपाई।

साथ ही 2007 के स्थान पर 2015 में शादी होना बताया। पुलिस ने अदालत से शिवांगी के तलाक के मुकदमे से जुड़े दस्तावेज हासिल किए हैं। पुलिस ने झांसी पर शिवांगी के पहले पति, कन्यादान करने वाले फर्जी भाई, भाभी व किराये पर आए जनातियों के घरों में दबिश दी, लेकिन सभी के घरों में ताले लटके मिले।

**शिवांगी को फ्लैट में उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ा:** झांसी के खुशीपुरा कचहरी के पास रहने वाली शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता देवी उर्फ पिंकी गौतम उर्फ सविता शास्त्री ने सिपाही जितेंद्र से फेसबुक पर दोस्ती की। फर्जी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनकर 2021 में झांसी में शादी की थी। नजीराबाद में जितेंद्र के साथ रहने के दौरान सिपाही ने शिवांगी को फ्लैट में उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ा।

**गैंग का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस झांसी पहुंची:** तब उसकी असलियत सामने आई और जितेंद्र ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शिवांगी के पूरे गैंग का पर्दाफाश करने, उसके खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाने के लिए नजीराबाद पुलिस झांसी गई थी। मऊरानीपुर में मंडी के पास रहने वाला पहला पति बृजेंद्र फरार है।

**सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अदालत में अर्जी दी थी:** उसकी दुकान और घर पर ताला लटका मिला। पुलिस ने दादी-बाबा के घर में रह रहे उसके दो बच्चों, शिवांगी के गुरसहाय थाना क्षेत्र के नुरारी गांव स्थित मायके पहुंचकर असली पिता, भाई और भाभी समेत कई लोगों से पूछताछ की है। शिवांगी ने पहले पति को जीजा बताते हुए सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट कराने के लिए अदालत में अर्जी दी थी।

## शुरू होने जा रही हैं 3 वंदे साधारण एक्सप्रेस, किराया साधारण, सुविधाएं होंगी लग्जरी



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ से दिल्ली, गोरखपुर व वाराणसी के बीच जल्द ही तीन वंदे साधारण एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें जनरल क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को ध्यान में रखकर चलाई जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली से पहले ट्रेनों की घोषणा हो जाएगी। रेलवे की ओर से देशभर में वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। हाल ही में गोरखपुर से लखनऊ के बीच भी वंदे भारत शुरू की गई है, जिसका अच्छा रेस्पॉन्स आ रहा है। चूंकि वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक पर रेलवे को 120 से 130 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं, इसलिए इन अत्याधुनिक ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। ऐसे में सामान्य व निम्न आयवर्ग के यात्री वंदे भारत में सफर से वंचित रह जाते हैं। यात्रियों की ओर से लगातार यह मांग उठाई जाती रही है कि सुविधाओं से लैस सस्ती व किफायती ट्रेनें चलाई जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। रेलवे बोर्ड के एक अफसर ने बताया कि यात्रियों की मांग के दृष्टिगत जल्द ही वंदे साधारण एक्सप्रेस ट्रेनों को पटरी पर उतारा जाएगा, जिसकी तैयारियां की जा रही हैं। रेलवे प्रशासन की ओर से देशभर में इन ट्रेनों को चलाया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ के हिस्से तीन ट्रेनें आ सकती हैं, जिसमें लखनऊ से दिल्ली, लखनऊ से गोरखपुर व लखनऊ से वाराणसी रूट के यात्रियों को आराम हो जाएगा। इन ट्रेनों के लिए समयसारिणी, किराया आदि पर भी मंथन किया जा रहा है।

### एलएचबी होगा रैक

वंदे साधारण एक्सप्रेस ट्रेनों का रैक लिंक हाफमैन बुश एलएचबी क्लास का होगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इन बोगियों में आरामदायक सीटें, लाइटिंग, चार्जिंग पोर्ट, बेहतर शौचालय, पंखे आदि रहेंगे।

## अस्पताल में गर्भवती की मौत, परिजन बोले- बिना बताए कर दिया ऑपरेशन





**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में दामोदरनगर स्थित एक निजी अस्पताल में विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर बिना बताए ऑपरेशन करने और इलाज में लापरवाही बरतने की वजह से मौत का आरोप लगाया है। परिजनों के हंगामे पर पहुंची पुलिस ने उनकी तहरीर पर अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर दंपती पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फतेहपुर के जहानाबाद द्वारिकानगर निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि नौ अक्तूबर को उनकी पत्नी सेजल (21) के पेट में तेज दर्द उठा। अगले दिन सेजल को दामोदर नगर स्थित द ओरिएंट हास्पिटल लेकर आए। डॉक्टरों ने पेट में गांठ बताते हुए भर्ती कर लिया।

**बोला था- वह सो रही है और सुबह डिस्चार्ज कर देंगे:** आरोप है कि डॉक्टर ने पहले 50 हजार रुपये जमा कराए। इसके बाद दवाओं व कई जांच के नाम पर 1.20 लाख रुपये और ले लिए। सेजल का पेट दर्द बढ़ता जा रहा था। बुधवार को उससे मिलने का प्रयास किया, तो डॉक्टर ने मना कर दिया। रात में बोले कि वह सो रही है और सुबह डिस्चार्ज कर देंगे।

**डॉक्टर दंपती पर रिपोर्ट दर्ज:** सुबह मिलने पहुंचे, तो मिलने नहीं दे रहे थे। जबरन अंदर घुसे, तो सेजल का शव पड़ा था। इससे भड़के परिजनों ने हंगामा शुरू कर किया। इंस्पेक्टर बर्रा सूर्यबली पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर डॉक्टर जेपी उत्तम और उनकी पत्नी डॉक्टर मंजू उत्तम पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एडीए की बड़ी कार्रवाई: अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, बालाजी धाम सहित दो कॉलोनियां ध्वस्त




**आगरा , एजेंसी।** आगरा में अवैध कॉलोनियों व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार को ताजगंज वार्ड में रजरई रोड पर 4000 वर्ग मीटर में बन रहा बालाजी धाम और नौफरी रोड पर सेमरी में 3000 वर्ग मीटर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है।

सेमरी रोड स्थित मौजा रजरई में रावत एंड राठौर प्रापर्टी लिंकर्स ने 4000 वर्ग मीटर में सड़क व दीवार खड़ी कर अवैध प्लॉट बनाए। 23 फरवरी 2023 को एडीए के अवर अभियंता ने निरीक्षण किया। रावत एंड राठौर प्रापर्टी लिंकर्स कॉलोनी के संबंध में कोई मानचित्र व अनुमति नहीं दिखा सके। कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्माण पर रोक लगाई। लेकिन, अवैध निर्माण नहीं रुका। बृहस्पतिवार को एडीए प्रवर्तन दल ने पुलिस फोर्स व मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अवैध बालाजी धाम कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया।

वहीं, मौजा सेमरी में नौफरी रोड पर यादराम उर्फ हनुमान दास शर्मा ने 3000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कॉलोनी बनाई। एडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया। आठ महीने पहले काम रोकने का एडीए ने नोटिस दिया। निर्माण जारी रहने पर बृहस्पतिवार को एडीए ने ध्वस्त कर दिया।

एडीए उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ ने बताया कि ध्वस्तीकरण के बाद यदि दोबारा निर्माण होता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अवैध कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क, सीवर जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं होती। उन्होंने कहा, अवैध कॉलोनियों में प्लॉट, मकान न खरीदें।

## दो कारोबारियों से 3.22 करोड़ की चांदी जब्त

**आगरा, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में आगरा के दो कारोबारियों की कार से 4.67 क्विंटल चांदी के जेवरात बरामद किए गए। इनकी कीमत 3.22 करोड़ रुपये बताई गई है। कारोबारी मौके पर जेवरात से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जीएसटी की टीम भी जांच कर रही है। पुलिस ने माल सहित वाहन को भी सीज किया है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद मध्य प्रदेश में पुलिस सीमा पर वाहनों की चेकिंग कर रही है। बुधवार रात सागर के मालथौन थाना पुलिस अटा सीमा पर चेकिंग कर रही थी। तभी आगरा नंबर की ईको स्पोटर्स कार को रोका गया। सागर पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट में जानकारी दी गई है कि चेकिंग में पकड़ी गई गाड़ी से चांदी की पायल, चेन और ब्रेसलेट के पैकेट मिले। कार में सवार बेलनगंज निवासी उमेश गोयल और बल्केश्वर निवासी अमित अग्रवाल ने खुद को चांदी कारोबारी बताया। पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह माल विजयवाड़ा और हैदराबाद ले जा रहे थे। वह दोनों मौके पर कागजात नहीं दिखा सके। इस पर जीएसटी की टीम को



बुलाया गया। आगरा से बड़े पैमाने पर हैदराबाद, बंगलूरू और दक्षिण भारत के शहरों में चांदी की पायलें और चेन भेजी जाती हैं। इसमें जीएसटी की चोरी भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। चांदी कारोबारियों का माल मध्य प्रदेश में पकड़े जाने के बाद बाजार में भी चर्चा शुरू हो गई। लोग यही कह रहे थे कि आम तौर पर माल कूरियर कंपनी के माध्यम से भेजा जाता है।

मगर, चांदी कारोबारी खुद क्यों ले जा रहे थे? मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल बज चुका है। ऐसे में पुलिस सक्रिय है और बार्डर पर चेकिंग चल रही है।

## सुल्तानपुर डॉक्टर हत्याकांड : मेनका गांधी के सामने चिकित्सक की पत्नी का गुस्सा फूटा

### *कहा- सरकार से उम्मीद नहीं*

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** न्याय देने के नाम पर मेरे साथ मजाक हो रहा है। हत्यारोपी आराम से उसी पुलिस चौकी में आत्मसमर्पण कर दे रहा है जहां मेरे पति की हत्या हुई है। कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा हो रहा है। एडेड स्कूल में साढ़े सात हजार की नौकरी का ऑफर देकर प्रशासन जख्मों पर नमक छिड़क रहा है। अब मुझे इस घटना की सीबीआई जांच चाहिए, आप से या सरकार से मुझे अब कोई उम्मीद नहीं है। बृहस्पतिवार को सांसद मेनका गांधी के गांव पहुंचने पर चिकित्सक घनश्याम तिवारी की पत्नी का गुस्सा इन लफ्जों में फूटा।

घटना के करीब 20 दिन बाद सांसद मेनका गांधी चिकित्सक घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी से मिलने उनके गांव सखौली कलां पहुंचीं। उन्होंने शोक जताया तो चिकित्सक की पत्नी ने कहा कि पुलिस कहती है कि आरोपी अजय नारायण को गिरफ्तार किया तो मेरा कहना है कि उसे गिरफ्तार नहीं किया गया, उसने आत्मसमर्पण किया।

सांसद ने कहा कि वह जेल में है ना तो पीड़िता ने कहा कि वे बड़े-बड़े रसूख वाले लोग हैं, दो महीने में छूट जाएंगे। पीड़िता ने सांसद से कहा कि मेरा आपसे मिलने का मन नहीं था लेकिन मैं आपका सम्मान करती हूं, इसलिए मैं आपसे मिली। मेरे साथ निष्पक्षता से न्याय नहीं हो रहा है। नौकरी के नाम पर मेरे साथ मजाक किया गया। मुझे पांच हजार की नौकरी दी गई। मुझे स्थाई नौकरी चाहिए। निशा तिवारी ने आगे कहा कि मुझे आपसे और योगी जी से, किसी से भी उम्मीद नहीं है। मेरे साथ शुरू से ही लीपापोती हो रही है। मुझे किसी पर भरोसा नहीं है। मुझे मुआवजे के तौर पर एक करोड़ की राशि योगी सरकार से दिलाने के लिए डीएम ने लिखित आश्वासन दिया था लेकिन मुझे 10 लाख का चेक दिया गया। मैं किसी से भीख नहीं मांग रही हु। मुझे जितने भी आश्वासन दिए गए थे, सब ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। इस पर सांसद ने कहा कि आपको हमदर्दी के कारण चेक दिया गया, जबकि जमीनी मामले में हत्या होने पर कानूनन मुआवजा नहीं दिया जाता है। जो आपके साथ हुआ, बहुत बुरा हुआ। 40 दिन अभी नहीं बीते हैं, मन को शांत रखो, पूजा-पाठ करो, आपको स्थाई नौकरी मिल जाएगी। सांसद ने आगे कहा कि आपकी कानूनन मदद की गई है और की जा रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. सीता शरण त्रिपाठी, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह व रमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



## ख़ास ख़बर

### विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के साथ, पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । शुक्रवार को राजा अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में चाकड़ी दुर्गा पूजा समिति सहित जामताड़ा नगर के सहाना, सर्खेलडीह,न्यू टाउन कायस्थपाड़ा, बाजार रोड, दुमका रोड कोर्ट रोड दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से जामताड़ा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल सम्मिलित हुए। अपने संबोधन में विरेन्द्र मंडल ने कहा कि शहरी क्षेत्र में कुल सात जगह एवं शहर से सटे चाकड़ी में हर साल की भांति इस साल भी पूजा समितियां के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।हम लोग एक भक्त होने के नाते कमेटी के सभी सदस्यों के साथ मिलकर जहां भी किसी प्रकार की समस्या है उसका समाधान करेंगे और दुर्गा पूजा को भव्यता के साथ सुगमता के साथ पवित्र माहौल में मनाएंगे । मौके पर उपस्थित विभिन्न पूजा समितियां के सदस्यों ने एक स्वर में वीरेंद्र मंडल के इस पहल की सहारना किया और बधाई दिया। मौके में प्रताप सिंह, नितिन सिंह, अनूप पांडे , चंचल राय, अरूप मित्र, बाबू मुखर्जी, प्रकाश दुबे, पशुपति देव, बनारसी दास, चंडी दास भंडारी, सुनील बाउरी, गौर बाउरी, मधुसूदन चंद्र, झंटू शाहा, सजल दत्त, गोरा दास, राजीव दास, भुवन चंद्र थीवर, अजय सिंह, आलोक किस्को, उत्तम रवानी, अरविंद साहू, पवित्र माहाता, राजू सर्खेल, संतोष घोष, प्रणब दास, प्रणव मंडल के अलावे सभी पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बरही क्षेत्र में चलाया जांच अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर हजारीबाग।** मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय और अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हजारीबाग डॉ. शशि जयसवाल के संयुक्त निर्देशन मे खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हज़ारीबाग प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा बरही क्षेत्र के कामधेनु स्वीट्स नामक मिठाई की दुकान में जांच करते हुए पनीर का सैंपल का संग्रह किया। बरही के केशरी सत्तू मिल के द्वारा बिना एफएसएसएआई लाइसेंस के उत्पादों को बाज़ार में बेचने की सुचना के आधार पर केशरी सत्तू मिल पहुंची टीम ने प्रतिष्ठान को बंद पाया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा के मानको के उल्लंघन में निहित प्रावधानों के अनुसार कारवाई की जाएगी।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नाला में पवित्र कलश में किया गया मिट्टी संग्रह



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा** । मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नाला प्रखंड में पवित्र कलश का मिट्टी संग्रह किया गया । इस अवसर पर नाला आमबगान सहित विभिन्न जगहों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से पवित्र कलश में मिट्टी संग्रह किया गया।मौके पर जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य, जिला मंत्री रंजीत तिवारी ,नाला मंडल अध्यक्ष जितेन राउत, जिला कार्य समिति सदस्य गिरधारी ठाकुर ,यूवा मोर्चा अध्यक्ष कमल पैतंडी, मंडल महामंत्री परेश मोदी कोड़ा, प्रदेश आदिवासी महिला सदस्य सुकमणि हेंब्रम, निरंजन मंडल, कैलाश मंडल, गिरीधारी ठाकुर, जगतपति मंडल, गोकुल मंडल आदि उपस्थित थे।

### कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर प्रबंधक ने सभी पूजा पंडालो की साफ सफाई, बिजली व्यवस्था का लिया जायजा



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर** । मधुपुर नगर परिषद मधुपुर की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी शिखा कुमारी द्वारा नगर परिषद की टीम के साथ दुर्गा पूजा की सभी तैयारियों साफ सफाई, बिजली व्यवस्था आदि का जायजा लेने के लिए मधुपुर स्थित सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए सभी पंडालों की साफ सफाई,बिजली व्यवस्था, सड़क में कीचड़ न हो इसके लिए व्यवस्था पानी की व्यवस्था आदि के लिए नगर परिषद द्वारा जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। दुर्गा पंडाल के निरीक्षण में उनके साथ नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत एवं राजेश प्रसाद, मनोहर कुमार, अमरजीत पासवान आदि उपस्थित थे।

# अभियान के तृतीय चरण में शत प्रतिशत टीकाकरण करें- उपायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। जिसमें मिशन इंद्रधनुष 5.0 तृतीय चरण अभियान के अलावा अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान के तृतीय चरण के तहत चल रहे टीकाकरण अभियान को लेकर अब तक की प्रगति का अवलोकन किया। उपायुक्त ने कहा कि एक भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए, इसे आप लोग सुनिश्चित करेंगे। लोगों को टीकाकरण से होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, उन्हें समझाएं। जागरूकता के कारण ही लोग अपने बच्चों का टीकाकरण कराने से पीछे भागते हैं। आंगनवाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं को टीकाकरण कार्य हेतु लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि गण, समाज के प्रबुद्ध जनों के सहायता से इसे शत प्रतिशत पूरा करें। वहीं उपायुक्त ने कहा कि टीकाकरण के दौरान जो भी अच्छे कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करें। इस दौरान पीपीटी के माध्यम से सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर, डब्लूएचओ, डॉ अमित तिवारी ने उपायुक्त को बताया कि आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण के तृतीय चरण में हेड काउंट सर्वे के अनुसार टीकाकरण कार्य किया जा रहा है, जिसमें अब तक ओवरऑल 60 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है, वहीं पीडब्ल्यू में शत प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। उपायुक्त ने कहा कि सभी सम्बन्धित आपसी समन्वय एवं निष्ठापूर्वक लक्ष्य बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव होगा। अभियान के तहत बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष को सफल बनाने में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आप लोग अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें एवं इसे सफल बनाएं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों समाज कल्याण, जेएसएलपीएस, शिक्षा एवं अन्य को इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने टीकाकरण कार्य में लगे सभी बीपीएम, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों/ सहियाओं, सेविकाओं से बेहतर समन्वय बनाते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करें। लोगों को इसके लिए अवेयर करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक पर्याप्त कदम उठाएं। उपायुक्त ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म यूडब्ल्यूआईएन पर ऑनलाइन एंट्री का कार्य टीकाकरण के दिन ही सुनिश्चित करें।वहीं बताया गया कि टीकाकरण हेतु कुल 349 सेशन प्लान किया गया था जिसमें 300 सेशन आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा बैठक में नेशनल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम, मिजिल्स रुबेला इलिमिनेशन, अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा, दवाओं की उपलब्धता आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, एसीएमओ डॉ मुंशी, सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर, डब्लूएचओ, डॉ अमित तिवारी, एमओआईसी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## 13021अप मिथिला एक्सप्रेस ट्रेन से भारी मात्रा में कैन बियर शराब बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । मधुपुर बंगाल एवं झारखंड से बिहार में रेल मार्ग से अवैध शराब तस्करी करने वाले तस्कर के खिलाफ आरपीएफ को बड़ी सफलता हासिल हुई है। आसनसोल डिवीजन के आरपीएफ ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी की टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद किया है। इसके साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। बता दें, आसनसोल आरपीएफ की ट्रेन एस्कॉर्ट टीम की प्रभारी एएसआई टी,के घोष के नेतृत्व में टीम ने हावड़ा रक्सौल मथिला एक्सप्रेस ट्रेन से भारी मात्रा में कैन बियर बरामद की है। टीम ने अलग-अलग थेला एवं पिट्ठु बैग से बियर की करीब 379 कैन एवं एक ब्लैक हंट व्हिस्की की बोतल बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर 34 वर्षीय सुखलाल साहनी को भी गिरफ्तार किया है। जो बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाला बताया जा रहा है। शराब तस्कर बियर के कैन को थैले और बैग में अच्छे से पैक करके ट्रेन में सफर कर रहा था लेकिन टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया आरपीएफ की टीम ने आरोपी के पास से बियर की जो कैन बरामद की है उसकी बाजार मूल्य 40,000 के आसपास की बताई जा रही है। फिलहाल आरपीएफ मामले में कार्रवाई और जांच पड़ताल करते हुए इसकी सूचना उत्पाद विभाग देवघर को दे दिय है।

## दुर्गोत्सव का भव्य सजावट व पंडाल देखने को श्रद्धालु करते हैं वर्ष भर इंतजार



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुमका रोड के द्वारा इस वर्ष 36वां शारदीय दुर्गा पूजा मनाई जाएगी।विदित हो कि दुमका रोड स्थित दुर्गा मंदिर के दुर्गोत्सव का भव्य सजावट और पंडाल देखने के लिए श्रद्धालु वर्ष भर इंतजार करते हैं। इस बार भी भव्य पंडाल का निर्माण या सजावट की जाएगी। जहां यहां के दुर्गोत्सव में भव्यता का दर्शन होता है वहीं सोम्यता भी देखने को मिलता है। विदित हो कि वर्ष 1988 में पहली बार ओपू घोष, सत्यनारायण पोद्दार, शैलेंद्र नाथ मिश्र की अध्यक्षता में पूजा की शुरुआत की गई थी। वही 12 वर्ष पूर्व दुमका रोड में श्रद्धालुओं के द्वारा चंदा कर दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया गया था।विदित हो कि पश्चिम बंगाल आसनसोल जिला के अलनाडीह गांव के मूर्तिकार के द्वारा दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण किया जाता है। साथ ही कुंडहित प्रखंड के अंबा गांव से ढाक बजाने वाले आते है। आयोजन एक नजर में।श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुमका रोड के अध्यक्ष- रवि दुबे सचिव- विजय दुबे, कोषाध्यक्ष- प्रदीप केडिया,सदस्य- दशरथ साव, मुरारी साव, सत्यनारायण टिबड़ीवाल, सुबोध साव, अनूप पांडे, बुबाई दुबे, बुम्बा दुबे सहित समस्त मां के भक्त हैं।

## सदर प्रखण्ड में नमो फुटबॉल टुर्नामेंट -2023 का आगाज कल




**दैनिक शुभ भास्कर, हज़ारीबाग** । हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से सदर प्रखण्ड स्थित ग्राम ओरिया में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का कल दिन शनिवार को भव्य आगाज व उद्घाटन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, बरकठ्ठा विधायक अमित यादव, बरही पूर्व विधायक मनोज यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल होंगे। टुर्नामेंट के शुभारंभ में फुटबॉल प्रेमियों एंव सदर प्रखण्ड क्षेत्रवासियों का जनसैलाब उमडेगा। सर्वप्रथम पारंपरिक रूप से अतिथियों का नगाड़ा, ताशा एवं आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत होगा। उसके बाद अतिथियों द्वारा झण्डात्तोलन, खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट एवं मशाल प्रज्वलित से अद्भुत दृश्य बनेगा। आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों को गुलाब फुल एवं शोल ओढाकर स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। उसके बाद अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित होगा। मैदान के बीचों बीच आर्य समाज के बालिकाओं द्वारा आकर्षक झांकी एवं तलवारबाजी कार्यक्रम में अपनी संस्कृतिक का अनुपम झलक दिखेगा। जमकर आतिशबाजी एवं गुब्बारा उडाया जाएगा। राष्ट्रगान के बाद अतिथियों द्वारा बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच किक मारकर शुभारंभ करेंगे। सदर प्रखण्ड में नमो फुटबॉल टुर्नामेंट की शुभारंभ से लेकर फाइनल मैच ओरिया स्थित पंचायत भवन के पीछे मैदान में संपन्न होगा। इसकी जानकारी सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने दी।

### बालू लदे ट्रैक्टर ने स्कुटी सवार छात्रा को मारा ठोकर, छात्रा घायल



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर** । मधुपुर थाना क्षेत्र के धमना फतेहपुर के अब्दुल कलाम चौक के समीप बालू लदे एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार छात्रा को ठोकर मार दिया। जिससे छात्रा घायल हो गई। साथ ही स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में छात्र की जान बाल बाल बच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्कूटी सवार छात्र चांदनी कुमारी मधुस्थली बीएड कॉलेज में पढ़ाई के लिए जा रही थी। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। जिससे छात्रा का स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं स्कूटी पर सवार छात्रा चांदनी कुमारी घायल हो गई। घटना को लेकर मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और सड़क को जाम कर दिया। वही अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल एवं कार्यपालक पदाधिकारी अभय पांडे को घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और घायल छात्रा को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त स्कूटी को जप्त कर थाना ले आया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दो बाइक की टक्कर में दो व्यक्ति घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा** । घटना नाला -दुमका मुख्य मार्ग पर नाला पीडब्ल्यूडी के समीप घटित हुई है। मालूम हो कि इस सड़क दुर्घटना में सुखदेव टुडू तथा विपुल मित्रा दोनों बाइक चालक घायल हो गया। बताया जाता है कि सुखदेव टुडू (35) पिता शंभू टुडू ग्राम बाघाकुड़ी अपने पत्नी तथा बच्चे का इलाज कराकर अपना घर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से कुंडहित की ओर जा रही मोटरसाइकिल चालक विपुल मित्रा के साथ टक्कर हो गई फलस्वरुप दोनों बाइक चालक घायल हो गया। मालूम हो कि पुलिस के सहयोग से दोनों घायलों को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया वहीं नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ संजय कुमार के द्वारा प्राथमिक इलाज के उपरांत सुखदेव टुडू (35) को बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया , वहीं पुलिस के द्वारा दोनों क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ली गई है। मौके पर नाल अस्पताल में नाला थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शंभू नाथ दत्ता, पठाराघाता पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य नित्यजीत बाद्यकर, स्वास्थ्य कर्मी भीम हाजरा, मुस्तकीम अंसारी ,सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने खैरा मंडल के जसपुर में चलाया बस्ती संपर्क अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा** । भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देसानुसार नाला प्रखंड के खैरा मंडल अंतर्गत यशपुर गांव में बस्ती संपर्क अभियान के तहत आदिवासी बाहुल गांव में लोगों से घर घर जाकर संपर्क किया गया तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धि के बारे में बताया गया। साथ ही केंद्र द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं इसकी जानकारी भी लोगों से ली गई।इस दौरान लोगों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना की। बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम खैरा मंडल के मंडल अध्यक्ष निपेन सिंह की नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर खैरा मंडल के प्रवासी सुकमनी हेंब्रम,खैरा मंडल प्रभारी अभय कुमार सिंह ,जिला स्वच्छता अभियान के सहसंयोजक सह भाजपा कार्यकर्ता समीर घोष, एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रंजीत मरांडी के साथ-साथ यशपुर गांव के अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बैठक सर्व समितियां से निर्णय लिया गया की बरकट्ठा विधानसभा में कांग्रेस को सशक्त और मजबूत किया जाएगा

## कांग्रेस अल्पसंख्यक इचाक प्रखंड कमेटी का गठन सह जिला अध्यक्ष साजिद अली खान का अभिनंदन सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, हजारीबाग** । हजारीबाग इचाक प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री साजिद अली खान का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया, साथ ही साथ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड का सशक्त कमिटी हेतु प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसका संचालन मौलाना मुख्तार ने किया जिसका मुख्य अतिथि कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता उपस्थित रहे, जिसमें सर्व समितियां से निर्णय लिया गया की बरकट्ठा विधानसभा में कांग्रेस को सशक्त और मजबूत किया जाएगा जिसमे बरकट्ठा विधानसभा का विधायक कांग्रेस का हो। मुख्य अतिथि डॉ आर सी मेहता ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने साजिद अली खान को कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस के रीढ को मजबूत किया है निश्चित तौर पर साजिद अली खान द्वारा संपूर्ण जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत होगा। बहुत जल्द 17 प्रखंड में कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। आज संपूर्ण भारत में बदलाव का लहर चल रहा है श्री राहुल गांधी निश्चित तौर पर 2024 में हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री होंगे।पाच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस जित रही है इचाक प्रखंड में सर्व समिति से श्री मुन्ना मलिक को प्रखंड अध्यक्ष एवं सरफुल हक को कार्यकारी अध्यक्ष सर्व समिति से चयन किया गया। जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा जिले के सर्व समाज के लिए मैं समर्पित हूं जिले वासियों के लिए आजीवन सेवा करने के लिए संकल्पित हूं इचाक कांग्रेस प्रभारी डॉ निजाम ने कहा बरकट्ठा विधानसभा मैं कांग्रेस निश्चित तौर पर 2024 में जीतेगी प्रोफेसर बीके मेहता ने कहा की अबकी बार कांग्रेस सरकार की पूरे देश में लहर चल रही है देश और राज्य में आप कांग्रेस की परचम लहराने वाला है कार्यक्रम में मुख्य रूप कोडरमा जिला उपाध्यक्ष फहीम खान चालकुशा नसीम अंसारी राजू खान मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता गिरधारी महतो जलेशवर यादव तहकीक अंसारी रंजीत मेहता सुदिप धवन प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल राणा रामशरण शर्मा अनिल राणा जमशेद खान बबलू राईस साहब जैनुल आवेदन अच्छे वक्त मेहता गोविंद मेहता प्रदीप मेहता गुलाम मुस्तफा गुल मोहम्मद आलम मोहम्मद अफजल हलीम अंसारी राजा मलिक मोहम्मद इस्लाम बॉस मोहम्मद गुलाम मोहम्मद आलम समस्त राजा शाहिद अंसारी अत्ताउल्लाह रयान मोहम्मद अनवर मो मुबारक उपस्थित अंसारी हाजी रियाज साहब सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, हज़ारीबाग** । स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन हरहद ,मुकुंदगंज, हजारीबाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया 1 यह आयोजन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय ,हजारीबाग के एनएसएस यूनिट के आदेशानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित की गई ।इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों तथा छात्र - छात्राओं ने अपने-अपने घरों से मिट्टी और चावल लाकर कलश में एकत्रित किया 1 महाविद्यालय के सचिव डॉ. मोहम्मद नजीर अंसारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में देश प्रेम के प्रति भाव जागृत होता है। प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने कहा कि आज देश हित में युवाओं को प्रण लेने की जरूरत है ,तभी राष्ट्र विकास करेगा इस दौरान आई.क्यू.ए.सी के समन्वयक डॉ. मुंशीलाल यादव ने देश को आजादी दिलाने में महान स्वतंत्रता सेनानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार एवं सहायक प्राध्यापक धनंजय कुमार ने किया। इस दौरान स्वयंसेवकों तथा छात्र -छात्राओं को पंच प्रण शपथ दिलाया गया ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के नारे लगाए गए 1 महाविद्यालय परिसर से कलश यात्रा हरहद गांव होते हुए पुनः महाविद्यालय में राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया। प्रशिक्षु पम्मी सोनी, अंजली कुमारी ,राजकिरण ,काजल ,हेमंत , शाहबाज के द्वारा कलश को मेरी माटी मेरा देश का चित्रण किया । इस मौके पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी तथा काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खास ख़बर

### भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था बनाएंगे

**राजस्थान /राजकुमार शर्मा।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद भाजपा नेता हँसराज पटेल का देवदर्शन कार्यक्रम निरन्तर जारी है। उल्लेखनीय है कि पटेल क्षेत्र के विभिन्न देवस्थानों का दर्शन कर भगवान का आर्शीवाद ग्रहण कर जनसम्पर्क में जुटे हुये है। पटेल ने ग्राम मलपुरा स्थित गौशाला रेवाला बाबा धाम पहुंचकर गौ सेवा की। साथ ही महंत श्री गणेशानन्द जी महाराज का आर्शीवाद ग्रहण किया। इससे पूर्व उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत निवास पर माताजी का आर्शीवाद ग्रहण करके की। पटेल ने कहा कि सभी जाति, वर्गो के सहयोग से कोटपूतली से अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के माहौल को दूर कर कानून व्यवस्था को मजबुत बनाना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में आये दिन फायरिंग जैसी घटनायें हो रही है। लेकिन कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इसको लेकर भी जनता के दिलों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पटेल ने दावा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस के अन्याय व अनैतिकता से लड़ाई लड़ेगें।

### महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में पेड़ जलाओ पेड़ सुखाने अभियान जारी

**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर।** महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में लगे हरे पेड़ों के पास सरकारी कर्मचारी दुकानदार अन्य स्टाफ दवाइयां के कागज और प्लास्टिक के खाली डब्बे को जलाकर पेड़ों का सूखना का अभियान लगातार चलाए रखा है आग पेड़ के पास छुपा कर जलने से वह पेड़ जड़ के पास जल जाता है और धीरे-धीरे वह पेड़ सूख जाते हैं इस कंडीशन में आज हमें निरीक्षण किया और कई सूखे पेड़ों की तस्वीर ली और उन सब का नाम दिया पेड़ जलाओ पेड़ हटाओ अभियान यह अभियान सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही से संचालित हो रहा है जहां से डॉक्टर निवास बने हुए हैं ठीक उनके सामने ही यह कुकू कृत किया जा रहा है लेकिन उनका कोई नहीं रोक रहा सामने अन्य सफाई कर्मी भी इसी तरह से पेड़ के पास कूड़ा इकट्ठा करके जला देते हैं और जब तक जलाते रहते हैं जब तक हरे पेड़ सूखकर बिल्कुल लकड़ी नहीं हो जाता फिर उसमें आग लगने के डर से किसी अन्य हरे पेड़ का सहारा लेकर फिर कूड़ा वहां पर जालना शुरू कर देते हैं इस तरह से परिसर में कई पेड़ सूख गए यह प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है जा सरकार पेड़ लगाओ अभियान चलाकर लाखों रुपए खर्च करके पेड़ लगती है वहीं पर लापरवाही पूर्वक कार्य करके पेड़ सुखा अभियान चलाया जा रहा है अचरत की बात तो यह है कि इस बात पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है नहीं किसी पर कोई कार्रवाई कर रहा है

### बिहार के चार लाख नियोजित शिक्षको के नियमावली में नियोजित शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा मज़ाक किया गया है

**मधुबनी संवाददाता।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा एक बार फिर बिहार के चार लाख नियोजित शिक्षकों के लिए प्रस्तावित न ए नियमावली में नियोजित शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा मजाक किया गया है। बिहार सरकार के सभी नियोजित शिक्षक शिक्षक पात्रता परीक्षा या दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण है फिर बार बार परीक्षा लेने की बात कर शिक्षकों के मनोबल को क्यों तोड़ा जा रहा है। दुनिया के किस नौकरी में नौकरी के बाद परीक्षा लेने के बाद कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाता है। बिहार सरकार का शिक्षा विभाग एक विचित्र विभाग है जहां शिक्षकों को पंद्रह बीस साल नौकरी करने के बाद आर टी ईसंशोधन एक्ट और कोर्ट के आदेश की ग़लत व्याख्या कर शिक्षकों को नौकरी से हटा दिया गया है। बिहार के जो शिक्षक अब रिटायर होने वाले हैं उन्हें भी परीक्षा पास करना होगा वरना उनको नौकरी से निकाल दिया जाएगा। बिहार सरकार को चाहिए कि पदाधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भी परीक्षा का आदेश जारी कर दिखाए। बिहार सरकार अविलंब सभी कार्यरत नियोजित शिक्षकों को बिना किसी परीक्षा के राज्य कर्मचारी घोषित कर सहायक शिक्षक घोषित कर शिक्षकों की चिर परिचित समान काम समान वेतन की मांग पूरी करे।

### 12 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर/ रवि कुमार सैनी/ राजस्थान।** शाहपुरा पुलिस ने 12 साल से फरार 5 हजार के इनामी बदमाश गांव खिलुखा हरियाणा के जुबैर मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक उमेश निठारवाल ने बताया कि 29 जून 2011 को बूंदी जिले के खेड़ा गांव निवासी ट्रक चालक राकेश मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बूंदी के डाबी से ट्रक में पत्थर भरकर हरियाणा के पलवल खाली करने गया था। 26 जून की रात शाहपुरा पहुंचे और ट्रक खड़ा कर दिया। ट्रक के दूसरे चालक सुरेश मीणा साथ खलासी नीमराज को लेकर किसी काम से चला गया। चालक राकेश वापस ट्रक में सो गया। कुछ देर बाद कुछ आदमी ट्रक में चढ़े और हाथ पैर बांधकर बहरोड़ से पहले खेत में पटककर ट्रक ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन आरोपी जुबैर मेव निवासी गांव खिलुखा हरियाणा फरार था। आरोपी पर पुलिस ने 5 हजार का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# जैन कवि-साहित्यकारों का चतुर्थ राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर *राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर।** कवि जगदीप जैन "हर्षदर्शी बनें राष्ट्रीय अध्यक्षकवि कैलाश 'तरल' को मिला "ॐ पारदर्शी पुरस्कार"जैन कवि संगम का चतुर्थ राष्ट्रीय अधिवेशन देश भर से पधारे कवि-साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में 7-8 अक्टूबर 2023 को ढाईद्वीप जिनायतन में विभिन्न साहित्यिक आयोजनों के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः ढोल की थाप पर नृत्य करते कवि-साहित्यकारों ने नयनाभिराम ढाईद्वीप जिनायतन की वन्दना की । अधिवेशन के प्रथम सत्र का शुभारंभ जगदीप जैन "हर्षदर्शी" के काव्यमयी संचालन में दिलीप गाँधी की मधुर बाँसुरी स्वर लहरियों के साथ मंगलाचरण से हुआ । इस सत्र में विशेष अतिथि सर्वश्री सुनील गांग, अजय जैन, ब्रजराज ब्रज का माला, शाल, प्रति स्वागत किया गया । संस्थापक-अध्यक्ष श्री नरेन्द्रपाल जैन ने जैन कवि संगम के उद्भव की जानकारी देते इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । शकुन सरगम ने "हमारा जैन कवि संगम..." मधुर स्वर में संस्था गीत सुनाया । वरिष्ठजन सम्मान के अंतर्गत सर्वश्री राजेन्द्र जी गुलेच्छा, जैनेन्द्र खमेसरा, नीलमचंद सांखला, रमेश बोहरा, गौतम बोहरा, सागरमल सराफ, मनोहर महक, जयंतीलाल जागरूक, पद्मचंदजी गाँधी, सागरमल सराफ, दिलीप गाँधी का अभिनंदन किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनोनयनअध्यक्ष नरेन्द्रपाल जैन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कवि जगदीप जैन "हर्षदर्शी के नाम घोषणा की तो उपस्थित कवि-साहित्यकारों ने करतल ध्वनि करते हुए अनुमोदन किया । नूतन राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षदर्शी ने सभी से समर्थन और सहयोग की अपेक्षा के साथ राष्ट्रीय कार्यकारणी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विजयसिंह नाहटा व श्री राजेन्द्र गुलेच्छा, राष्ट्रीय महामंत्री श्री मनोज जैन मनोकामना, सह महामंत्री श्री अमित मरड़िया और श्रीमती शगुन सरगम का मनोनय किया । नूतन कार्यकारिणी का अतिथियों द्वारा पद-पट्टिका पहनाते माला, शाल, प्रतीचिह्न द्वारा अभिनंदन किया गया ॐ पारदर्शी पुरस्कार-2023" की घोषणासमारोह में कालजयी कीर्तिमान कवि, देहदानी, आशुकविरत्न छन्दराज ॐ "पारदर्शी"जी की स्मृति में "ॐ पारदर्शी पुरस्कार-2023" गीतकार कैलाश "तरल" को प्रदान करने की घोषणा पारदर्शीजी के सुपुत्र जगदीप जैन "हर्षदर्शी" ने की तो सभागार में उपस्थित जैन कवि-साहित्यकारों ने तालियों की गड़गड़ाहट करते हुए हर्ष प्रकट किया । ॐ पारदर्शी द्वारा कवि श्री तरल को प्रशस्ति-पत्र, प्रतिकचिह्न, शाल, माला, पगड़ी, नवकार उपरणा व ग्यारह हजार की सम्मान-राशि प्रदान कर भावभीना अभिनंदन किया गया । जैन कवि-संगम की देश भर में संचालित इकाईयों में तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली का अभिनंदन किया गया ।इस अवसर संस्था को सहयोग देने वाले श्रेष्ठीजनों को भामाशाह सम्मान अलंकरण देकर सम्मानित किया गयाकिया गया । समारोह के अंत में पधारे हुए अतिथियों व सदस्यों के प्रति आभार मनोज जैन मनोकामना" ने ज्ञापित किया आगामी अधिवेशन के प्रस्ताव संगम-तमिलनाडु के अध्यक्ष श्री गौतमचंद बोहरा व राष्ट्रीय सहमंत्री श्री अमित मरड़िया चेन्नई में तथा समाजसेवी डॉ. मंजू-मंगलप्रभातजी लोढ़ा ने (विडियो संदेश द्वारा) ने मुंबई में जैन कवि संगम का आगामी पंचम राष्ट्रीय अधिवेशन करने प्रस्ताव रखा, जिसका समारोह में उपस्थित जैन कवि-साहित्यकारों ने हर्ष विभोर होकर अभिनंदन किया अधिवेशन के दूसरे सत्र का प्रारंभ सरिता सरगम ने मंगलाचरण से किया । विशेष अतिथि समाजसेवी श्री विनोद बाफना, वरिष्ठ साहित्यकार श्री विजयसिंह नाहटा, पूर्व सेशन जज श्री नीलमचंद सांखला, समाजसेवी श्री राजेन्द्र कांठेड का स्वागत-अभिनंदन किया गया । देश भर में संचालित इकाईयों की ओर से तमिलनाडु से गौतमचंद बोहरा व अमित मरडिया, मध्यप्रदेश से सुगनचंद जैन, कर्नाटक से राजेन्द्र गुलेच्छा, छत्तीसगढ से राजेश राही, दिल्ली से धर्मेन्द्र लवली, राजस्थान से अनिल उपहार, गुजरात से प्रतिभा बोथरा ने वर्षभर में की गई उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए भावी योजनाएँ बताई। समारोह में श्री राजेश जैन राही की भक्तामर स्तोत्र की काव्यानुवाद कृति नमोस्तु व जैनेश्वर खमेसरा की महिद्पुर के इतिहास पर लिखी कृति का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया । अधिवेशन में श्रीमती नेहा नाहटा व श्रीमती इन्दुबाला "हर्षदर्शी" आवास व्यवस्था आदि में सेवाएँ दी ।तीसरे सत्र में जैन कवि संगम कवि-साहित्यकारों के द्वारा कवि सम्मेलन काव्यपाठ का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए 70 कवयिों ने 6 घंटे तक नवरसों की वर्षा की । चतुर्थ सत्र 8 अक्टूबर को हुआ जिसमें गोम्मटगिरि आदि जिनालयों के दर्शन के साथ पारिवारिक मधुर यादों के साथ अगले अधिवेशन में पुनः मिलन की आशा के साथ विदाई हुई ।

# प्रिंसिपल के पैसे चोरी मामले में पूछताछ करने पर छात्र छात्राओं ने बगहा बेतिया मुख्य मार्ग को किया जाम



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** जिन छात्रों के हाथों में कलम व किताब होनी चाहिए वैसे छात्र आज के परिवेश में उतावले होकर सड़क जाम करने पर उतारू हो रहे हैं।इसी कड़ी में स्कूल में शिक्षक के पैसे चोरी मामले को लेकर शिक्षक द्वारा डांटने व पूछताछ करने पर छात्र छात्राओं ने किया एन एच 727 बगहा बेतिया मुख्य मार्ग के चखनी रजवटिया मोड़ पर गुरुवार को घेराव कर दिया। ।मामला चखनी रजवटिया पंचायत स्थित संत तेरेसा कन्या मध्य विधालय का हैं। बता दे की स्कूल के प्रिंसिपल सिस्टर शांति कुमारी का खेल रहे बच्चों के बीच रखा गया पर्स से 1500 गायब हो गए, जिसकी पूछताछ करने पर छात्रों ने उग्र होकर स्कूल व शिक्षक के प्रति विरोध प्रदर्शन करते हुए एन एच को जाम कर दिया। इसी दौरान बगहा दौरे पर एक कार्यक्रम सम्मिलित होने आये भाजपा के केंद्रीय राज मंत्री का काफिला आधे घंटे तक जाम का शिकार हुआ। जिसमें राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे व बगहा विधायक राम सिंह के साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।जहा मौके पर सूचना पाकर पहुंचे बदलबल के साथ नगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने छात्राओ को समझा बुझाकर रास्ते को किये गए अवरुद्ध को सुचारू रूप से आवागमन को चालू करवाया।इस बाबत संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर संत तेरेसा कन्या मध्य विधालय के प्रिंसपल सिस्टर शांति कुमारी ने बताया की 8 क्लास के बच्चे खेल रहे थे, जहां मेरी पर्श में रखी गई 15 सौ गायब था। जब मैं स्कूल में बना रहे भोजन को देखने गई और आई तो पर्स में देखा कि रखा गया रुपये गायब हो गए हैं, जिसको लेकर बच्चो से क़ाफी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगी। इस बाबत शिक्षक द्वारा डांटने व पूछताछ करने पर बच्चे उतावले होकर एकाएक अपने बाग के साथ बाहर निकल पड़े। जिन्होंने जाकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंचायत के मुखिया लाल बाबू उर्फ रवि रंजन यादव के पास जाकर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आप बीती बात बताई।तत्पश्चात बच्चो समझाने पर उनकी भी बात नहीं मानते हुए गोलबंध होकर अपनी एक जुटता का परिचय देते हुए सड़क जाम कर दिए। वही इस मामले को लेकर स्कूल शिक्षक नंदू सर,दीपक सर,सीमा मिस आदि शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा के मंदिर में पढ़ने आये बच्चो को किसी बात को लेकर डाटा व समझाया जाए तो बच्चे कुछ भी करने पर उतारू हो जाते हैं, प्रश्न की बात करे तो आज के युग मे बच्चे को राह दिखाना दुर्भाग्य की बात है।छात्रों का आरोप है कि पैसा चोरी के मामले में स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा हम सभी लोगों को बदनाम किया जा रहा है सड़क जाम किया छात्रों के सामने जब मीडिया कर्मी ने उनकी बातों को अपने कमरे में कैद करना चाहा तो छात्रों ने अपनी बातों को कमरे में आने से मना कर दिया। स्कूल छात्रों से पूछताछ के दौरान सैकड़ो की संख्या में बताया कि प्रिंसिपल पर लगाया गया मामला सभी बेबुनियाद हैं।

# अमृत कलश यात्रा की रैली में एसएसबी के लोगों ने भी भाग लिया



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर शहर में "मेरा माटी मेरा देश" अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत जयनगर शहर के कमला रोड काली मंदिर से नेहरू युवा केन्द्र मधुबनी जिला अंतर्गत जयनगर प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हम 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के जवानों ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तत्वावधान के तहत निकाले गये भव्य रैली में भाग लिया। हमारे 48वीं वाहिनी के निर्देशानुसार वाहिनी की सभी बाह्य सीमा चौकियों पर भी रैलीयों का आयोजन किया गया और जवानों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी इस यात्रा में शामिल होकर देश हित में एकता का प्रतीक बन मिशाल कायम किया ।48वीं जयनगर व 18वीं अर्राहा वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्य क्षेत्र मे मेरी माटी मेरा देश' थीम के तहत रैली का आयोजन किया गया एवं गाँव के घर-घर जाकर मिट्टी अथवा चावल का संग्रहण किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान तिरंगे झंडे के साथ ज्यादा से ज्यादा स्थानीय स्कूली बच्चों, महिलाओं, पुरुषों को शामिल किया गया साथ ही पीए सिस्टम पर देशभक्ति गाने चलाकर भव्यता के साथ कार्यक्रम किया गया । समाजसेवी निलेश सिंह ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य आम लोगों में देश व मातृभूमि की सेवा का जज्बा पैदा करना और राष्ट्र रक्षा के लिए आगे आने हेतु प्रेरित करना है। वहीं महिलाओं ने घरों से मिट्टी व चावल कलश में डाल कर यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया ।

### प्रभु श्रीराम ने विश्वामित्र के आदेशानुसार किया धनुष भंजन



**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर।** रामलीला समिति के मंच पर गुरुवार को धनुष यज्ञ की लीला से लेकर सीता के स्वयंवर और फिर लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। आरंभ धनुष यज्ञ की लीला से हुआ। आरंभ में राजा जनक राजाओ को भरी सभा में प्रतिज्ञा सुनाते हुए कहते हैं कि शिव के दिए हुए धनुष को जो राजा तोड़ेगा, मेरी सीता उसी को पति के रूप में वरण करेगी। धनुष तोड़ने पर सभी असफल रहते है। ऐसे में राम, लक्ष्मण को लेकर पहुंचे गुरु विश्वामित्र, राम को आदेश देते हैं कि वे शिव के धनुष को तोड़ें। आदेश पाकर राम, शिवजी के धनुष को तोड़ देते हैं।धनुष टूटते ही दर्शक हरहर महादेव और जय जय श्री राम के नारे लगाने लगते है, प्रतिज्ञा स्वयंवर के मुताबिक जनकसुता माता सीता, श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती हैं। उधर शिवजी के धनुष के टूटने की खबर सुनते ही क्रोध में भरे परशुराम कहते हैं धनुष किसने तोड़ा। लक्ष्मण बताते हैं कि धनुष श्रीराम ने तोड़ा है। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद होता है।बताते चले कि गुरुवार की रामलीला मंचन में सैयदराजा के लोकप्रिय विधायक सुशील सिंह, अजय सिंह(प्रमुख),राजेश सिंह(प्रधान संघ अध्यक्ष),रामजी मौर्या(प्रधान),मुकुन्द रस्तोगी(व्यापार मण्डल अध्यक्ष)सहित क्षेत्रीय पत्रकार क्रमशः विष्णु वर्मा,प्रभात सिंह, अखिलेश कुमार सहित सभी सभ्रांत वरिष्ठों का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र अरविन्द मिश्रा जी के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। जिसमे धानापुर निवासी नूर मोहम्मद को भी सम्मानित किया गया।ये रामलीला के प्रमुख दर्शक भी है।जिसको अंगवस्त्र देकर विधायक सुशील सिंह ने उनको विशेष सम्मानित किया।

उपस्थिति -सनत द्विवेदी,सतीश सेठ(उपाध्यक्ष),बिपिन प्रताप रस्तोगी, धनजय,विवेक,रामलाल सेठ,भैयालाल सोनी,मनोज दुबे,लक्ष्मन मौर्या, वसिष्ठ दुबे इत्यादि,, राम(शिवांश),लक्ष्मण(देवांश),रावण (घनश्याम मौर्या),जनक(शिवकुमार दुबे),परशुराम(अच्युतानन्द मिश्रा),जनक दरवान(राधेकान्त रस्तोगी) लादू राजा(गौरी)।

### नौ मनचलो को पुलिस हिरासत में लिया



**शुभ भास्कर चंदौली /डीडीयू नगर।** जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों स्क्वाड टीमों एवं महिला बीट पुलिस अधिकारी"शक्ति दीदी"द्वारा प्रमुख बाजारों में भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं पार्क आदि स्थानों पर महिलाओ वह बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक, तथा मनचलों/शोहदों की चेकिंग एवं उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही।नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद चन्दौली में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद की समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीमों व महिला बीट पुलिस अधिकारी "शक्ति दीदी"द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव/कस्बों,पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास तथा गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर लगातार महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करने सहित मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की जा रही। अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध लड़कों/युवकों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई करने सहित हिदायत दी जा रही है।थाना मुगलसराय क्षेत्र में हो रही लगातार मनचलो द्वारा छेड़खानी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व घटना में शामिल मनचलों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे एण्टी रोमियो एवं"शक्ति दीदी" अभियान के क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा 09 मनचले लड़को को नगर पालिका इण्टर कालेज गेट के पास से पकड़ा गया तथा पूछताछ कर मनचलों के परिजनों को बुलवाकर मुनासिब हिदायत कर सुपुर्दगी में दिया गया।एण्टी रोमियो/शक्ति दीदी अभियान टीम- उप निरीक्षक खुशबू यादव थाना मुगलसराय,का0 प्रिया तिवारी थाना मुगलसराय,उ0नि0 हरिकेश थाना मुगलसराय,उ0नि0 प्रदीप पाठक थाना मुगलसराय,का0 शंकर थाना मुगलसराय,का0 अमित सरोज थाना मुगलसराय मौजूद रहे।

**रथ रवाना** 17 अक्टूबर तक चार दिन के लिए उदयपुर के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में रथ का आगमन होगा

# अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का 14 को उदयपुर में भव्य प्रवेश




**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर।** जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव सहित पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि अयोध्या से पूरे देश मे जैन धर्म के लिए जैन धर्म प्रभावना रथ रवाना हुआ। जिला अध्यक्ष अरूण लुणदिया ने बताया कि अयोध्या तीर्थ जैन धर्म प्रभावना रथ राजस्थान के संयोजक एवम युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन के नेतृत्व में परम पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी के कर कमलों से रथ पूरे देश के अन्य भागों सहित राजस्थान में भी चल रहा है। इसी क्रम में उपनगरीय क्षेत्र हिरण मगरी से दिनांक 14 अक्टूबर को प्रातः8 बजे सेक्टर 4 आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर से भव्य प्रवेश होगा। जिला महामंत्री मनोज गदिया ने बताया कि दिनांक 14 से 17 अक्टूबर तक चार दिन के लिए उदयपुर के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में रथ का आगमन होगा। अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ 14 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 4, सायं 7:00 बजे वासु पूज्य दिगंबर जैन धर्मार्थ एवं सर्वार्थ ट्रस्ट (संतोष नगर), 15 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे महावीर दिगंबर जैन जिनालय (सर्वऋतु विलास), सायं 7 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-11, 16 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर (गणेश नगर पायडा) एवं चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर आयड़, 17 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर केशव नगर, सायं 7:00 बजे श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 3 में भव्यता के साथ आगमन होगा। संयोजक सी ए प्रितेश जैन व राजेश गदावत ने बताया कि नगर प्रवेश व स्वागत हेतु अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद, उदयपुर शाखा को जिम्मेदारी प्रदान की गई।

# दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** दुर्गापूजा त्योहार को लेकर न्यू डिलियां वार्ड 21 स्थित टीओपी थाना में शांति समिति की बैठक शुक्रवार की देर शाम हुई। अंबेडकर की अध्यक्षता एसडीम और एसडीपीओ विनीता सिंहा ने संयुक्त रूप से बैठक किया। आगामी आने वाली दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर लोगों से सलाहली गई। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने की अपील की।बैठक में सीओ अनामिका कुमारी, बीडीओ पुरूषोत्तम त्रिवेदी, नप ईओ डा. रमण कुमार, सीटी मैनेजर आफताब आलम,नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन,पीओपी प्रभारी विकास कुमार सिंह वही विनय मिश्रा,पीर मोहम्मद, संजय गुप्ता, सहनावज खान, संजय सिंह,अधिवक्ता मुन्ना दूबे,प्रवीण दूबे,दारा यादव,आनंद चौधरी,महफूज अंसारी,दुर्गा शर्मा,मुकेश यादव,प्रकाश पासवान आदि शामिल थे।

## ख़ास ख़बर

### धर्मपुर दुर्गा पूजा में राजगीर के विश्व शांति टेंपल का भव्य निर्माण किया जा रहा है



**दरभंगा।** रविवार 15 अक्टूबर से कलश स्थापना है वही दरभंगा के धर्मपुर मनोकामना धाम दुर्गा पूजा समिति के द्वारा इस बार राजगीर के विश्व शांति टेंपल का भव्य दृश्य देखने को मिलेगा। वहीं पूजा समिति के सचिव राजेश यादव उर्फ चुनमुन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 53 साल से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सबसे पहले 1971 में यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था और लगातार दुर्गा पूजा का पूजा बड़े धूमधाम से आयोजन किया जाता है और कई बार जिला प्रशासन के द्वारा पुरस्कार मिला है वही इस बार राजगीर के विश्व शांति टेंपल का बनाया जा रहा है जिसमें कोलकाता एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा भंडार का निर्माण किया जा रहा है। इस बार पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में सोहन यादव कोषाध्यक्ष अनिल शाह ,शंभू दास को बनाया गया है।

### उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**कोडरमा ब्यूरो कौशल पाण्डेय, कोडरमा।** आज कोडरमा प्रखण्ड में उप विकास आयुक्त, कोडरमा श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखण्ड सभागार में सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया / पंचायत सचिव / ग्राम रोजगार सेवक / कनीय अभियंता के साथ प्रखण्ड में चल रही सभी योजनाओं मनरेगा, प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), 15वें मद, से संचालित योजनाओं में तेजी लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतगर्त पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द बन्द करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में 15 वे वित्त आयोग मद में कम राशि खर्च करने वाले पंचायत को एक सप्ताह के अंदर राशि का खर्च में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। मनरेगा में लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें, MIS में बंद कराये, प्राप्त लक्ष्य के अनुसार सभी पंचायत मानव दिवस जनरेटेड करने हेतु सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं मुखिया को निदेशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतगर्त लंबित आवास वाले पंचायत झरगा, गझण्डी, मेघातरी के मुखिया एवं पंचायत सचिव को एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। पंचायत में प्रतिमाह प्राप्त राशि का खर्च पंचायत भवन मेन्टेनेन्स यथा इंटरनेट, डिजिटल, साफ सफाई एवं अन्य में करेंगे। प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में सभी पंचायत में बैठक एवं कार्यो की समीक्षा करने हेतु उपस्थित सभी मुखिया को निदेशित किया गया। सभी पंचायत सचिव समीक्षा ऐप में प्रतिदिन अपना उपस्थिति दर्ज करेंगे। बैठक में परियोजना पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, प्रशिक्षु उप समाहर्ता, जिला समन्वयक PMAY-G, जिला प्रशिक्षण समन्वयक PMAY-G, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, प्रखंड समन्वयक, PMAY-G अन्य उपस्थित थे। बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा सात टीम गठन कर 12-13 पंचायत का संबंधित योजनाओं में निरिक्षण कराया गया।

### महिला महाविद्यालय की फ्रेशर पार्टी में छात्राओं का धमाल मिस फ्रेशर बनी अराधना सिंह




**मिर्जामुराद।** गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी 'उमंग' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व उनकी पुत्री शौम्या सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जलन कर किया।बीएससी,बी.ए एवं बीकाम की छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी में खूब धूम मचायी।झुमका गिरा बरेली के बाजार में..., लौंग इलाइची..., निबुड़ा निबुड़ा... और घर आया परदेसिया... गाने पर छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाएं।फ्रेशर पार्टी में मौजूद छात्राओं ने सिटी और तालियों से सभागार को गूंजा दिया।मिस फ्रेशर का किताब बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अराधना सिंह को मिला।वही मिस इवनिंग का किताब बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना पांडेय, बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा सेजल जायसवाल व बीएससी की प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी सिंह को मिला।प्राचार्या डॉ. रिंकी सिंह ने कहां की छात्राओं को केवल किताबों तक ही सिमट कर नहीं रह जाना चाहिए।व्यवहारिक गुण भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।अपनी संस्कृति एवं सभ्यता पर हमेशा गर्व करें। मंच संचालन छात्रा रेशमा विश्वकर्मा व जोया खान ने किया।प्रवक्ता डॉ.आशुतोष उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।इस अवसर पर डॉ. रीना गुप्ता, गौरव उपाध्याय,जितेंद्र नाथ सिंह, योगेश सिंह,अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित',मुकेश यादव, अमृता सिंह,सपना पांडेय,वीरेंद्र, राज कुमार,राजेश, राकेश, रामजी सहित अन्य प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रही।

# कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक अपराध



**मो. सदरे आलम नोमानी, सीतामढी ।** डीएम मनेश कुमार मीणा ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक)से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक में कहीं। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करना सुनिश्चित करें।लगातार छापामारी करें।अवैध पाए गए अल्ट्रासाउंड/ डायग्नोसिस सेंटर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए न केवल उसे सील करें बल्कि उनके विरुद्ध प्राथमिक भी दर्ज करना सुनिश्चित करें। कहा कि जो निबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर है उनकी जांच निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का रजिस्ट्रेशनअल्ट्रासाउंड करने वाले रोगियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर की सूची कार्यरत टेक्निशियन, वेल ट्रेंड टेक्निशियन, मशीन का लाइसेंस तथा अन्य निर्धारित मानकों की जांच करना सुनिश्चित करें। पीसी &पीएनडीटी एक्ट के तहत निर्धारित मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले अल्ट्रासाउंड/ डायग्नोसिस सेंटर पर अविलंब कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एसडीओ को साप्ताहिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही एक्शन टेकन रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीसी & पीएनडीटी एक्ट में निहित प्रावधान के अनुसार लिंग परीक्षण एक कानूनी अपराध है जिसके अंतर्गत वैसे सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर जहां इस प्रकार का कार्य होता है उक्त केंद्र पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे सील करना सुनिश्चित करें।इसके पूर्व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में ऐसे 63 निबंधित केंद्र हैं। जिलाधिकारी ने सभी सेंटरों के विरुद्ध जांच करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा की जिले में लिंगानुपात की स्थिति में अपेक्षित सुधार लाने की दिशा में उक्त कदम उठाना अनिवार्य है। इसके लिए लिंग परीक्षण पर रोक लगाने हेतु लगातार छापामारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक कानूनी अपराध होने के साथ-साथ सामाजिक अपराध भी है क्योंकि कन्या भ्रूण हत्या इसी तरह जारी रही तो हम एक दिन अपना परिवार समाज और यहां तक की अपनी नस्ल को भी खो देंगे। लैंगिक असमानता का सबसे बड़ा कारण कन्या भ्रूण हत्या है। जिस दिन हम अपनी बेटियों को बेटों के बराबर समझने लगेंगे उसी दिन कन्या भ्रूण हत्या अपने आप रुक जाएगी। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र प्रसाद सिंह – सह– सदस्य पीसी & पीएनडीटी समिति ने कहा कि लिंगानुपात में कमी वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाना अपेक्षित होगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से सहयोग हेतु समन्वय स्थापित करते हुए लोगों को के बीच व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से समाज में जागरूकता लाई जा सकती है।बैठक में सिविल सर्जन, जिला जन संपर्क पदाधिकारी कमल सिंह , डीपीएम स्वास्थ्य विभाग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष का कोडरमा जिला का दौरा



**कोडरमा ब्यूरो रिपोर्ट, कोडरमा।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष एम.वेंकटेशन ने झुमरी तिलैया स्थित श्रम कल्याण सभागार में पदाधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच, नगर परिषद झुमरी तिलैया, स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा महिला सफाई कर्मचारियों से कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न/ शोषण आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से वार्तालाप कर उन्हें सरकार के द्वारा दिए जाने वाले रोजगार तथा इसके तहत मानेदय भुगतान सहित पीएफ एवं ईएसआई कार्ड व बीमा की सुविधा उन्हें दी जा रही है अथवा नहीं इसकी भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में सफाई कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर अपनी-अपनी समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया गया बैठक में सफाई कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर अपनी-अपनी समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। डोमचांच नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने पिछले नौ माह से पीएफ का पैसा नहीं मिलने की बात कही, साथ ही किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलने की बात कही। जिसपर अध्यक्ष महोदय ने नगर पंचायत डोमचांच के कार्यपालक पदाधिकारी को एजेंसी से समन्वय स्थापित कर सफाई कर्मियों का पीएफ का पैसा भुगतान करने का निर्देश दै। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मियों का पीएफ, ईएसआई के भुगतान से संबंधित निर्देश दिये और आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पीएफ, ईएसआई का भुगतान नहीं करने पर वैसे एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने को कहा गया। सफाई कर्मियों ने समय पर मानदेय भुगतान करने की मांग को रखा। जिसपर अध्यक्ष महोदय ने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को बाह्यस्रोत के रूप में कार्यरत कर्मियों का समय पर उपस्थिति भेजने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें समय पर मानदेय का भुगतान हो सके।

## मिश्रौल टेकठा फुलवरिया के ग्रामीणों के साथ कंपनी का वर्ता विफल



**चतरा।** टंडवा के मिश्रौल, फुलवरिया, टेकठा के ग्रामीणों का एक बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एके लॉजिस्टिक कंपनी के कमर्शियल मैनेजर सौरभ झा कोलवासरी व ट्रांसपोर्टिंग सड़क से संबंधित ग्रामीणों के साथ सहमति हेतु बैठक में शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों का मांगो से वो मुकर गये और मौखिक तौर पर ग्रामीणों को अपनी कंपनी का प्रपोजल के बारे में सांत्वना देने लगें। उपस्थित ग्रामीणों ने मौखिक रूप से बातों को मानने से साफ इन्कार कर दिये। और लिखित रूप से ग्रामीणों के समक्ष पेश करने को कहा गया। ताकि हम सभी लोग अच्छे से समझ सके और आपको सहयोग कर सकें। साथ ही सैकड़ो ग्रामीणों ने मुख्य बातो को जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी कोई भी कार्य करने से पहले फुलवरिया, टेकठा, मिश्रौल के समस्त ग्रामीणों का संयुक्त बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा गांव में लोगों को फोड़ कर गिने चुने लोग के साथ मिलकर कार्य करने कंपनी के दलालों को ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया। बैठक में जेएमएम के सिमरिया विधानसभा के भावी प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा, बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह, मिश्रौल मुखिया सुबेश राम, टंडवा उतरी जिला परिषद सदस्या देवनती देवी, उप प्रमुख टंडवा पप्पू सिंह, तेलयाडिह मुखिया महावीर साहु, रामनगिना सिंह, पुर्व मुखिया प्रयाग राम ,आंनद तिवारी, संजीव तिवारी, अजय सिंह, उमेश पाठक, नरेश यादव, देवा भोक्ता, रामजान मिंया, अजय तिवारी, लक्ष्मण उरांव, संजय तिवारी, गणेश तिवारी सोमर भोक्ता, गणेश गंझु, एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बिजली के शार्ट सर्किट से महादलित बस्ती में लगी आग, आपदा मित्रों के द्वारा किया गया बचाव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत के वार्ड नंबर 3 महादलित बस्ती में श्यामदेव राम के घर में तड़के दोपहर बिजली के शॉर्ट सर्किट हो जाने से आग लग गई। आग लगी की खबर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा को मिली। सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्रशिक्षण प्राप्त पंचायत स्तरीय आपदा मित्रों के टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आग को बुझाने में सहयोग किया। डॉ मिश्रा ने बताया कि पंचायत में प्रशिक्षण प्राप्त कर आए हुए आपदा मित्रों के रहने से आपदा से संबंधित घटनाओं पर बहुत बड़े नुकसान को कम करने क्षति को कम करने और तुरंत घटनाओं को काबू करने में उनसे काफी सहयोग मिल रहा है। जिस तरह से आज की घटना की सूचना मिली घनी आबादी होने और आसपास फूस और झोपड़ी के घर होने की वजह से एक बहुत बड़े घटना का अंदेशा था। लेकिन प्रशिक्षित आपदा की टीम ने अपने प्रशिक्षण में सिखाए गए ज्ञान का प्रयोग करते हुए आग ससमय काबू में कर लिया। आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। आपदा मित्रों की टीम में अभिजित मिश्रा, अभिनंदन कुमार, दुर्गेश कुमार, हरिओम शुक्ला ने पहले बिजली को काटने का काम किया, फिर आग को बुझाया। इस अवसर पर अभय उपाध्याय, गोविंद कुमार प्रह्लाद चौधरी,मोतिलाल राम, ब्रिजेश राम, धुरंधर यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### राजपुर में लगा तीन दिवसीय कैम्प, पहले दिन 266 दूसरे दिन 100 आवेदन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत भवन में शुक्रवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का कैम्प के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया। इस कैम्प में पहले दिन करीब 266 दूसरे दिन 100 आवेदन प्राप्त किए गए । कृषि समन्वयक पहलाद तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय कैंप का आज दूसरा दिन था। यह कैम्प 14 अक्टूबर को भी पंचायत भवन में कैंप लगाकर किसानों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। पहले दिन करीब 266 आवेदन प्राप्त किया गया। वही किसान सलाहकार सोनू कुमार तिवारी ने कहा कि पंचायत के सभी किसान जो किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे है ओ कैम्प में आकर अपना भौतिक सत्यापन करा लें। मौके वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रत्नेश मिश्र, अरविंद चौरसिया, किसान धनंजय यादव, राज राम चौरसिया, अमरीका भगत, सुरेश कुमार रामू चौबे,आदि उपस्थित थे।

### आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य अभिलंब रोकते हुए सुयोग्य स्थल पर निर्माण कराने के लिए किया गया मांग

**सतगावां से कौशल पाण्डेय ।** सतगावां प्रखंड के अंतर्गत मीरगंज पंचायत में शुक्रवार को झारखंड छात्र मोर्चा जिला समिति अध्यक्ष अखिलेश कुमार ,कोडरमा सह मानवाधिकार सदस्य के द्वारा एक लिखित आवेदन देकर कोडरमा उपायुक्त से जिला के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां मीरगंज पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 88 जो की 10+2 प्रोजेक्ट हाई स्कूल मीरगंज के पीछे आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य करने की प्रक्रिया की जा रही थी।वही नन्हे मुंहे बच्चों के लिए वह स्थान योग्य नहीं है। यह स्थल गांव से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है।वह स्थान हमेशा नक्सल प्रभावित रहा है। इतनी दूर होने से रास्ते में जंगली जानवर से लेकर आसामाजिक तत्वों के साथ ही साथ रोड एक्सीडेंट का भी डर बना रहेगा। वहां आंगनबाड़ी बनने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।जिससे पंचायत मीरगंज के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 88 में पढ़ने वाले बच्चों अभिभावक एवं ग्रामीणों काफी डरे और सहमे हुए हैं। नन्हे मुन्हे बच्चों का भविष्य का सवाल है। जिसे एक बार आंगनबाड़ी भवन निर्माण हो जाने से वर्षों पठन-पाठन का कार्य संचालन होना है वहीं जिस स्थल पर भवन निर्माण कार्य प्रारंभ की जा रही है।इससे पहले भी ग्रामीणों के द्वारा एक सप्ताह पहले लिखित आवेदन उपायुक्त महोदय को देकर शिकायत की थी।लेकिन उस पर किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया है ।कार्य आरंभ कर दिया गया है। जो बिल्कुल ही अयोग्य स्थल है। वही अखिलेश कुमार के द्वारा उपायुक्त से निवेदन पूर्वक कहा गया कि जहां भवन निर्माण कार्य प्रारंभ की जा रही है अभिलंब रोकते हुए विधिवत्त सुयोग्य स्थल का चयन कर आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराया जाय। वही कोडरमा उपायुक्त के साथ ही साथ आवेदन की प्रतिलिपि झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड सरकार समाज कल्याण मंत्री ,रांची उप विकास आयुक्त कोडरमा , जिला परिषद अध्यक्ष को दिया गया है।

### जलालपुर थानाध्यक्ष ने स्कूलों का किया निरीक्षण कहा- पुलिस आपका मित्र है



**दैनिक शुभ भास्कर, छपरा/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह ।** मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जलालपुर थानाध्यक्ष द्वारा बच्चों में जागरूकता लाने की पहल की गई है। थानाध्यक्ष ने जलालपुर कोपा रोड में चल रहे तमाम स्कूलों एवं कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। वही निरीक्षण के क्रम में कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे बच्चों से कहा कि पुलिस को देखकर आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस आपकी मित्र है। उन्होंने स्कूल में भी पहुंच कर बच्चों से बातचीत की। बच्चों के अंदर का डर दूर करने के लिए उन्हें थाने आने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए हमेशा तैयार है। आप लोग मन लगाकर पढ़े और अपने मां-बाप का नाम रौशन करें। उन्होंने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि आपको कोई परेशान कर रहा है, तो आप बिना हिचक पुलिस को सूचना दें और तत्काल 112 नम्बर अपने फोन से डायल कर पुलिस को सूचना दे। बिना आपकी पहचान को उजागर किये। अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को अपने बीच देखकर बच्चे काफी खुश नजर आए।

**परेशानी** साठी पंचायत अंतर्गत परसौनी गांव जहां आजकल समस्याओं का अंबार लगा हुआ है

# वर्षा की पानी से मुख्य सड़क ध्वस्त होने से आवागमन में हो रही हैं काफी परेशानी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, विनोद कुमार बेतिया ।** लौरिया प्रखंड के साठी पंचायत अंतर्गत परसौनी गांव जहां आजकल समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जहां एक तरफ साठी पंडई पुल से पूर्व जाने वाली पक्की सड़क जो लगभग आधा दर्जन पंचायत को जोड़ती है पुल से मात्र 20 फीट की दूरी पर सड़क ही आधा दास गई है बारिश के पानी के बहने के चलते सड़क आधा धस गई है जहां बराबर खतरा बना हुआ है और वाहन चालक जान जोखिम में डाल कर पार कर रहे हैं वहीं जब परसौनी गांव पहुंचते हैं तो कुछ अतिक्रमण कारीयो द्वारा सरकारी नल को मिट्टी गिरकर भर दिया गया है जिससे नला का सारा पानी सड़क पर ही जा रहा है और लगभग 50 फीट सड़क टूट गई है वो तो शुक्र है जिलाधिकारी महोदय का कि पिछले सप्ताह भभटा गांव में जन संवाद कार्यक्रम लगा था जिलाधिकारी महोदय को इस सड़क से वापस आना था पंचायत के मुखिया ने आनन फानन में ईंट का टुकड़ा गिराकर सड़क को चलने लायक बना दिया फिर बारिश हुई तो क्या कहना बदबूदार पानी में गिरकर लोग अपना हाथ पैर तोड़ रहे हैं यह सड़क पंडई पुल से निकलकर सोमगढ़ पंचायत भभटा भेडिहरवा रूपवलिया आदि पंचायत को जोड़ता है तथा आगे नरकटियागंज बलथर मुख्य मार्ग तक जाता है लेकिन कतिपय अतिक्रमणकारियों द्वारा नाला भर देने से सारा नला का पानी सड़क पर ही जा रहा है जिससे आम जनता परेशान है इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार ने कहा कि सरकारी नला का भरना कानूनी अपराध है इस मामले की जांच कर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी वहीं पंचायत के मुखिया पति वीरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सरकारी नला का अतिक्रमण करना अपराध है उन्होंने चिन्हित कर वरीय पदाधिकारी को सुचित किया जाएगा वही इस संदर्भ में अंचलाधिकारी लौरिया शशि रंजन कुमार के दूरभाष पर संपर्क करने पर उनसे बात नहीं हो सकी जिसे उनका पक्ष नही मिल पाया।

# मधुबनी में जन सुराज का पदयात्रा को सफल बनाने हेतु चलाया जा रहा है जन संपर्क अभियान



**मधुबनी संवाददाता ।** मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा सेवक ने बिस्फी में जन सुराज के पदयात्रा को सफल बनाने हेतु बिस्फी के चौपाल टोल में लोगों से जन संपर्क स्थापित किया। जन संपर्क के दौरान पुरुष एवं महिलाओं के बीच जन सुराज के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को जनसुराज से जुड़ने का आह्वान किया साथ ही जनसुराज में और लोगों को जोड़ने पर भी बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार हर महाज पर नाकाम साबित हुई है । बिहार में अशिक्षा बेरोजगारी बदहाली गरीबी युवाओं के पलायन चरम सीमा पर है ,महंगाई आकाश छू रही है । महिलाओं ने कहा कि अब हम लोग सिलेंडर के जगह लकड़ी,पत्ता,जलावन आदि से खाना बनाने पर विवश हैं । गरीबऔर असहाय को इंदिरा आवास नहीं मिलता और मिलता भी है उसके लिए भारी भरकम रकम चुकानी पड़ती है। मंजूर आलम ने कहा कि अगर बिहार को सशक्त समृद्ध और सुंदर राज्य बनाना हैं तो एक बार आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व को अपना समर्थन दें।निश्चित रूप से बिहार में शिक्षा मैं सुधार प्रत्येक पंचायत में कम से कम 12000 से 15000 रुपए तक का रोजगार बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलना शुरू हो जाएगा और आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी का यही संकल्प और वादा भी है। बैठक में राम प्रसाद दास, पचकौरी चौपाल, रंजीत दास, बाबूजी चौपाल, रामसेवक यादव, विनोद यादव, गणेश साह, पूनम देवी, कांति देवी शशि देवी एवं सरिता देवी आदि उपस्थित हुए, सभी ने जन सुराज के प्रति आस्था जताते हुए जन सुराज की प्रशंसा की और साथ ही प्रशांत किशोर जी का साथ देने का वादा भी किया।मंजूर आलम ने अंत में सभी से आग्रह किया कि आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के साथ सीतामढ़ी में चल रहे जनसुराज पदयात्रा का भी हिस्सा बने और इसी अक्टूबर महीना के अंत तक मधुबनी में पदयात्रा का आगमन है उसमें प्रशांत जी के साथ कदम से कदम मिलाकर जनसुराज के उद्देश्यों को पूरा करने में सहयोग और समर्थन दें।

## ख़ास ख़बर

### सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा में स्कूली बच्चियों के बीच 400 साइकिलों का किया वितरण



**हज़ारीबाग** । सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा में शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की जयंती व अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर केयर टुडे के माध्यम से नव भारत जागृति केंद्र के तत्वावधान में स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद जयंत सिन्हा जी के क्षेत्र के 4 विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के बीच 400 साइकिलों का वितरण किया व सभी बच्चियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस साइकिल वितरण कार्यक्रम के लिए एक साइकिल बैंक का भी गठन किया गया है, जो क्षेत्र की बच्चियों को अगले 10 साल तक उनके स्कूल आवागमन में असुविधा को खत्म करने में लिए साइकिल प्रदान करेगा। जब बच्चियां अपनी 10 वीं की परीक्षा पास करेंगी, वे अपनी साइकिल को स्कूल में जमा कर देंगी ताकि आगामी भविष्य में बाकी बच्चियों को भी इसकी सुविधा मिल सकें। इस अवसर पर जयंत सिन्हा जी ने उदार रूप से स्त्री शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने का समर्थन किया और बच्चियों को उनके शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह साइकिल वितरण कार्यक्रम से उन बच्चियों को सहायता प्रदान की गई है, जो सुदूर इलाकों से स्कूल आया करती हैं। हम समय समय पर उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार से साइकिल वितरण का कार्यक्रम करेंगे। बेटियों को शिक्षा और स्वतंत्रता का अधिकार है और इस कार्यक्रम के तहत मिली साइकिल उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद कर सकती है। यह कदम उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। जयंत सिन्हा ने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम हजारीबाग लोकसभा को झारखंड में नारी सशक्तिकरण व नारी शिक्षा का केंद्रबिंदु बनाना चाहते हैं। इसी दिशा में हम पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत हैं। यह साइकिल वितरण कार्यक्रम इसी लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास है। सभी स्कूली छात्र व छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए हम हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं।

### पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर हजारीबाग**। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल द्वारा जिला हजारीबाग के सदर प्रखंड में पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे प्रशिक्षण दल के रूप में राज्य स्तर से प्रशिक्षक अजीत कुमार सिंह इंप्लीमेंटेशन इंजीनियर,शाहिद आलम, जिला परियोजना प्रबंधक, धनबाद, राज कुमार मंडल, जिला परियोजना प्रबंधक, हजारीबाग एवं प्रखंड समन्वयक सदर, सुनील कुमार द्वारा उपस्थित प्रतिभागी उप प्रमुख सदर, परिषद सदस्य सदर, सभी प्रखंड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद,हजारीबाग सभी मुखिया सदर प्रखंड, हजारीबाग, सभी पंचायत सचिव, सदर प्रखंड एवं वीएलई को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया पंचायत विकास सूचकांक योजना पर कार्य किया जाना है जिसमें अलग-अलग तरीके के डाटा का संग्रह सभी लाइन डिपार्टमेंट से मिलकर किया जाना है एवं पीडीआई पोर्टल पर अपलोड किया जाना है ताकि पंचायतों में विकास की गति तेज हो।

### आपदा जोखिम के बढ़ते खतरों को न्यूनतम करने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है



**मोतिहारी ,चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । जिले के जाने-माने समाजसेवी एवं जयप्रकाश नारायण के वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक रहे अमर ने प्राकृतिक परिवर्तन को गंभीरता से लेते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया के अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण की दिशा में सरकार प्रशासन समाज और समुदाय को मिलकर पूरी शिद्दत और संवेदनशीलता के साथ मानव निर्मित प्राकृतिक और जलवायु के कारण लगातार आपदा जोखिम के बढ़ते खतरों को न्यूनतम करने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है बीते 9 महीना में देश और दुनिया के स्तर पर अनेक प्रकार के आपदाओं का सामना लोगों के लिए मुसीबत का पहाड़ करने का काम किया है दूसरी ओर अपनी बादशाहत को कम करने के लिए दुनिया के कई देश एक दूसरे के मुल्कों पर ताबड़तोड़ बदामबाड़ी मिसाइल हमले पूरी मानवता के लिए खतरे उत्पन्न करने में लगी है युद्ध के मुहाने पर खड़ा विश्व को शांति की दिशा में मोड़ने और जलवायु परिवर्तन के कारण गर्म होती दुनिया के वातावरण को सामान्य बनाने की दिशा में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है ।

# मेले के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर होगी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गापूजा मनाने हेतु विधि व्यवस्था के उचित संधारण हेतु प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी एवं अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय के अलावा अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विभिन्न थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े अहम बिंदुओं पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने विमर्श कर अधीनस्थ अधिकारियों को कई स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा दशहरा पर्व को संपन्न कराना हमारा प्रमुख दायित्व है, इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी के द्वारा किसी भी स्तर से चूक होने पर वैसे अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठभाव से करेंगे। बैठक में बताया गया कि मेले को लेकर चप्पे चप्पे पर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, महिला एवं पुरुष बल सशस्त्र एवं लाठी बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर एवं मेले में चौकस रहने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी थाना क्षेत्र में खासकर संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च निकालने के लिए निर्देश दिया गया। वहीं दुर्गा पूजा के अवसर पर मेला के दौरान विधि व्यवस्था के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि पूजा पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगा रहना चाहिए, हाई मास्क लगा होना चाहिए साथ ही प्रवेश एवं निकास के लिए अलग अलग गेट होने चाहिए ताकि भीड़ बढ़ने पर किसी प्रकार का अराजकता न फैले। उन्होंने सभी लाइसेंसधारी एवं गैर लाइसेंसधारी पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन कर तमाम व्यवस्था का जांच कर बिजली, भवन एवं फायर विभाग के एनओसी, सीसीटीवी, वॉलंटियर आदि अनिवार्यता सुनिश्चित करने हेतु सभी पूजा समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को सभी पूजा कमिटी के व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ने का निर्देश दिया ताकि आवश्यक जानकारी मिल सके। वहीं प्रतिमा विसर्जन एवं जुलूस को लेकर भी उपायुक्त ने निर्धारित मार्गों का भौतिक रूप से जांच करने का निर्देश दिया एवं कहीं कोई कमी है तो उसे अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं ग्रीन प्रतिमा विसर्जन हेतु आवश्यक पहल करने एवं कम प्रदूषण फैलाने वाले पंडालों को पुरस्कृत करने का भी निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे आयोजनों के दौरान किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैले, इसके लिए सोशल मीडिया साइट व्हाट्सएप, फेसबुक, लिंकेडिन, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब आदि पर सतत निगरानी रखेंगे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा साथ ही मेला के दौरान किसी भी पूजा पंडाल में अश्लील गीत नहीं बजे इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो वैसे लोगों को चिन्हित कर विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगे एवं अगर कोई उन्माद फैलाने की कोशिश करता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

### ढाई आखर प्रेम पदयात्रा मोतिहारी शहर में पहुंची



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । "ढाई आखर प्रेम का राष्ट्रीय सांस्कृतिक जत्था बापू के पदचिह्न पर पदयात्रा करते हुए आज मोतिहारी शहर पहुंच गया। प्रेम, बंधुत्व, समानता, न्याय और मानवता के गीत गाते कलाकारों ने आमजन को जीवन से प्रेम करने और सबके लिए सुन्दर दुनिया बनाने का संदेश दिया। बिहार इप्टा के महासचिव फीरोज अशरफ खां भी आज की पदयात्रा में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि बापू के पदचिह्नों पर प्रेम के ढाई आखर की बात करने हम कलाकार, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता आपके बीच हैं। उन्होंने कहा कि हम समाज के तौर पर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं, वैसे- वैसे हममें दूरियाँ भी बढ़ती जा रही हैं. दूरियाँ बढ़ाई भी जा रही हैं. हम जो एक ताना-बाना में बुने हुए थे, उसे ख़त्म करने की कोशिश हो रही है. नफ़रत बढ़ाने वाले लोग बढ़ रहे हैं. हमारे टेलीविज़न चैनलों और मोबाइल पर दूरी पैदा करने वाले झूठ, नफ़रती कार्यक्रम, वीडियो और संदेश दिन-रात आ रहे हैं. वे हमें साथ रहना नहीं सिखाते. वे लड़ना सिखाते हैं. हम यहाँ लड़ने या लड़ाने की बात करने नहीं आए हैं. लखनऊ उत्तर प्रदेश से शामिल हुए वरिष्ठ पत्रकार और जेंडर कार्यकर्ता नसीरुद्दीन ने कहा कि हम बापू के पदचिह्नों पर चलने की कोशिश कर रहे हैं. बापू के पदचिह्न यानी बापू के बताए रास्तों को खोजने और उन पर चलने की कोशिश कर रहे हैं. बापू के पदचिह्न पर चलने का मतलब, सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव की राह पर चलना.महात्मा गांधी को याद करते हुए झारखण्ड से पदयात्रा में शामिल हुए इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेन्द्र ने कहा कि बापू अपने को हिन्दू मानते और खुलकर कहते थे.

# 61 पीड़ितों की समस्या को जिला पदाधिकारी ने सुना




**मोतिहारी अशोक वर्मा** । जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 61 आवेदन कर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई । प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मवत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व आदि विभाग के आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जिला पदाधिकारी ने सभी के समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी, खास करके जो वरिष्ठ नागरिक शिकायत लेकर आए थे उनको उन्होंने अधिक महत्व दिया और उनके हर समस्या को सुनकर यथाशीघ्र निदान का आश्वासन दिया। गौर तलब है कि इस तरह का जनता दरबार पूर्व मे भी लगते रहे हैं लेकिन कितने लोगों के समस्याओं का समाधान हुआ अपने आप में प्रश्न छोड गया है। होना यह चाहिए कि जिला प्रशासन सभी के समस्याओं को सुनकर एक समय सीमा में इसका निष्पादन करने का अगर आश्वासन देता तो यह आम लोगों के लिए काफी सुकून वाली बात होती। सरकारी कार्यालयो की प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि लोग हार-थक कर बैठ जाते हैं। जिले के अंदर जन शिकायत कोशांग कार्यालय भी है, कार्यालय में सरकारी शिथिलता, उदासीनता आदि की शिकायत की जाती है ।

# संसदीय स्थाई समिति के द्वारा गठित समिति ने सांसद को मिल रहे



**दैनिक भास्कर हज़ारीबाग**। हजारीबाग लोकसभा के माननीय सांसद जयंत सिन्हा, अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के द्वारा गठित समिति ने सांसद को मिल रहे शहर की सड़कों की दुर्दशा के समाचारों से व्यथित होकर संबंधित विभागों से सड़कों को दुरुस्त करवाने हेतु विभाग के पदाधिकारी से मिलकर समस्या के समाधान हेतु पहल करने का निर्देश दिया।सांसद के निर्देशानुसार पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सुभाष प्रसाद जी से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सड़क से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु करने हेतु एक मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र पर चर्चा करते हुए सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार ने कहा कि पी डब्लू डी चौराहे पर चौराहे के चारों तरफ आने-जाने वाली सड़कों पर गतिरोध बनाना अति आवश्यक है। गतिरोध नहीं होने के कारण आए दिन चौराहे से गलत दिशा की ओर से आसानी से निकलने के क्रम में अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार होकर जान माल की छाती उठा रहे हैं। उनके इस प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए कार्यपालक अभियंता ने उन्हें विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सांसद महोदय ने जो सुंदर स्वच्छ हजारीबाग शहर के लिए रोड मैप बनाया है, उसी के तहत हम लोग काम कर रहे हैं। उन्होने आगे बताया की भारत माता चौक से लेकर नया तथा पुराना बस स्टैंड होते हुए जिला डिस्ट्रिक्ट बोर्ड मोड़ से होते हुए नगवां फोरलेन तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसकी स्वीकृति अपने अंतिम चरण में है। फोर लेन निर्माण के क्रम में भारत माता चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, डिस्ट्रीक बोर्ड चौक एवं नगवां फोरलेन चौक तक सुंदरीकरण कर चौराहे का निर्माण भी किया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने आगे बताया कि पी डब्लू डी चौक से नीलांबर पीतांबर चौक होते हुए संत कोलंबस कॉलेज मोड तक एवं नीलांबर पीतांबर चौक से कोर्रा चौक तक सड़क की चौड़ीकरण करते हुए सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर का भी निर्माण किया जाएगा। साथ ही नीलांबर पीतांबर चौक का भी सुंदरीकरण किया जाएगा। सड़क निर्माण हो जाने से आम नागरिकों को जाम से राहत मिल जाएगी। यातायात व्यवस्था काफी सुगम हो जाएगी। सांसद जयंत सिन्हा जी के निजी सचिव हिमांशु कुमार ने हरहद से हुपाद भाया बेस रेशम तक सड़क की दुर्दशा पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि इस सड़क पर आवागमन की काफी समस्या रहती है। खराब सड़क रहने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उनकी मांग पर कार्यपालक अभियंता ने उन्हें आश्वासन दिया की सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूती करण के साथ सड़क निर्माण का कार्य जल्दी ही प्रारंभ किया जाएगा। शहर के सुंदरीकरण पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि डीवीसी चौक से अटल चौक होते हुए मटवारी बाबू गांव कोर्रा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही हजारीबाग परिसदन भवन से एस पी कोठी होते हुए कन्हरी पहाड़ के बगल से होमगार्ड चौक तक सड़क का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण का कार्य भी प्रस्ताव सरकार के पास प्रस्ताव भेजा दिया गया है।

### इजराइल क्रूरता की सारी हदें पार कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र को बिना देर किए हस्तक्षेप करना चाहिए



**किशनगंज, (अली रेज़ा सिद्दीकी)**। अपनी ज़मीन को ज़ालिमों से आज़ाद कराना आतंकवाद नहीं बल्कि अधिकार है और इस अधिकार की लड़ाई में फ़िलिस्तीन सक्रिय है।इस अधिकार की लड़ाई में सभी मानवतावादी और न्याय पसंद लोगों को चाहिए कि वह फिलिस्तीन का समर्थन करें। मजलिस इत्तेहादूल मुस्लिमीन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष और विधान सभा सदस्य अख्तरूल ईमान ने आज किशनगंज दौरे पर उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि 1948 से इजराइल के कब्जे के बाद, भारत की विदेश नीति हमेशा फिलिस्तीनियों के प्रति सहयोगी और सहानुभूतिपूर्ण रही है। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक, सभी ने फिलिस्तीनियों के प्रति प्रेम और एकजुटता व्यक्त की है। साथ ही इन सभी ने इजराइल को फिलिस्तीन की जमीन पर अवैध और दमनकारी कब्जा करने वाला देश माना है। किसी ने भी फ़िलिस्तीन का विरोध और इज़रायल का समर्थन नहीं किया है, क्योंकि ऐसा करना अधिकार और न्याय का स्पष्ट उल्लंघन है। श्री अख्तरूल ईमान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि मोदी सरकार ने उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों की आजादी के संघर्ष को आतंकवाद करार दिया है और कहा है कि वह मुसीबत की इस घड़ी में इजराइल के साथ खड़ी है. इस तरह का पक्षपातपूर्ण और अनुचित बयान एक लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण देश के लिए अशोभनीय है। मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन इस बयान की कड़ी निंदा करती है। श्री अख्तरूल-ईमान ने कहा कि 1943 में जब हिटलर ने यहूदियों को मार डाला और उन्हें जर्मनी से भगा दिया, तो वे एक जहाज में इकट्ठा होकर भाग निकले और फ्रांस, क्यूबा, कनाडा आदि कई देशों में शरण की भीख मांगी, लेकिन किसी ने उन्हें शरण नहीं दिया। ऐसे में फिलिस्तीन को उन पर दया आ गई और उन्होंने उन्हें अपनी जमीन पर आश्रय दे दिया। लेकिन यह यहुदी इतने अत्याचारी और एहसान फरामोश हैं कि 1948 में उन्होंने इसके कुछ हिस्सों पर कब्ज़ा कर लिया और एक नया देश "इज़राइल" घोषित कर दिया और अमेरिका ने इस नाजायज़ और अत्याचारी देश का समर्थन किया। इसलिए इजराइल ने फिलीस्तीनियों को उनके ही देश में दबंगई के जरिए खदेड़ना शुरू कर दिया और उन पर जुल्म और अमानवीय अत्याचार के पहाड़ तोड़ना जारी रखा. लाखों फिलीस्तीनियों को मार डाला और लाखों को विस्थापित कर दिया और आज 80% फिलीस्तीन पर कब्जा किये बैठा है। एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि इजरायल 75 साल से फिलिस्तीनियों पर आग और खून की बौछार कर रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब कोई किसी के देश पर कब्ज़ा कर लेता है और जुल्म और जुल्म का पहाड़ तोड़कर पूरी आबादी को खत्म करता है, और ईसके विरूद्ध जब कोई स्वाभिमानी राष्ट्र अपने देश की सुरक्षा और आज़ादी के लिए लड़ता है, तो क्या उसे आतंकित किया जाना चाहिए? क्या उसे आतंकवादी कहा जाएगा? यह पूरी तरह से क्रूरता और अन्याय है.' मजलिस इत्तेहादुल-मुस्लिमीन फ़िलिस्तीनियों के उत्पीड़न और फ़िलिस्तीनियों के उत्पीड़न की कहानी से अवगत है, इसलिए वह फ़िलिस्तीनियों के साथ खड़ी है और इज़रायल के कब्ज़े, लगातार हत्याओं और आतंकवाद के साथ उसकी विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ है। मजलिस इत्तेहादुल-मुस्लिमीन भारत सरकार से मांग करती है कि वह हड़पने वाले और अत्याचारी इजराइल के लिए अपना समर्थन वापस ले और भारत की पिछली नीति के अनुसार फिलिस्तीनियों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की घोषणा करे। इस बीच, एमआईएम के बिहार प्रदेश महासचिव इंजीनियर आफताब अहमद ने अरब शासकों की आपराधिक चुप्पी और लापरवाही के लिए कड़ी निंदा की है। और कहा है कि यह संदेश उन लोगों के लिए है जिन्होंने अपने लोगों की इच्छा के खिलाफ इजराइल के साथ संबंध स्थापित किए हैं या भविष्य में ऐसा करने का इरादा रखते हैं। इंजीनियर आफताब अहमद का कहना है कि अरब शासक अपने निजी हित के लिए तेजी से काम कर रहे हैं और फिलिस्तीनियों के आंदोलन को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए उन्हें अपनी नापाक महत्वाकांक्षाओं को रोकना होगा, अन्यथा इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। श्री अख्तरूल ईमान ने आगे इस बात पर जोर दिया कि इजराइल जिस क्रूर हिंसा के साथ फिलिस्तीनियों पर बम बरसा रहा है, वह पूरी मानवता के लिए बेहद शर्मनाक है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र को बिना देर किए हस्तक्षेप करना चाहिए और इजराइल की बमबारी को रोकवाना चाहिए।

### स्थानीय लोगो ने डी आर एम हटिया डिवीजन से मिलकर अपने माँग पत्र को सोपा



**दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़** । चितरपुर बड़कपोना रेलवे स्टेशन फुट ओवर ब्रिज का जो कार्य चाल रहा है एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म की और कार्य चल रहा है पर इसमे आम जनता की समस्या ये है प्लेटफार्म को चार दिवारी से भी घेरा जाएगा इसमे आम जनता को काफि समस्या का सामना करना पड़ेगा और साथ ही मे प्लेटफार्म के अंदर कार्य जो चल रहा है प्लेटफार्म के बाहर से उस कार्य को जोड़ा जाए ताकि स्थानीय लोगों को आसानी का सामना करना पड़े इसको लेकर DRM हटिया डिवीजन से मिलकर अपने माँग पत्र को सोपा जिसमे झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष सहजादा अनवर वाइस चेयरमैन झारखंड अल्पसंख्यक ज्योति सिंह मिथारू , दिलावर खान, जाहिद अनवर (सोनू), शेख सहबाज उल्लाह, सैफ अनवर, एहसान उल्लाह, राहत खान,फरहान ताहिर, असगर अली, तोफीक अहमद आदि लोग मौजुद थे ।

**आयोजन** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों से कुल 40 टीमें ले रही हैं हिस्सा

# कर्णपुरा की धरती पर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का दिखा रोमांच



**हजारीबाग**। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट-2003 का आयोजन पहली बार जिले के केरेडारी प्रखंड में भी आयोजित किया गया। शुक्रवार को केरेडारी प्रखंड के कृषि फार्म मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का भव्य और विराट आगाज़ हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मांडू के विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल और विशिष्ट अतिथि के रुप में सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और केरेडारी प्रखंड क्षेत्र से पहुंची कई फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर टूर्नामेंट का विधिवत् उद्घाटन किया। इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्थानीय भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं, टूर्नामेंट संचालक को और स्थानीय आम जनों ने केरेडारी चौक पर ढोल- तासे के साथ और फुटबॉल खिलाड़ियों ने आकर्षक नमो जर्सी से लैस होकर हाथों में तिरंगा, नमो और भाजपा झंडा लहराते हुए नारे जयकारे के साथ मैदान प्रवेश कराया। मैदान में पहुंचने पर सभी अतिथियों का अच्छा स्थानीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति के द्वारा अंग- वस्त्र वेट कर और फूल माला पहनाकर अभिनंदन व स्वागत किया गया। मंच पर मां भारती, भाजपा के आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हें नमन भी किया । केरेडारी में पाली बार आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 में केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों के कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट का पहला मैच पटेल स्पोर्टिंग क्लब, खपिया (बुंडू पंचायत) बनाम संगम स्पोर्टिंग क्लब, लाजिदाग (मानतु पंचायत) के टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में निर्णायक रेफरी की भूमिका में ज्ञानी कुमार साव, दीपक दीना और लाइंसमेन के रूप में अरविंद दास, नीतीश कुमार दास, मो. क़ासिम और विकास कुमार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं । मौके पर बट और मुख्य अतिथि फुटबॉल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मांडू के विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र में खेल की नई क्रांति नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से लाई है। हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में के प्रति एक नया जुनून आया है और इसमें विधायक मनीष जायसवाल का सरहनीय योगदान है।

# केएमसीएच में 72 घंटा से पड़ी इनकम टैक्स के खिलाफ़ भड़की राजद



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा**। कार्यकर्ता शहर के शहीद चौक पर संगठित हो कर इनकम टैक्स सहित केन्द्र सरकार से जुड़ी जांच एजेंसियों एवं मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारा लगा रहे थें। विरोध प्रदर्शन का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इशरत परवीन ने किया जबकि संचालन जिला प्रधान महासचिव बिनोद साह ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व राज्य मंत्री प्रो राम प्रकाश महतो प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल प्रदेश सचिव अब्दुल गनी सुदामा सिंह निषाद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय यादव मनिहारी के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव भोला पासवान शामिल थें।विरोध प्रदर्शन के उपरांत लाखो यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार राजद के नेताओं के खिलाफ़ साजिश कर फंसाना चाहती है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होने कहा कि हर साल राजद के राज्य सभा सांसद डॉ अहमद अशफ़ाक करीम को केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कभी सीबीआई ईडी तो कभी इनकम टैक्स के द्वारा केन्द्र में बैठी मोदी सरकार झूठे मुकदमें में फंसाने की कोशिश कर रही है जबकि हर बार सांसद डॉ करीम निर्दोष साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर राजद प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल ने कहा कि अल करीम विश्वविद्यालय कटिहार का विश्व मानचित्र पर पहचान है। कटिहार मेडिकल कॉलेज का अस्पताल सीमांचल जैसे सबसे पिछड़े इलाके में हिंदू मुस्लिम सभी जाती धर्म गरीब अमीर किसान मजदूर के लिए एम्स की तरह लोगों का लाईफ लाइन है।उन्होने कहा कि काला पानी के इस इलाके में डॉ अहमद अशफ़ाक करीम ने जो काम किया है वो ऐतिहासिक है। श्री कुणाल ने कहा कि पिछले 72 घंटों से केंद्रीय जांच एजेंसी सैकड़ों सुरक्षा बल के साथ अस्पताल में पड़ी है डॉक्टर्स स्वास्थ कर्मी छात्र छात्राएं शिक्षक सभी परेशान हैं मरीज परेशान हैं इलाज प्रभावित हो रहा है। मरीजों के परिजनों कि गाड़ी कपड़ा पर्स दवा की थैली सभी को चेक किया जा रहा है। चिकित्सक भय के वातावरण में काम कर रहे हैं।उन्होने कहा कि गांव दूर दराज से आने वाले मरीज को लेकर परिजन भयभीत हैं।उन्होने कहा कि सांसद डॉ अहमद अशफ़ाक करीम को हर साल परेशान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता मनोहर यादव युवा राजद जिला अध्यक्ष राजेश यादव प्रदेश सचिन आशु पाण्डे अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनवर आजाद जिला सचिव विनोद सिंह ललिता तिर्की राखी यादव प्रदीप साह रंजित साह अरमान राणा मंजर रमन सिंह श्रीलाल उरांव विनय यादव मजहर आलम लक्षण उरांव रामसेवक राय टिंकू सिंह अभय सिंह गुड्डू खान गोपाल सिंह चंदन यादव सोनू कुमार चन्दन साह सोनू महतो चुन्नू सिंह दिनेश कुमार सुमित यादव दीपक पासवान वाहिद अंसारी अंबू यादव घनश्याम यादव ।

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगा आज महामुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में भारत और पाकिस्तान की टीम 2-2 मैच खेल चुकी है। अब इन दोनों टीमों का अगला मैच एक-दूसरे के खिलाफ होने वाला है। आज भारत और पाकिस्तान की टीम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भिड़ेगी। भारत-पाकिस्तान के इस वर्ल्ड कप मैच पर सिर्फ भारत और पाकिस्तान के ही क्रिकेट फैन्स नहीं बल्कि पूरी दुनिया के फैन्स की नज़र रहती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच अभी तक कुल 134 वनडे मैच खेले गए हैं। इन मैचों में इंडिया ने 56 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि पाकिस्तान को 73 मैचों में जीत नसीब हुई है।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए वनडे मैचों के इतिहास में 5 मैच ऐसे रहे हैं, जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला था, जबकि आजतक एक भी मैच बराबर नहीं हुआ है।

भारत ने अपने घरेलू पिचों पर 11 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने अपने घरेलू पिचों पर खेले गए वनडे मैचों में 14 बार भारत को हराया है।

भारत ने पाकिस्तान जाकर पाकिस्तानी पिचों पर पाकिस्तान के खिलाफ 11 वनडे मैचों में जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान की टीम ने भारतीय पिचों पर भारत के खिलाफ 19 मैचों में जीत हासिल की है।



इनके अलावा न्यूट्रल वेन्यू पर भी भारत और पाकिस्तान ने बहुत सारे वनडे मैच खेले हैं। भारत ने न्यूट्रल वेन्यू पर 34 मैचों में पाकिस्तान को हराया है, जबकि पाकिस्तान न्यूट्रल वेन्यू पर 40 बार भारत को मात दी है।

# फैंस के लिए बुरी खबर ! भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का साया

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का महामुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का फॉर्म शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया था। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। इसी बीच, मौसम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।



प्रशंसकों को लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार है। एक लाख से ज्यादा दर्शक मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। सभी एक रोमांचक मैच देखना चाहते हैं, लेकिन उम्मीदों पर बारिश पानी फेर सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मैच के दौरान अहमदाबाद शहर और उत्तरी गुजरात में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है।

आईएमडी द्वारा साझा किए गए नवीनतम मौसम अपडेट के अनुसार, 14 और 15 अक्तूबर को उत्तरी गुजरात और अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा, %%गुजरात में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। 14 अक्तूबर को अहमदाबाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। अहमदाबाद में मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, आसमान में बादल छाए रहेंगे। अगले दिन अहमदाबाद और अन्य उत्तरी जिलों जैसे बनासकांठा, साबरकांठा और अरवल्ली में हल्की बारिश हो सकती है।

## दिग्गज गायक करेंगे परफॉर्म

जहां एक तरफ विश्व कप शुरू होने से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया गया था, वहीं अब भारत-पाकिस्तान मैच से पहले कार्यक्रम रखा जा रहा है। इसमें कई दिग्गज बॉलीवुड गायकों और अभिनेताओं को भी आमंत्रण दिया गया है। गुरुवार रात को बीसीसीआई ने ट्वीट कर बताया कि उस कार्यक्रम में दिग्गज गायक अरिजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और गायक-संगीतकार शंकर महादेवन भी परफॉर्म करते नजर आएंगे। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में यह तीनों गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।

# फीफा विश्व कप 2026 एशियाई क्वालीफायर में मेजबान कंबोडिया और पाकिस्तान के बीच मैच ड्रा

**फ्नोम पेन्ह।** मेजबान कंबोडिया ने फीफा विश्व कप 2026 एशियाई क्वालीफायर के पहले दौर में पाकिस्तान के साथ 0-0 से ड्रा खेला। यहां के ओलंपिक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 11,000 से अधिक दर्शक शामिल हुए। दोनों टीमें ने गोल करने के कई मौके गंवाए। दोनों टीमें अब 17 अक्टूबर को इस्लामाबाद के जिन्ना स्टेडियम में फिर आमने सामने होंगे। सितंबर की फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 177वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 197वें स्थान पर है।



# इंडियन हॉकी स्टार श्रीजेश ने केरल सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** हॉकी खिलाड़ी के दावों को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने खारिज करते हुए कहा कि वामपंथी सरकार राज्य के खिलाड़ियों को हर तरह का समर्थन एवं प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। भारतीय हॉकी खिलाड़ी पी आर श्रीजेश ने बृहस्पतिवार को केरल सरकार पर खिलाड़ियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि जब से वह चीन से लौटे हैं तो स्थानीय निकायों से भी कोई उनसे मिलने नहीं आया है। हॉकी खिलाड़ी के दावों को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने खारिज करते हुए कहा कि वामपंथी सरकार राज्य के खिलाड़ियों को हर तरह का समर्थन एवं प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

# हर कोई दर्द महसूस कर रहा है

## साउथ अफ्रिका से शर्मनाक हार मिलने पर बोले पैट कमिंस




**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका से अपनी टीम की 134 रनों की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि अगर टीम को चुनौतीपूर्ण होना है तो उन्हें सभी परिस्थितियों के अनुकूल ढलना होगा। कमिंस ने कहा कि हार के बाद हर कोई आहत है। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी हार है। वहीं, इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका अब 4 अंकों के साथ विश्व कप तालिका में शीर्ष पर आ गई है जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने दोनों मैच हारने के बाद रैंकिंग में दूसरे से नौवें स्थान पर आ गई है।

बहरहाल, कमिंस ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगा कि क्विंटन (डी कॉक) ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। हमें शुरूआत में कोई सफलता नहीं मिली। पहले हमें लगा कि हमने उन्हें 310 तक रोक लिया है। हम खुश थे कि स्कोर का पीछा किया जा सकता है। ऐसा लग रहा था कि आज रात कड़ी मेहनत की गई थी, उनके गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। रौशनी में गेंद और धीमे से आ रही थी। वहीं, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने पर कमिंस ने कहा कि यह कहना वास्तव में कठिन है, अगर हम इस टूर्नामेंट में चुनौतीपूर्ण होना चाहते हैं तो हमें पहले या दूसरे बल्लेबाजी की परवाह किए बिना प्रदर्शन करने के तरीके खोजने होंगे। मुझे नहीं लगता कि आज रात ज्यादा कुछ कहने की जरूरत है, हर कोई दर्द महसूस कर रहा है, हम कुछ दिनों की छुट्टी लेने की कोशिश करेंगे और फिर अगले दिन और मजबूत होकर वापसी करने की कोशिश करेंगे। कुछ चीजें हैं जिन्हें हमें दुरुस्त करने की जरूरत है।

मैच की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका के 312 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम कागिसो रबादा (33 रन पर 3 विकेट), केशव महाराज (30 रन पर 2 विकेट), तबरेज शम्सी (38 रन पर 2 विकेट) और मार्को यानसेन (54 रन पर 2 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 40.5 ओवर में 177 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले डिकॉक ने 109 रन, मार्करम ने 56 रन बनाकर टीम का स्कोर 311 तक पहुंचाया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम को फील्डिंग के दौरान 6 कैच छोड़ना भारी पड़ा।

# पैरा एशियाई गेम्स: 309 सदस्यीय भारतीय दल करेगा शिरकत, खेल मंत्री ने दी विदाई




**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्वकीर्तिमानधारी और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल भी इन खेलों में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इन खेलों में अपने विश्व रिकॉर्ड को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे। चौथे पैरा एशियाई खेलों में 309 सदस्यीय भारतीय दल शिरकत करने जा रहा है। हांगझोऊ में 22 से 28 अक्तूबर को होने वाले इन खेलों में 196 पुरुष और 113 महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को इन खेलों के लिए भारतीय दल को विदाई दी।

## जकार्ता में 72 पदक जीते थे

भारत ने 2018 के जकार्ता पैरा एशियाई खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य समेत कुल 72 पदक जीते थे। तब इन खेलों में कुल 190 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारत इस बार इन खेलों की 17 स्पर्धाओं और ब्लाइंड फुटबाल, रोइंग, ताइक्वांडो, कनोइंग और लॉन बाउल्स में पहली बार भाग लेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये एथलीट खेल भावना और त्याग का सच्चा उदाहरण हैं। इनका जीवन और यात्रा सभी के लिए प्रेरणा है। ये खिलाड़ी बताते हैं कि दृढ़निश्चय और कठिन परिश्रम से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। हरदीप पुरी ने कहा कि हमें विश्वास है कि हम चौथे पैरा एशियाई खेलों में इतिहास रचेंगे। विश्वकीर्तिमानधारी और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल भी इन खेलों में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इन खेलों में अपने विश्व रिकॉर्ड को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

## व्यापार

# लैपटॉप, कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस नहीं, अब मंजूरी लेनी होगी!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटरों के आयात के लिए एक नवंबर से लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जगह आयात प्राधिकार प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय को इस संबंध में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अंतिम सहमति मिलने का इंतजार है। सरकार ने अगस्त महीने में लैपटॉप, टैबलेट एवं कंप्यूटरों के आयात पर बंदिशें लगा दी थीं। यह कदम चीन जैसे देशों से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मातहत निकाय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के मुताबिक, आयात से जुड़ी बंदिशें एक नवंबर से लागू हो जाएंगी। इस अधिसूचना पर आईटी हार्डवेयर उद्योग ने कई तरह की चिंताएं जताई थीं।एक सूत्र ने कहा कि इन उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस जारी करने की जगह एक आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था के तहत कारोबारियों को आयात का मंजूरी पत्र जारी किया जाएगा। सूत्र के मुताबिक, इच्छुक कंपनी एक तय संख्या में इन उपकरणों के आयात के लिए अनुरोध करेगी और उसे इसका प्राधिकार दे दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि बदली व्यवस्था लागू होने पर डीजीएफटी तीन अगस्त को जारी अधिसूचना को लेकर एक स्पष्टीकरण भी जारी कर सकता है।

# इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में आया उछाल, 14 महीनों के हाई लेवल पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन में पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी।इससे पहले, जून, 2022 में औद्योगिक उत्पादन में सर्वाधिक 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर छह प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।



चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले साल अगस्त में इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इस दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड में इस साल अगस्त में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल अगस्त में 4.3 प्रतिशत थी।

## वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा

अगस्त में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले की अवधि में इसमें 4.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में नौ प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं के मामले में अगस्त में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल अगस्त में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन आलोच्य महीने में 12.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त महीने में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## लैपटॉप, कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस नहीं, अब मंजूरी लेनी होगी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटरों के आयात के लिए एक नवंबर से लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जगह आयात प्राधिकार प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय को इस संबंध में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अंतिम सहमति मिलने का इंतजार है। सरकार ने अगस्त महीने में लैपटॉप, टैबलेट एवं कंप्यूटरों के आयात पर बंदिशें लगा दी थीं। यह कदम चीन जैसे देशों से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मातहत निकाय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के मुताबिक, आयात से जुड़ी बंदिशें एक नवंबर से लागू हो जाएंगी। इस अधिसूचना पर आईटी हार्डवेयर उद्योग ने कई तरह की चिंताएं जताई थीं।

# भारत के सबसे अमीर डॉक्टर हैं केरल के शमशीर, संपत्ति में 68 फीसद की उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फोर्ब्स लेटेस्ट सूची के मुताबिक डॉक्टर से उद्यमी बने केरल के शमशीर वायलिल 3.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 57वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी संपत्ति 68 फीसद बढ़ गई है, जिससे वह भारत के सबसे अमीर डॉक्टर बन गए हैं। शमशीर इस सूची में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी भारतीय भी हैं। शमशीर अपनी मेडिकल पढ़ाई के बाद मिडिल ईस्ट चले गए और एक स्थानीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में काम किया। शुरुआत में अपने अमीर ससुर के समर्थन से उन्होंने 2007 में आबू धाबी में एक अस्पताल से शुरुआत की। वीपीएस दिल्ली में रॉकलैंड हॉस्पिटल चेन और कोच्चि में वीपीएस लक्षेशोर हॉस्पिटल के भी मालिक हैं। वायलिल निवेश फर्म अमानत होल्डिंग्स के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं। फोर्ब्स की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 92 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एक बार फिर सबसे अमीर भारतीय रूप में काबिज हैं। वहीं, अडानी ग्रुप के गौतम अडानी इस नई सूची में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल अंबानी को पछाड़कर अडानी पहली बार भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। जनवरी 2023 में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आई। इससे अडानी एवं उनके परिवार की कुल संपत्ति 82 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 68 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की 2023 सूची के मुताबिक भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति इस साल 799 अरब डॉलर पर स्थिर बनी रही। फोर्ब्स ने कहा, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग कर शेयर बाजार में लिस्ट होने फौरन बाद अगस्त में अंबानी ने अपने तीनों बच्चों को रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में जगह देकर अपनी उत्तराधिकार योजना को मजबूती दी। यह सूची परिवारों एवं व्यक्तियों, शेयर बाजारों, विश्लेषकों और नियामकीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के प्रमुख शिव नादर इस लिस्ट में दो पायदान चढ़कर 29.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर वापस आ आए हैं। पिछले साल एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 42 फीसद का उछाल आने से उनकी संपत्ति बढ़ी है। बिजली और इस्पात क्षेत्र में सक्रिय ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल इस सूची में चौथे स्थान पर मौजूद हैं। उनकी संपत्ति 46 फीसद बढ़कर 24 अरब डॉलर हो गई है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी सबसे अमीर भारतीयों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पिछले साल उनकी संपत्ति 27.6 अरब डॉलर से घटकर 23 अरब डॉलर हो गई।

साइरस पूनावाला 20.7 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सूची में छठे और हिंदुजा परिवार 20 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सातवें स्थान पर है। दिलीप सांघवी 19 अरब डॉलर संपत्ति के साथ आठवें, कुमार मंगलम बिड़ला 17.5 अरब डॉलर संपत्ति के साथ नौवें और शापूर मिस्त्री एवं परिवार 16.9 अरब डॉलर के साथ दसवें स्थान पर मौजूद है।

फोर्ब्स एशिया की एशिया संपत्ति संपादक एवं भारत संपादक नाजनीन करमाली ने कहा, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक निवेशकों के बीच इसे काफी पसंद किया जाता है। उस तेजी ने इस साल भारत के 100 सबसे अमीरों के विशिष्ट क्लब को और भी खास बना दिया है। इस सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम संपत्ति का कटऑफ रिकॉर्ड 2.3 अरब डॉलर हो गया है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।